या देवी सर्वभूतेषु मां ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ।।

वर्ष: 02 | अंक: 302 | अश्विन शुक्ल पक्ष : द्वितीया | कुल पृष्ठ : 12 मूल्य ₹ 05/-

# प्रदेश प्रकाश

Pradeshprakash.com

इंदौर, मंगलवार 23 सितंबर, 2025



दूसरा दिन
ब्रह्मचारिणी देवी

शुभ नव रात्रि

नवरात्रि के पहले दिन प्रधानमंत्री ने त्रिपुर सुंदरी मंदिर में की पूजा और कहा-

# नार्थ ईस्ट हमारी अष्टलक्ष्मी

### अरुणाचल का हर व्यक्ति शौर्य और साहस का प्रतीक

पीएम ने कहा यहां का अरुणाचल का हर व्यक्ति शौर्य और साहस का प्रतीक है। मैं यहां तीन वजहों से आया। पहली- आज मुझे यहां सुंदर पर्वतों के दर्शन का सौभाग्य मिला। नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा करते हैं। दूसरी वजह- आज से नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी बचत उत्सव शुरू हो रहा है। तीसरी वजह- अरुणाचल में विकास के ढेर सारे प्रोजेक्ट मिले हैं।

**ईटानगर, त्रिपुरा • एजेंसी**

नवरात्रि के घटस्थापना वाले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा के दौरे पर रहे। उन्होंने अरुणाचल के ईटानगर में 5,100 करोड़ रुपए के नए प्रोजेक्ट्स की नींव रखी। उन्होंने कहा, मेरा अरुणाचल दौरा खास बन गया है। नवरात्रि के पहले दिन मुझे इतने खूबसूरत पर्वतों का साक्षी बनने का अवसर मिला... आज नेक्स्ट-जेनरेशन जीएसटी सुधार लागू किए गए हैं। जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हुई।

उन्होंने कहा अरुणाचल को कांग्रेस ने नजरअंदाज किया। हमारा पूरा नॉर्थ ईस्ट छूट गया। जब मुझे सेवा का अवसर दिया तो मैंने कांग्रेसी सोच से देश को मुक्ति दिलाई। हमारी प्रेरणा राज्य में वोटों और सीटों की संख्या नहीं, नेशन फर्स्ट की भावना है। उन्होंने कहा- जिनको कभी किसी ने नहीं पूछा उनको मोदी पूजता है। इसलिए जिस नॉर्थ ईस्ट को कांग्रेस ने भुला दिया था वो 2014 के बाद विकास की प्राथमिकता बन गया है। हमने नॉर्थ ईस्ट में लास्ट माइल कनेक्टिविटी को अपनी सरकार की पहचान बनाया और यहां के 8 राज्यों को अष्टलक्ष्मी माना है। नॉर्थ-ईस्ट में 8 राज्य अरुणाचल, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा शामिल हैं।


अरुणाचल के बाद प्रधानमंत्री त्रिपुरा पहुंचे। उन्होंने माताबाड़ी स्थित री-डेवलप्ड माता त्रिपुर सुंदरी मंदिर का उद्घाटन कर पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में एक प्रदर्शनी को भी देखा। यह मंदिर 51 'शक्ति पीठों' में से एक है। मंदिर का पुनर्निर्माण 52 करोड़ रुपए की लागत से हुआ है।

**5100**
करोड़ के नए प्रोजेक्ट की अरुणाचल प्रदेश में नींव रखी



त्रिपुरा सुंदरी परिसर
**री-डेवलपमेंट**

| | |
|---|---|
| 52 करोड़ से ज्यादा खर्च | 07 करोड़ राज्य सरकार के |
| 03 मंजिला कॉम्प्लेक्स | 01 नया प्रवेश द्वार बनाया |



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माता त्रिपुर सुंदरी माता के दर्शन किए।

### सरकार दिल्ली बैठकर नहीं चलेगी, मंत्रियों को यहां भेजा

हमने लास्ट माइल कनेक्टिविटी को अपनी सरकार की पहचान बनाया। हमने इतना पक्का किया कि सरकार दिल्ली में बैठकर नहीं चलेगी। अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा यहां आना होगा, रात रुकना होगा। कांग्रेस सरकार के समय दो चार महीने में एकाध बार कोई मंत्री नॉर्थ ईस्ट आता था। हमारी सरकार में 800 से ज्यादा बार केंद्रीय मंत्री यहां आ चुके हैं। हमारा प्रयास रहता है कि मंत्री यहां आएं तो दूरदराज जाएं, रुककर जाएं। नॉर्थ ईस्ट मुझे दिल से पसंद है। इसलिए हमने दिल की दूरी मिटाई है।

### 10 साल में एक लाख करोड़ के प्रोजेक्ट दिए

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद 70 से अधिक बार पूर्वोत्तर का दौरा किया है, केंद्र में कांग्रेस सरकार के दौरान इस क्षेत्र की अनदेखी की गई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश को पिछले 10 साल में केंद्र से एक लाख करोड़ रुपये मिले, जो कांग्रेस शासन के दौरान मिले धन से 16 गुना ज़्यादा हैं। मुझे पता था कि दिल्ली में बैठकर पूर्वोत्तर का विकास नहीं हो सकता, इसलिए मंत्रियों और अधिकारियों को कई बार इस क्षेत्र में भेजा।

**इंदौर में रात नौ बजे बड़ा हादसा :** कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका, बचाव कार्य जारी

## रानीपुरा में तीन मंजिला मकान ढहा, 10 घायल



**• इंदौर**

इंदौर में सोमवार रात करीब सवा 9 बजे बड़ा हादसा हो गया। शहर के रानीपुरा इलाके में तीन मंजिला मकान गिर गया। इस हादसे में 10 लोग घायल हो गए। जिन्हें एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया है। धराशायी मकान के मलबे में कुछ लोग दब गए थे। जिनके पास मोबाइल था। उससे फोन पर बात कर हाल भी जाना गया।

घटना के तुरंत बाद दो जेसीबी मशीनों से मलबा हटाया गया। मौके पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही महापौर पुष्यमित्र भार्गव और भाजपा विधायक गोलू शुक्ला समेत कई जनप्रतिनिधि भी पहुंचे। घटना का पता लगते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई है। बिजली कंपनी ने इलाके की बिजली काट दी है। इससे यहां अंधेरा हो गया है। रेस्क्यू टीम ने बिजली के तारों को काटा है ताकि रेस्क्यू तेजी से किया जा सके।

### तीन मंजिला बिल्डिंग में चार परिवार रहते थे

बताया जा रहा है कि जो तीन मंजिला बिल्डिंग गिरी है, उसमें 4 परिवार के कुल 15 लोग रहते हैं। ये मकान किसी सम्मू बाबा का है, जो करीब 10-15 साल पुराना है। ये भी बताया जा रहा है कि बारिश के कारण बिल्डिंग में दरारें पड़ गई थीं। हादसे के दौरान बिल्डिंग के ज्यादातर लोग बाहर थे। इसके चलते बड़ा हादसा होने से बच गया। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि 10 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। करीब 3 लोगों के और फंसे होने की आशंका है। टीम जुटी हुई है। हमारी पहली प्राथमिकता लोगों का रेस्क्यू करना है। एमवाय अस्पताल में घायलों के लिए कैजुअल्टी के बाहर 50 से ज्यादा स्ट्रेचर तैयार रखे गए हैं। अंदर भी डॉक्टर और पुलिस की टीम मौजूद हैं।

## एक नजर

### 'प्लेन क्रैश हादसा पायलट की गलती की चर्चा अफसोसजनक'



**नई दिल्ली •** अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश में पायलट की गलती को लेकर उठ रही चर्चाओं को सुप्रीम कोर्ट ने अफसोसजनक बताया है। इसके लिए कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो से जवाब मांगा है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बैंच ने इस मामले में स्वतंत्र जांच करवाने की संभावना पर भी ध्यान दिया है। इसको लेकर एविएशन सुरक्षा एनजीओ सेफ्टी मैटर्स फाउंडेशन ने पीआईएल दायर की है। इसमें आरोप लगाया गया है कि प्रारंभिक रिपोर्ट में जरूरी जानकारी छुपाई गई।

### सुकेश केस में जैकलीन को राहत नहीं, आरोप रहेंगे : कोर्ट



**नई दिल्ली •** ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मामले में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने सुकेश से जुड़े 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले को रद्द करने की मांग की थी। यह मामला प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज किया गया है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने जैकलीन की याचिका खारिज करते हुए कहा कि अगर जरूरत हो तो वह आगे चलकर सही समय पर दोबारा कोर्ट आ सकती हैं। जस्टिस दत्ता ने कहा कि जैकलीन पर आरोप बरकरार रहेंगे।

### एमपी की उपलब्धि : संपदा 2.0 को मिला ई-गवर्नेंस अवॉर्ड



**नई दिल्ली •** डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करते हुए एमपी ने एक और उपलब्धि अपने नाम की है। विशाखापट्टनम में आयोजित कार्यक्रम में संपदा 2.0 को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस स्वर्ण पुरस्कार-2025 से नवाजा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पेपरलेस और फेसलेस पंजीयन की दिशा में मध्यप्रदेश अग्रणी बना है। यह सम्मान तकनीक के माध्यम से शासन व्यवस्था में परिवर्तन लाने की श्रेणी- गवर्नमेंट प्रोसेस री-इंजीनियरिंग बाई यूज ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन-में प्रदान किया गया है।

## चीन देगा के-वीजा विकल्प, ब्रिटेन खत्म करेगा फीस

### अमेरिका के वीजा वॉर के बीच चीन का नया खेल

**बीजिंग • एजेंसी**

अमेरिका ने प्रोफेशनल्स के लिए एच-1बी वीजा की फीस करीब 6 लाख रुपए से बढ़ाकर 88 लाख रुपए कर दी है। इस बीच ड्रैगन सुपर टेलैंट को अपने देश में लाने के लिए प्रयास कर रहा है। वीसा वॉर के बीच अब चीन ने नया 'के-वीजा' शुरू करने का ऐलान किया है।

चीन के एक अखबार के मुताबिक के-वीजा साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ (एसटीईएम) से जुड़े युवाओं और स्किल्ड प्रोफेशनल्स के लिए है। यह 1 अक्टूबर, 2025 से जारी होगा। इन सब्जेक्ट्स में रिसर्च कर रहे कैंडिडेट भी के-वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। खास बात यह है कि चीनी कंपनी से नौकरी का ऑफर न होने पर भी इस वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। बता दें कि अमेरिका ने रविवार से एच-1बी वीजा फीस बढ़ा दी है। इससे प्रोफेशनल्स को अमेरिका जाने में मुश्किलें होंगी। ऐसे में चीन के के -वीजा को एच-1बी का विकल्प माना जा रहा है।




### ब्रिटेन 90 हजार की फीस जीरो कर सकता है

इस बीच ब्रिटेन भी हाई स्किल्ड लोगों के लिए वीजा फीस खत्म करने पर विचार कर रहा है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक जिन लोगों ने दुनिया के टॉप 5 यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की है या फिर कोई बड़ा इंटरनेशनल अवॉर्ड जीता है, उनकी पूरी वीजा फीस माफ हो जाएगी। फिलहाल, ब्रिटेन के ग्लोबल टैलेंट वीजा की आवेदन फीस 766 पाउंड (करीब 90 हजार) है। ब्रिटेन में 26 नवंबर को बजट पेश होगा, इससे पहले वो इस फीस को खत्म करने का फैसला ले सकता है।

### असम के मुख्यमंत्री का ऐलान

## फिर होगा सिंगर जुबिन का पोस्टमॉर्टम

**गुवाहाटी • एजेंसी**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को ऐलान किया सिंगर जुबिन गर्ग का दूसरी बार पोस्टमार्टम किया जाएगा।

उन्होंने कहा, एक वर्ग के लोगों की मांग के बाद, जुबिन के शव का दूसरा पोस्टमार्टम मंगलवार को गुवाहाटी के अस्पताल में किया जाएगा। उनकी मौत के मामले में गड़बड़ी के किए दावों के बाद यह फैसला लिया है। उन्होंने मंगलवार शाम को गर्ग के अंतिम संस्कार की बात कही थी। शुक्रवार को समुद्र में बिना लाइफ जैकेट के तैरने के दौरान सिंगर की डूबने से मौत हो गई थी। सिंगापुर सरकार की रिपोर्ट में उनकी मौत की वजह डूबना बताई गई थी। सरमा ने कहा कि गायक जुबिन गर्ग का अंतिम संस्कार 23 सितंबर को गुवाहाटी के पास गांव में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

**लाल सलाम पर लगाम** | छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में बड़ी कार्रवाई

## 40-40 लाख के दो इनामी नक्सली ढेर

**रायपुर • एजेंसी**

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में जवानों ने मुठभेड़ में सेंट्रल कमेटी के दो नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए नक्सलियों पर 40-40 लाख रुपए का इनाम घोषित था। जवानों ने दोनों के शव और मौके से हथियार बरामद किया है। मुठभेड़ के अबूझमाड़ के जंगलों में हुई है।

नारायणपुर पुलिस के मुताबिक मारे गए नक्सलियों की पहचान राजू दादा उर्फ कट्टा रामचंद्र रेड्डी और कोसा दादा उर्फ कादरी सत्यनारायण रेड्डी के रूप में हुई है। दोनों पर छत्तीसगढ़ सरकार ने 40-40 लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। नारायणपुर पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन ने बताया कि सोमवार सुबह से नक्सल मूवमेंट की खबर मिली थी। सुरक्षाबलों ने अबूझमाड़ के जंगलों में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान नक्सलियों ने फायरिंग की, जिसका जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। दिनभर



रुक-रुक कर चली गोलीबारी में नक्सलियों 2 लीडर मारे गए। मुठभेड़ वाली जगह से सुरक्षाबलों ने एक एके-47 राइफल, एक इंसास राइफल, एक बीजीएल लॉन्चर, भारी मात्रा में विस्फोटक, नक्सल साहित्य और दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की गई है। बरामद सामग्री से माओवादी गतिविधियों के कई अहम सुराग मिलने की भी संभावना है।

### नक्सल संगठन को तगड़ा नुकसान : आईजी

बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी. ने कहा कि केंद्रीय समिति के इन दोनों सदस्यों के मारे जाने से संगठन को बड़ी चोट पहुंची है। दोनों पिछले तीन दशकों से दंडकारण्य विशेष क्षेत्रीय समिति में सक्रिय थे। कई बड़ी हिंसक वारदातों के मास्टरमाइंड रहे हैं। आईजी ने नक्सल कैडरों से अपील की है कि वे अब समझ लें कि यह ऑपरेशन अपने अंतिम दौर में है। हिंसा छोड़कर सरकार की समर्पण और पुनर्वास नीति का लाभ उठाएं।

### नो कार डे पर ग्रीन ट्रांसपोर्ट का संदेश





इंदौर शहर में सोमवार को नो कार डे अभियान चलाया। इस अभियान का हिस्सा बन महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने साइकिल और विधायक रमेश मेंदोला ने ई-स्कूटी का उपयोग कर ग्रीन ट्रांसपोर्ट का संदेश दिया।

### पति या पत्नी के प्रेमी से हर्जाना मांग सकता है पीड़ित

## एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर क्राइम नहीं, नतीजे खतरनाक : दिल्ली हाई कोर्ट

**नई दिल्ली • एजेंसी**

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि व्यभिचार (एडल्ट्री) यानी एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर अपने-आप में कोई अपराध नहीं है, बल्कि यह एक वैवाहिक वजह है जिसे तलाक या वैवाहिक विवाद के मामलों में आधार बनाया जा सकता है।

जस्टिस पुरुषेन्द्र कौरव ने कहा कि कोई भी पति या पत्नी अपने साथी के प्रेमी पर मुकदमा कर सकता है, और अपनी शादी तोड़ने, आपसी प्रेम को नुकसान पहुंचाने के लिए आर्थिक मुआवजे की मांग भी कर सकता है। यह इसलिए कि इसके नतीजे खतरनाक हो सकते हैं। याचिका में पत्नी ने पति की प्रेमिका से भावनात्मक नुकसान और साथी की हानि के लिए मुआवजा मांगा है। हालांकि पति और उसकी प्रेमिका को नोटिस जारी किया गया है, ताकि इस बात पर फैसला हो सके कि शादी टूटने की वजह महिला है या नहीं।

यह मामला एक पत्नी की पति की प्रेमिका के खिलाफ दर्ज शिकायत से जुड़ा है। महिला ने 2012 में शादी की। 2018 में उसके जुड़वां बच्चे हुए, लेकिन समस्या तब शुरू हुई जब 2021 में दूसरी महिला उसके पति के व्यवसाय में शामिल हो गई। उसने आरोप लगाया कि दूसरी महिला उसके पति के साथ यात्राओं पर जाती थी। दोनों बेहद करीब आ गए। परिवार के दखल के बावजूद यह सब जारी रहा। महिला का पति सार्वजनिक स्थलों पर प्रेमिका के साथ दिखाई दिया, बाद में तलाक के लिए अर्जी लगा दी। इसके बाद पत्नी ने पति के खिलाफ हाईकोर्ट में केस किया। हालांकि पति और उसकी प्रेमिका ने दावा किया कि शादी से जुड़े मामलों की सुनवाई फैमिली कोर्ट में की जानी चाहिए, हाईकोर्ट में नहीं।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला



सुनवाई के दौरान बेंच ने जोसेफ शाइन मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र किया। जिसमें कोर्ट ने व्यभिचार को अपराध से मुक्त कर दिया। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के लिए लाइसेंस घोषित नहीं किया था। अगर मौजूदा मामला आगे बढ़ता है तो इस तरह का यह पहला मामला बन सकता है।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- पत्नी को हर्जाना मांगने का हक

न्यायमूर्ति पुरुशैन्द्र कुमार कौरव ने बताया कि यद्यपि व्यभिचार अब अपराध नहीं है, फिर भी इसके नुकसान के लिए हर्जाना लिया जा सकता है। यह मामला सिविल कानून से जुड़ा है, इसलिए इसे फैमिली कोर्ट में नहीं बल्कि सिविल कोर्ट में देखा जाएगा। यह फैसला भारत में 'अलीनेशन ऑफ अफेक्शन' सिद्धांत को लागू करने की दिशा में पहला उदाहरण बन सकता है। यह सिद्धांत कहता है कि शादी में प्यार और विश्वास को जानबूझकर तोड़ने वाले व्यक्ति को कानूनी तौर पर जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। 15 सितंबर को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा विवाह की पवित्रता से व्यक्ति कुछ अपेक्षाएं रख सकते हैं। निजी स्वतंत्रता का इस्तेमाल करना अपराध नहीं है।


विधायक रमेश मेंदोला और शहर भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा साथ नजर आए।


आम जनता के साथ महापौर पुष्यमित्र भार्गव।


कलेक्टर शिवम वर्मा।

# 'नो कार डे'

## ग्रीन ट्रांसपोर्ट : नो कार डे पर जनप्रतिनिधि, अफसर और लोगों ने साइकिल, ईवी, ई-रिक्शा और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का किया उपयोग


संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाडे।

• इंदौर

कई लोग पूछते हैं एक दिन कार नहीं चलने से क्या होगा, तब मैं सबसे यह पूछता हूं कि एक दिन कार नहीं चलाएंगे तो क्या होगा। नो कार डे के दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने ये बात कही। उन्होंने कहा पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए इंदौर में लोग पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें। टू व्हीलर, साइकिल, ई रिक्शा का प्रयोग करें, इसलिए ये अभियान शुरू किया गया है। महापौर इस दौरान साइकिल पर दिखाई दिए, वहीं कलेक्टर शिवम वर्मा ने ईवी का उपयोग किया। निगमायुक्त ने सिटी बस से सफर किया। मंत्रियों, अधिकारियों, नेताओं ने भी दूसरे साधनों का प्रयोग इस खास दिन किया।

22 सितंबर को गीताभवन से पलासिया क्षेत्र तक का हिस्सा कार फ्री जोन बनाया गया। यहां कारें नजर नहीं आई। सोमवार सुबह महापौर पुष्यमित्र भार्गव एमआईसी मेंबरों के साथ साइकिल पर निकले। वे बीआरटीएस पर लोगों का उत्साहवर्धन करते रहे। निगमायुक्त दिलीप कुमार यादव सुबह छह बजे निगम अफसरों के साथ ट्रेंचिंग ग्राउंड के दौरे पर गए। इसके लिए उन्होंने बस का उपयोग किया। मंत्री तुलसी सिलावट सुबह हनुमान मंदिर के दर्शन करने जाते हैं। इसके लिए उन्होंने ई रिक्शा मंगाया और पत्नी के साथ मंदिर पहुंचे।

### ग्रीन ट्रांसपोर्ट की ओर इंदौर


महापौर ने की साइकिल की सवारी।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि भारत में इंदौर पहला शहर है, जिसने नो कार डे मनाना शुरू किया है। यह एक दिन का सांकेतिक काम भविष्य के इंदौर को तैयार करने का अभियान है। आज हो सकता है, इसका कोई बड़ा परिणाम हमको देखने को ना मिले, लेकिन भविष्य में जब पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग बढ़ेगा साइकिल का उपयोग बढ़ेगा और सड़कों पर गाड़ियों के दबाव कम करने की बात आएगी तो हमारे इस अभियान को याद किया जाएगा। महापौर के आह्वान पर आम लोग भी नो कार डे अभियान के हिस्सा बने।

### साइक्लोथॉन रैली निकाली

महापौर पुष्यमित्र भार्गव रेडियो कॉलोनी से साइकिल चलाते हुए पलासिया चौराहा पहुंचे, जहां से साइक्लोथॉन रैली की शुरुआत हुई। यह रैली इंद्रप्रस्थ टावर, रीगल चौराहा, महारानी रोड, राजवाड़ा, कोठारी मार्केट, एमजी रोड होते हुए फिर पलासिया चौराहा तक निकाली गई। महापौर ने पूरे रूट में साइकिल चलाकर भाग लिया।

### गाड़ियों का दबाव कम करना होगा

महापौर भार्गव ने कहा इंदौर तीन वर्षों से नो कार डे मना रहा है, यह इंदौर को ट्रैफिक की दृष्टि से तैयार करने का अभियान है। एक दिन के इस अभियान से पूरी दुनिया को अलग संदेश जाता है। हम अगर इंदौर को ट्रैफिक में नंबर वन बनाना चाहते हैं तो सड़कों पर गाड़ियों के दबाव को कम करना होगा।

### कई हजार लीटर ईंधन बचाया

इस अभियान ने पिछले वर्षों में उल्लेखनीय सफलताएं दर्ज की, वर्ष 2023 में 80 हजार लीटर ईंधन की बचत और वायु गुणवत्ता सूचकांक में 18 प्रतिशत सुधार दर्ज किया गया था। 2024 में एक लाख पचास हजार लीटर ईंधन की बचत और वायु गुणवत्ता में 38 प्रतिशत सुधार दर्ज हुआ।


निगमायुक्त दिलीप यादव ने किया आई बस का सफर।

## एक नजर

### पाकिस्तान को हराने के बाद राजवाड़ा पर मना जश्न



इंदौर • रात एक बजे तक राजबाड़ा पर जश्न का माहौल रहा। सराफा चौपाटी पर आने वाले लोग भी जीत के जश्न में शामिल हो गए थे। इसके बाद भीड़ वहां से हटने लगी थी। एशिया कप में इससे पहले टीम इंडिया ने पाकिस्तान को हराया था। तब भी राजवाड़ा चौक पर क्रिकेटप्रेमी जुटे थे। रविवार रात पाकिस्तानी क्रिकेट टीम को भारतीय टीम ने छह विकेट से हरा दिया। जीतने के बाद इंदौर के क्रिकेटप्रेमी तिरंगा लेकर राजवाड़ा पर जश्न मनाने पहुंचे। हालांकि पिछली भारतीय जीत की तुलना में इस बार भीड़ कम थी, लेकिन उत्साह में कोई कमी नहीं आई। लोग नारेबाजी कर और झंडे लहरा कर अपनी खुशियों को जता रहे थे। मौके पर आसपास के थानों को पुलिस बल भी आ गया गया था। क्रिकेटप्रेमियों ने कुछ देर तक जश्न मनाया। इसके बाद वे लौटना शुरू हो गए। कुछ युवक ढोलक की थाप पर नाच भी रहे थे। बाद में तैनात पुलिस जवानों ने क्रिकेटप्रेमियों को घरों की तरफ रवाना करना शुरू कर दिया।

### नायता मुंडला आईएसबीटी से बस संचालन शुरू

इंदौर • नवलखा बस स्टैंड को औपचारिक रूप से नायता मुंडला स्थित इंटर स्टेट बस टर्मिनल (आईएसबीटी) में स्थानांतरित कर दिया गया। नवलखा से संचालित होने वाली बसें नायता मुंडला आईएसबीटी से ही संचालित होंगी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में नवलखा बस स्टैंड को तत्काल नायता मुंडला शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया था। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि नायता मुंडला बस स्टैंड से लगभग 80 बसों का संचालन हरदा, नेमावर, होशंगाबाद एवं बैतूल मार्गों के लिए शुरू किया गया है। बसों के नए संचालन स्थल पर यात्रियों को आधुनिक टर्मिनल पर पार्किंग, प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। एसडीएम प्रदीप सोनी ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करवाई। इस निर्णय से भीड़ वाले नवलखा क्षेत्र में यातायात दबाव कम होगा और यात्रियों को बेहतर और सुव्यवस्थित यात्रा सुविधा मिल सकेगी।

## महापौर ने किया एमवाय अस्पताल का औचक निरीक्षण, कहा-

# सफाई का ध्यान रखना सबकी जिम्मेदारी

• इंदौर

एमवाय अस्पताल की स्वच्छता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। सफाई का ध्यान रखना सबकी जिम्मेदारी है। जो लोग लापरवाही करेंगे, उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई करें।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सोमवार को एमवायएच का औचक निरीक्षण कर ये निर्देश दए। इस दौरान भवन के बाहर व अन्य हिस्सों में चुनौतियों की जानकारी प्रशासन ने दी। महापौर ने इस संबंध में जनप्रतिनिधियों के साथ जिला प्रशासन, कमिश्नर हेल्थ और मेडिकल एजुकेशन से भी चर्चा की बात कही ताकि बाहर की सफाई और अन्य समस्याओं का समाधान जल्द किया जा सके। सीएम द्वारा शुरू किए गए अभियान के पैरामीटर बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है।



### सप्ताह में एक बार समीक्षा करूंगा

महापौर ने कहा कि मैं सप्ताह में कम से कम एक बार सफाई व्यवस्था की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करूंगा। इसके साथ ही नगर निगम के क्लीनलीनेस और वेस्ट मैनेजमेंट एक्सपर्ट्स की टीम पूरे कैंपस का दौरा करेगी और हाउसकीपिंग एजेंसी को आवश्यक सुझाव देगी। कोई कार्य एजेंसी के दायरे से बाहर होगा तो उस पर अलग से चर्चा कर समाधान निकाला जाएगा। अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि परिसर की स्वच्छता बनाए रखने में लापरवाही न हो। सुपरिंटेंडेंट और पूरी टीम की जिम्मेदारी है कि हाउसकीपिंग एजेंसी को दिए गए काम की रिपोर्टिंग वरिष्ठ अधिकारियों और कलेक्टर को करें। समस्या की जानकारी तुरंत जनप्रतिनिधियों को भी दी जाए।

## आरटीओ ने वाहनों पर की कार्रवाई, चार बसें जब्त

# 11 वाहनों से वसूला गया 89 हजार रुपए का जुर्माना

• इंदौर

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर आरटीओ इंदौर द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत परिवहन विभाग की टीम द्वारा इंदौर-बुरहानपुर, इंदौर-नेमावर रूट की बसों की चेकिंग की गई। स्कूल बसों, यात्री बसों में विभिन्न कमियां पाए जाने पर 11 से अधिक वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। साथ ही बिना परमिट संचालित एक बस को जब्त किया गया। तीन बसों पर 13 लाख रुपए से अधिक का




मध्यप्रदेश मोटरयान कर बकाया था, उन्हें जब्त किया गया। इस दौरान वाहनों से 89 हजार रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला गया।

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा लोकपरिवहन वाहनों, स्कूल वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराए की भी जांच की जा रही है। लोगों को अपने वाहनों पर एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेजों की चेकिंग की जा रही है।

## बायो सीएनजी, ग्रीन वेस्ट प्लांट का निरीक्षण

# निगमायुक्त ने किया ट्रेंचिंग ग्राउंड का दौरा, कर्मचारियों का हाल भी जाना



• इंदौर

इन्दौर। देवगुराड़िया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने किया। यहां बायो सीएनजी प्लांट, नेप्रा, स्वच्छता परी, सूखा कचरा निपटान प्लांट, ग्रीन वेस्ट प्लांट एवं सिटी फॉरेस्ट परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने विस्तार से जानकारी ली और दिशा निर्देश दिए।

नगर निगम आयुक्त ने सबसे पहले बायो सीएनजी गैस प्लांट का निरीक्षण किया। कितना गीला कचरा आता है, वेट कैसे करते हैं, अपशिष्ट से गैस उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया, मशीनरी संचालन, गैस आउटपुट, वितरण व्यवस्था एवं गैस के उपयोग संबंधी जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने स्वच्छता परी परिसर का निरीक्षण किया।

### व्यवस्थाओं का जायजा लिया

निगमायुक्त ने नेप्रा प्लांट पर सूखे कचरे का निपटान, सूखे कचरे को अलग अलग करने के प्लांट का अवलोकन किया। इस दौरान प्रतिदिन आने वाले कचरे की मात्रा, कार्यरत कर्मचारियों की संख्या, उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं, सीएंडडी वेस्ट मटेरियल के संकलन व प्रसंस्करण की संपूर्ण प्रक्रिया पेवर ब्लॉक के उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर दिशा निर्देश दिए। ग्रीन वेस्ट प्लांट का भी निरीक्षण किया। ग्रीन वेस्ट के संग्रहण की प्रक्रिया, प्रतिदिन आने वाली ग्रीन वेस्ट की मात्रा, कार्यबल की उपलब्धता, कचरे के बुरादे का उपयोग,प्लांट के रखरखाव एवं संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, अभय राजनगांवकर, मनोज पाठक, अधीक्षण यंत्री डी आर लोधी, नागेन्द्र सिंह भदौरिया आदि मौजूद रहे।

## अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन बोले- बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत को दी जाए प्राथमिकता

# 'सड़कों, पुल-पुलियाओं और ओवरब्रिज के काम समय पर पूरे करें'

• इंदौर

इंदौर संभाग में निर्माणाधीन सड़कों, पुल-पुलियाओं और ओवरब्रिज आदि निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। संभाग में बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत विशेष प्राथमिकता के साथ की जाए। सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी स्थिति में सड़कों पर जाम की स्थिति न बने और यातायात सुचारू चलता रहे।

अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने ये बात कही। वे इंदौर में आयोजित संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। यह बैठक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के मध्य समन्वय बनाए रखने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संभाग स्तरीय समीक्षा के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों को संभाग का दायित्व सौंपा है। इंदौर संभाग के लिए अनुपम राजन को नियुक्त किया गया है। राजन ने पूर्व में आयोजित संभाग स्तरीय बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की और जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर उनके महत्वपूर्ण सुझाव भी लिए। उन्होंने आगामी कार्ययोजना के संबंध में भी जनप्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा की।



### कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की प्रगति पर चर्चा

राजन ने जनप्रतिनिधियों द्वारा अनुशंसित कार्यों की अद्यतन स्थिति, पूर्व में आयोजित संभागीय बैठक में बताई गई समस्याओं के निराकरण, शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की प्रगति तथा आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा लागू यह व्यवस्था प्रभावकारी और परिणाममूलक है। इससे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो रहा है। विकास कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए जिला, संभाग और राज्य स्तर के मध्य समन्वय स्थापित कर कार्य हो रहे हैं। कार्यों की गुणवत्ता में भी सुधार आ रहा है। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों की समस्याओं और विकास कार्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने सिंहस्थ के कार्यों पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, खरगोन सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, महापौर पुष्यमित्र भार्गव आदि मौजूद थे।

आक्रोश...माता जीजाबाई शासकीय कन्या कॉलेज में प्रदर्शन

# कॉलेज के बाहर प्रिंसिपल का जलाया पुतला, रिजल्ट में देरी से भड़क गए छात्र

• इंदौर

माता जीजाबाई शासकीय कन्या कॉलेज (ओल्ड जीडीसी) में सोमवार को छात्राओं ने प्रदर्शन किया। एबीवीपी के पदाधिकारी भी इस प्रदर्शन में शामिल हुए। छात्राओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

कॉलेज में छात्राओं की सुरक्षा और शैक्षणिक समस्याओं को लेकर एबीवीपी इंदौर महानगर ने ये प्रदर्शन और रोड जाम किया। एबीवीपी के इंदौर महानगर मंत्री देवेश गुर्जर ने बताया कि कॉलेज का सीसीटीवी का डीवीआर कुछ समय पहले चोरी हो गया, किंतु अभी तक इसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई और इस मामले को दबाने का कोशिश की जा रही है, जो छात्राओं की सुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़ है।

### छात्राओं का भविष्य संकट में

इसके अलावा हाल ही में सैकड़ों छात्राओं को एक साथ पूरक दे दी। दोबारा जांच की मांग के बावजूद प्रशासन, शासन के नियमों का हवाला देकर जिम्मेदारी से कॉलेज प्रशासन बचता रहा, जिससे छात्राओं का भविष्य संकट में है। प्रशासन ने अपने जवाब में कहा है कि पूरक परीक्षा में पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान नहीं है, पर उच्च अधिकारियों से निर्देश प्राप्त करने की कोशिश की जा रही है, किंतु परिषद का कहना है कि यह केवल समय टालने की कोशिश है। इस मामले में एबीवीपी इंदौर महानगर की सहमंत्री प्रांजलि अग्रवाल और सभी छात्राओं ने ज्ञापन भी सौंपा।



### छात्रों ने प्रिंसिपल का पुतला फूंका

पहले अपनी मांगों को लेकर छात्राओं द्वारा पहले कॉलेज के अंदर ही प्रदर्शन किया जा रहा था। काफी समय तक प्रदर्शन के बाद भी जब कॉलेज प्रिंसिपल बाहर नहीं आए तो छात्राएं ओर ज्यादा आक्रोशित हो गई। कॉलेज के अंदर प्रदर्शन करते हुए वे कॉलेज के बाहर आ गई और कॉलेज प्रिंसिपल डॉ.अशोक सचदेवा का पुतला भी फूंक दिया। बावजूद इसके वे बाहर नहीं आए तो छात्राएं रोड पर बैठ गई और रोड जाम कर दिया। इसके बाद में इस मामले में कॉलेज प्रशासन ने रिजल्ट को लेकर विश्वविद्यालय प्रबंधन से बात करने की बात कही है।

### रिजल्ट के संबंध में विवि से करेंगे बात

एबीवीपी के इंदौर महानगर मंत्री देवेश गुर्जर ने चेतावनी दी है कि डीवीआर चोरी पर इसकी रिपोर्ट लिखाए, 600 से ज्यादा छात्राओं की कॉपियों का पुनर्मूल्यांकन किया जाए और रिजल्ट की लिंक खोली जाए। उन्होंने इन मांगों को 3 दिन में पूरा करने की चेतावनी दी है। कॉलेज प्रशासन ने उन्हें आश्वासन दिया है कि रिजल्ट को लेकर वे विश्वविद्यालय प्रबंधन से बात करेंगे। वहीं डीवीआर को लेकर पुलिस को शिकायत की है। देवेश का कहना है कि पुलिस में जो शिकायत की उसमें रिपोर्ट दर्ज हुई है या नहीं वे मंगलवार को देखेंगे।

## एक नजर

### महाराष्ट्र के चोर से सोना, नकदी और दो कारें जब्त



**इंदौर** • विजयनगर पुलिस ने एक चोर को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। उसने जून 2025 में करीब 90 लाख का माल चुराया था। पुलिस 800 से ज्यादा सीसीटीवी खंगालते हुए आरोपी तक पहुंची और उसे दबोच लिया। आरोपी के पास से करीब 550 ग्राम सोने के जेवर, नकदी और चोरी के रुपए से खरीदी गई दो कारें जब्त की हैं। डीसीपी कुमार विजय के मुताबिक विजयनगर पुलिस ने पीयूष बोहरा के यहां हुई चोरी के मामले में अमरावती के विजेंद्र उर्फ बंटू पुत्र सुरेश को पकड़ा है। आरोपी ने इंदौर में लाखों रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

मामले में पुलिस को पहले कुछ फुटेज मिले थे। हालांकि, विजेंद्र की पहचान करने में प्रर्याप्त नहीं थे। इसके बाद लगातार फुटेज निकालते हुए पुलिस अमरावती तक पहुंची और आरोपी को पकड़ा। आरोपी ने चोरी का माल अलग अलग ठिकानों पर छिपाया था, जिसे बरामद कर लिया है।

विजेंद्र उर्फ बंटू पर राजस्थान, हरियाणा और मध्य प्रदेश सहित करीब 31 मामले दर्ज हैं। वह चोरी की वारदातों को अजांम देता है। साथ ही आरोपी पर मादक पदार्थ के मामले में दर्ज हैं। आरोपी से पुलिस ने करीब 3 चोरी की वारदातों का खुलासा किया है। इसमें चुराया माल पुलिस ने जब्त कर लिया है।

### इंदौर पुलिस ने पश्चिम बंगाल से आरोपी दंपती को पकड़ा



**इंदौर** • पलासिया पुलिस ने पश्चिम बंगाल की एक महिला को उसके गांव से पकड़ा है। आरोपी महिला एक लड़की को बेचने और देह व्यापार में धकेलने के मामले में फरार थी। पलासिया पुलिस ने टीम बनाकर महिला की जानकारी निकाली। इसके बाद उसे मौके पर जाकर हिरासत में लिया।

पलासिया थाना टीआई सुरेंद्र रघुवंशी ने बताया कि काकली पति रफीक एवं नसिरूल, निवासी ग्राम सोलहवा, जिला 24 परगना (पश्चिम बंगाल), अंतरराज्यीय गिरोह के मेंबर होकर महिलाओं और लड़कियों को बहला-फुसलाकर पश्चिम बंगाल से इंदौर लेकर आते थे। इसमें एक लड़की को पश्चिम बंगाल से काम दिलाने के नाम पर नवी मुंबई लाए। यहां अपनी साथी जैसमिन से मिलाया। इसके बाद उस पर देह व्यापार का दबाव बनाया। यहां पीड़िता ने इनकार किया तो उसे अपनी दोस्त आमरीन के पास खजराना भेज दिया, जहां घरेलू काम की बात की गई। आमरीन ने पलासिया में युवती को बंद करके एक फ्लैट में रखा। इस दौरान उससे देह व्यापार कराया गया। पीड़िता यहां से भाग निकली। इसके बाद पुलिस ने धारा 370(2), 342, 109, 34 भादवि तथा 5/6 अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 के तहत केस दर्ज किया। पूर्व में इस मामले में जैसमिन और आमरीन को गिरफ्तार किया गया था।

एमजीएम मेडिकल कॉलेज की रिसर्च में खुलासा

नशा कर रहा दिल, दिमाग, फेफड़ों पर हमला

# नशा बना खामोश कातिल

• इंदौर

पिछले दो वर्षों में अचानक होने वाली मौतों ने चिकित्सकों सहित आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। एमजीएम मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने अचानक होने वाली मौतों का कारण खोज लिया है। अचानक मौत वाले 191 लोगों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में यह सामने आया है कि इनमें से 88 प्रतिशत लोग नशा करते थे। यानी नशा अचानक होने वाली मौत का बड़ा कारण बन रहा है।

नशा करने वालों में अचानक मौत के पहले धमनियां ब्लॉक हुईं। सांस लेने में समस्या में हुई और मस्तिष्क ने कार्य करना बंद कर दिया था। फोरेंसिक मेडिसिन विभाग की रिसर्च में ये बात सामने आई है। विभाग द्वारा अक्टूबर 2023 से सितंबर 2024 तक अचानक मौत (सडन डेथ) पर रिसर्च डॉ. सूर्य प्रकाश द्वारा विभागाध्यक्ष एवं गाइड डॉ. बजरंग कुमार सिंह और सह गाइड डॉ. तपन सिंह पेंड्रो के मार्गदर्शन में की।

रिसर्च में शव परीक्षण के लिए अचानक मौत के कुल 191 केस लिए, जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक थी। अचानक मौत के केस में पुरुष 173 और महिला सिर्फ 18 रहीं। इसमें घर के अंदर 94 और घर के बाहर ऑफिस, जिम, गार्डन आदि जगहों पर 97 लोगों की अचानक मौत हुई।

### सिर्फ 22 नहीं करते थे नशा

रिसर्च में यह सामने आया कि 191 लोगों की मौत में से 169 लोग नशे का सेवन करते थे। सिर्फ 22 मामले ऐसे थे, जो किसी प्रकार का नशा नहीं करते थे। इनमें से 73 लोग तंबाकू, 40 लोग शराब, 55 लोग शराब व तंबाकू और एक व्यक्ति तंबाकू, शराब व गांजे का सेवन करता था।

रिसर्च में यह खुलासा हुआ कि नशा अचानक मौत की संभावना को बढ़ा देता है। जिन लोगों की मौत अचानक हुई, उनमें से 132 लोग कभी अस्पताल में भर्ती नहीं हुए, सिर्फ 59 लोग किसी कारण से भर्ती हुए थे। यानी स्वस्थ व्यक्ति में भी अचानक मौत की संभावना बनी रहती है।

अचानक हुई **191 मौतों** में से 169 लोग करते थे नशे का सेवन

जानलेवा नशा...

जो दिखते थे ठीक-ठाक, अचानक थम गई उनकी सांसें

### ऐसे होती है अचानक मौत

विशेषज्ञों के मुताबिक अचानक मौत (सडन डेथ) ऐसी मौत होती है, जो व्यक्ति में विकार के लक्षण पैदा होने के 24 घंटे के अंदर हो जाती है। उस व्यक्ति में कोई भी जानलेवा दीर्घकालीन बीमारी की पहचान पहले से नहीं हुई होती है।




अचानक गिरा, फिर नहीं उठा....

### नशा ले रहा जान

नशा बन रहा खामोश मौत की सबसे बड़ी वजह

### सबसे ज्यादा मौतें दोपहर 12 से 6 के बीच

रिसर्च में यह सामने आया कि इनमें से 63 लोगों को सांस लेने में समस्या थी। इसके अलावा 36 लोगों की छाती में दर्द और 49 लोगों में कोई लक्षण नहीं थे। सबसे अधिक अचानक मौत दोपहर 12 से शाम छह के बीच 110 लोगों की हुई। यानी ऑफिस या बाहर कार्य के तनाव के चलते दिन के समय में अधिक मौत हुई। यह भी सामने आया कि 191 में से 172 लोगों की मौत अस्पताल पहुंचने के पहले ही हो गई थी।

### सबसे अधिक युवाओं की हुई मौत

| आयु | पुरुष | महिला | कुल |
|---|---|---|---|
| 18-28 | 25 | 04 | 29 |
| 29-38 | 36 | 04 | 40 |
| 39-48 | 29 | 04 | 33 |
| 49-58 | 48 | 01 | 49 |
| 59-68 | 22 | 03 | 25 |
| 68 | 13 | 02 | 15 |

### धमनियों के ब्लॉक होने से हुई मौत

मृतकों में से 91 लोगों को हृदय की धमनियों का रोग था। 58 को सांस से जुड़ा और 14 को मस्तिष्क से जुड़ा रोग था। 25 लोगों में किसी रोग का पता नहीं चला। 91 में से 84 मौतें हृदय की धमनियों में ब्लॉकेज के कारण हुई थीं। इनमें से 51 केस में एक धमनी, 32 केस में दो धमनी और एक केस में तीन धमनियों में ब्लॉकेज था। कुछ मौतें ऐसी हुईं, जिसमें हृदय की धमनियों में कोलेंटल यानी दूसरी धमनी बन चुकी थी। 14 लोगों की मौत ब्रेन हैमरेज के कारण हुई थी।

56 हजार रुपए के नकली नोट, प्रिंटर बरामद

## यूट्यूब देख नकली नोट छापे, बाजारों में खपाए हजारों रु.



• इंदौर

बाणगंगा पुलिस ने नकली नोट छापने वाली गैंग का पर्दाफाश किया है। चार आरोपी, जिनमें दो छात्र भी शामिल हैं, खंडवा में घर पर प्रिंटर से फर्जी नोट बनाकर इंदौर में सप्लाई करते थे।

पुलिस ने 56 हजार रुपए के नकली नोट, प्रिंटर और कागज जब्त कर आरोपियों को रिमांड पर लिया है। आरोपियों ने स्वीकारा कि उन्होंने यूट्यूब से सीखकर नोट छापना शुरू किया था। आरोपियों ने 24 हजार के नोट सप्लाय भी कर दिए थे।

पुलिस को सूचना मिली थी कि खंडवा के यशराज मीणा और शुभम मीणा, साथी हेमंत कुशवाह और सौरभ (हरदा निवासी) के साथ इंदौर आ रहे हैं और नकली नोट सप्लाय करने वाले हैं। पुलिस ने एमआर-10 पर जाल बिछाया और घेराबंदी कर चारों आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया। एडिशनल डीसीपी रामस्नेही मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों से दो दिन का रिमांड लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

बस ड्राइवर ने दी थी पुलिस को सूचना

## कोरियन स्टार्स से मिलने अकेले घर से निकल गई बालिका



• इंदौर

छोटी ग्वालटोली पुलिस ने रविवार को एक 12 साल की बच्ची को उसके परिवार के सुपुर्द किया। वह महू से बिना किसी को बताए इंदौर आ गई थी। बच्ची साउथ कोरियन किड्स और यूथ स्टार्स की फैन है, जिन्हें वह सोशल मीडिया पर फॉलो करती है। वह उन सितारों से मिलने के लिए दक्षिण कोरिया जाना चाहती थी।

टीआई संजू कामले के अनुसार, बस ड्राइवर ने सूचना दी थी कि एक 12 साल की लड़की अकेले बस स्टैंड के पास घूम रही है। सूचना मिलते ही महिला पुलिस को मौके पर भेजा गया और बच्ची को थाने लाया गया।

पूछताछ में बच्ची ने बताया कि वह बिना माता-पिता को बताए इंदौर आई है और यहां से कोरिया जॉब के लिए जाना चाहती है। जब उससे परिवार की जानकारी ली गई, तो उसने बताया कि वह खरगोन की रहने वाली है। बच्ची ने बताया कि वह पढ़ाई कर रही है और सोशल मीडिया पर कोरियन स्टार्स को फॉलो करती है।

## चूहे कांड : एमवाय अस्पताल परिसर में धरने पर डटे रहे जयस कार्यकर्ता

• इंदौर

एमवाय अस्पताल में चूहा कांड के विरोध में जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) का अनिश्चितकालीन आंदोलन सोमवार को भी जारी रहा। कार्यकर्ता डीन, सुपरिटेंडेंट और अन्य दोषी अधिकारियों को निलंबित करने की मांग पर अड़े हैं। मांगें पूरी न होने पर उन्होंने रविवार रात अस्पताल के मुख्य गेट पर धरना दिया और सोमवार सुबह से प्रदर्शन फिर शुरू कर दिया।

नारेबाजी के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश मुजाल्दा ने कहा कि इंदौर में घटित चूहा कांड ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। उनका कहना है कि यह मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। रविवार



दोपहर एसडीएम प्रदीप सोनी अस्पताल पहुंचे, लेकिन कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनकी मांगें पूरी नहीं होने तक चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा। शाम को डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया भी पहुंचे और इंदौर-भोपाल के अधिकारियों से प्रशासनिक स्तर पर चर्चा की। जयस ने रात अस्पताल गेट पर बिस्तर लगाकर बिताई और सोमवार सुबह से फिर नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

## पति के हार्टअटैक से सहमी पत्नी ने फांसी लगाई

• इंदौर

कनाड़िया क्षेत्र में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला। मृतक महिला पति को हार्ट अटैक आने के बाद से सदमे में थी। परिजन उसे स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

घटना कनाड़िया क्षेत्र की है। यहां सर्व संपन्न कॉलोनी में रहने वाली (42) साल की रेखा ने सुसाइड कर लिया। बताया गया कि महिला अपने पति अमर यादव को हार्ट अटैक आने के बाद से सदमें में थीं। पति अमर यादव ने कहा कि रविवार को वह टीवी मैच देखते-देखते सो गए थे। उनकी पत्नी रेखा भी सो गई थी। सुबह जब उनकी बेटी उठी और किचन में गई तो उसने मां को फंदे पर लटका देखा। जिसके बाद बेटी के चिल्लाने पर परिवार के अन्य सदस्य भी जाग गए और अस्पताल ले गए।

## बेटी को भरण-पोषण के लिए बार-बार कोर्ट आना पड़ा, यह दुर्भाग्यपूर्ण

• इंदौर

हाईकोर्ट में बेटी को भरण पोषण का खर्च देने के खिलाफ पहुंचे पिता की याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी की पीठ ने बेटी की दुर्दशा पर गहरा दुख व्यक्त किया।

कोर्ट ने कहा कि एक बेटी अपने पिता से भरण-पोषण के लिए बार-बार अदालतों का दरवाजा खटखटाने को मजबूर है। यह हमारे लिए दुर्भाग्यपूर्ण और पीड़ादायक है।

पिता ने फैमिली कोर्ट द्वारा पारित 5 जून, 2022 से गणना किए जाने वाले 10,000 रुपए के भरण-पोषण आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। पिता ने तीन अन्य याचिकाओं में दावा किया कि वह बेरोजगार है। आय का कोई साधन न होने से भरण-पोषण का भुगतान करने में असमर्थ हैं।

## धूप के बीच अचानक बरस पड़े बदरा

• इंदौर

शहर में पिछले दो दिनों से जारी उमस और गर्मी से परेशान लोगों को सोमवार दोपहर हुई तेज बारिश ने बड़ी राहत दी। करीब एक घंटे तक हुई झमाझम बारिश ने पूरे शहर को भिगो दिया। शाम तक 17.75 मिमी बारिश हुई। देर रात तक चली ठंडी हवाओं ने मौसम को और भी खुशनुमा बना दिया।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में 3 दिनों तक हल्की बारिश का दौर जारी रहेगा। भोपाल और इंदौर समेत प्रदेश के कई जिलों में बूंदाबांदी या हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। हालांकि 25-26 सितंबर से एक नया कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय होने की संभावना है, जिससे प्रदेश में फिर तेज बारिश का दौर शुरू हो सकता है।



### इंदौर संभाग में बारिश का कोटा पूरा

इस मानसून सीजन की शुरुआत में इंदौर और उज्जैन संभाग में बारिश की स्थिति अच्छी नहीं थी। एक समय इंदौर प्रदेश में सबसे कम बारिश वाले क्षेत्रों में शामिल था, जिससे सामान्य बारिश के कोटे को लेकर भी चिंता जताई जा रही थी। लेकिन सितंबर महीने में हुई अच्छी और तेज बारिश ने इस कमी को पूरा कर दिया है और इंदौर में सामान्य बारिश का आंकड़ा लगभग पूरा हो गया है।

गांधी नगर से टीसीएस चौराहा तक दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक चलेगी ट्रेन

## अब मेट्रो का बदल दिया टाइम टेबल, किराया भी बढ़ाया

• इंदौर

मेट्रो के एलिवेटेड कॉरिडोर पर काम की गति बढ़ाने के लिए और यात्रियों के टोटे को देखते हुए अब सोमवार से 6 किलोमीटर के कॉरिडोर पर मेट्रो ट्रेन संचालन के टाइम टेबल में संशोधन किया है। सोमवार से मेट्रो ट्रेन गांधी नगर से टीसीएस चौराहा तक दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक ही संचालित होगी और प्रत्येक एक घंटे में एक ट्रेन चलेगी। किराया भी थोड़ा बढ़कर 1 से 2 स्टेशन के बीच 20 रुपए और 3 से 5 स्टेशन के बीच 30 रुपए लगेगा। रविवार को मेट्रो संचालन दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक रहेगा, मगर हर आधे घंटे में ट्रेन चलाई जाएगी, क्योंकि रविवार को थोड़ी-सी इंदौरियों की भीड़ रहती है।



### ढाई लाख लोग कर चुके यात्रा

अभी तक लगभग ढाई लाख ने यात्रा कर ली है। अभी 31 मई से 6 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो का संचालन शुरू किया और उसमें किराए में काफी छूट भी दी जा रही थी, जो अब समाप्त कर दी है, जिसके चलते किराया भी बढ़ जाएगा। पहले शुरुआत में 75 फीसदी, उसके बाद 50 और फिर चौथे सप्ताह से 25 फीसदी की छूट किराए में दी जा रही थी, जो आज से खत्म हो गई है, जिसके चलते अब स्टेशन 1 से 2 के बीच 20 रुपए और 3 से 5 के बीच यात्रा करने के 30 रुपए चुकाना होंगे। वहीं टाइम टेबल भी संशोधित कर दिया है।

### अनभुव लेने आते हैं लोग

मेट्रो से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि रविवार के दिन ही थोड़ी-सी भीड़ रहती है, बाकी हफ्ते के अन्य दिनों में यात्री बहुत कम रहते हैं। अभी चूंकि मेट्रो का अनुभव लेने के लिए ही लोग आते हैं और अब गांधी नगर से रेडिसन चौराहा तक के एलिवेटेड कॉरिडोर पर काम की गति भी बढ़ाई गई है। उसके चलते भी 6 किलोमीटर के कॉरिडोर पर टाइम टेबल संशोधित किया गया है।



**मां कनकेश्वरी गरबा महोत्सव...** मां शक्ति की स्तुति से पूरा परिसर गूंज उठा

# मां की आराधना में डांडिया रास...

• इंदौर

नवरात्रि के पहले दिन से ही इंदौर भक्ति और शक्ति की आराधना में रंग गया है। आईटीआई रोड स्थित मां कनकेश्वरी देवी परिसर में हर साल की तरह इस बार भी गरबा महोत्सव का आयोजन शुरू हुआ, जहां आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक उत्सव का अनूठा संगम देखने को मिला।

पहले दिन मां शैलपुत्री की विशेष पूजा-अर्चना, वेद मंत्रों के उच्चारण और हवन के साथ वातावरण भक्तिमय बना। मंदिर की भव्य प्रतिकृति में विराजित मां दुर्गा के समक्ष महामंडलेश्वर मां कनकेश्वरी देवी और विधायक रमेश मेंदोला ने 11 कन्याओं का पाद पूजन कर महाआरती की। इस दौरान मां शक्ति की स्तुति से पूरा परिसर गूंज उठा।

हजारों बालिकाओं और युवतियों ने पारंपरिक परिधानों में सजकर मां के भजनों पर गरबा किया। यहां गरबा हमेशा पारंपरिक स्वरूप में धार्मिक भजनों की धुन पर ही होता है, जो भारतीय संस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत करता है। ताल और लय के संग प्रस्तुत किए गए गरबों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दर्शन और गरबा देखने के लिए विशेष बैठक व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने शामिल होकर मां की आराधना का आनंद लिया।

आयोजकों के अनुसार यह महोत्सव पूरे नौ दिनों तक प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से आयोजित होगा। महामंडलेश्वर मां कनकेश्वरी देवी स्वयं भजनों की प्रस्तुतियां देंगी और उनके सुरों पर हजारों बालिकाएं गरबा कर मां शक्ति की उपासना करेंगी। नवरात्रि का यह पर्व भारतीय संस्कृति के गौरव का उत्सव है, जहां भक्ति, संगीत और नृत्य के माध्यम से मां दुर्गा की आराधना की जाती है।







## एक नजर

### नवरात्र के पहले ही दिन हजारों भक्त पहुंचे बिजासन मंदिर



**इंदौर** • सोमवार से शारदीय नवरात्रि प्रारंभ हो गई है। नवरात्रि के पहले दिन शुभ मुहूर्त में घटस्थापना कर मां की मूर्ति विराजित की गई। वहीं बिजासन माता मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, कालका माता मंदिर, खजराना मंदिर हरसिद्धि माता मंदिर समेत अन्य माता मंदिरों में भक्त दर्शन पूजन करने पहुंचे। शहर में एक हजार से अधिक पंडालों में माता की मूर्ति विराजित की है। यहां प्रतिदिन गरबा और अन्य धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

### सैकड़ों साधकों ने की गौसेवा, गायों को हरा चारा खिलाया



**इंदौर** • अहिल्या माता गोशाला पर सर्वपितृ अमावस्या पर साधकों ने गोसेवा कर अपने पितरों व पूर्वजों की स्मृति में तर्पण किया। गोशाला स्थित सप्त गोमाता मंदिर पर आचार्य पं. मुकेश शास्त्री एवं आचार्य पं. मनोज पांडे के निर्देशन में करीब 800 गौ एवं पितृ भक्तों ने विधि-विधान से तर्पण क्रिया संपन्न की। तर्पण के बाद साधकों ने गौसेवा भी की। इस अवसर पर गोशाला प्रबंध समिति की ओर से सीके अग्रवाल, पुष्पेंद्र धनोतिया, महेंद्र जैन बड़नगर वाले समेत अन्य लोगों ने व्यवस्था संभाली थी।

**महाकाल सेवा संस्थान की पहल**

## 200 लावारिस शवों की अस्थियों का पूजन कर पवित्र नर्मदा नदी में प्रवाहित करने भेजा

• इंदौर

40 वर्षों में अब तक 11 हजार 700 से अधिक लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करने वाली संस्था महाकाल सेवा संस्थान एवं सुल्तान-ए-इंदौर द्वारा सर्वपितृ अमावस्या के उपलक्ष्य में गांधी हॉल में 200 शवों की अस्थियों का पूजन कर उन्हें पवित्र नर्मदा नदी में प्रवाहित करने के लिए ओंकारेश्वर भेजा गया। ओंकारेश्वर में भी पिंडदान, तर्पण और अस्थि विसर्जन की सभी रस्में शास्त्र सम्मत विधि से विद्वान पंडितों के सान्निध्य में संपन्न की गई।

संस्था प्रमुख अशोक गोयल, सुल्तान-ए-इंदौर के अध्यक्ष करीम पठान एवं जयदीप जोशी ने बताया कि इस अवसर पर सुरेश मोरे, फिरोज पठान, रिंकू ठाकुर एवं विजयेंद्र यादव, हेमंत शर्मा, राजकुमार मेहता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, सद्गुरु अण्णा महाराज, भागवताचार्य पं. पुष्पानंद पवन तिवारी व समाजसेवी हरि अग्रवाल के आतिथ्य में गांधी हॉल में पूजन के बाद अस्थि कलश को वाहन में विराजित कर ओंकारेश्वर के लिए प्रस्थित किया गया।

कार्यक्रम में गुरुद्वारे से आए पंच प्यारो ने भी अस्थियों के समक्ष अरदास की। इनमें दिलीप राजपाल, मामा सरदार, योगीराज नाथयोगी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। अतिथियों ने मानवता के रिश्तों और सेवा की मिसाल के प्रति इस आयोजन की खुले मन से सराहना की। पूर्व में भी संस्था को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से लावारिस शवों के अंतिम संस्कार के कीर्तिमान के लिए सम्मानित किया जा चुका है।

अग्रवाल संगठन पश्चिम क्षेत्र ने किया आयोजन

## अग्रबंधुओं ने समाजसेवा का लिया संकल्प, की सामूहिक आरती

• इंदौर



श्री अग्रवाल संगठन पश्चिम क्षेत्र द्वारा नारनोली अग्रवाल पंचायत मांगलिक भवन पर महाराजा अग्रसेन का चित्र पूजन कर महालक्ष्मी और महाराजा अग्रसेन की सामूहिक आरती उतारी गई। इस अवसर पर अग्रबंधुओं ने महाराजा अग्रसेन के संदेशों के अनुरूप समाजसेवा का संकल्प व्यक्त किया।

संगठन संरक्षक गोपाल गोयल, अध्यक्ष जगदीश बाबाश्री, मार्गदर्शक मंडल के हुकमचंद अग्रवाल ने बताया कि विधायक मालिनी गौड़, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता व भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता दीपक जैन टीनू ने भी महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया और उनके संदेशों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नारायण अग्रवाल, हरिनारायण गोयल, गोपाल गोयल हिंडोनिया, पीडी गर्ग, अरुण अग्रवाल, विजय अग्रवाल, दीपक अग्रवाल व सुनील गर्ग सहित बड़ी संख्या में पश्चिम क्षेत्र के समाजबंधुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया।

शाम को सभी समाजबंधु राजवाड़ा से निकलने वाले केंद्रीय समिति के जुलूस और चिमनबाग मैदान पर आयोजित सामाजिक सम्मेलन में भी शामिल हुए। रविवार को यहां पश्चिम क्षेत्र की 30 से अधिक कॉलोनियों के समाजबंधुओं का स्नेहभोज भी आयोजित किया गया।

रामद्वारा के संस्थापक का 128वां निर्वाण उत्सव मनाया

## सद्कर्मों से जाने जाते हैं महापुरुष



• इंदौर

छत्रीबाग स्थित रामद्वारा के संस्थापक मौनी संत राजाराम महाराज का 128वां निर्वाण उत्सव मनाया गया।

छत्रीबाग रामद्वारा के ट्रस्टी लक्ष्मीकुमार मुछाल, देवेंद्र मुछाल व रामसहाय विजयवर्गीय ने बताया कि इस अवसर पर संत सुखराम महाराज ने कहा कि संत और महापुरुष अपने सद्कर्मों से जाने जाते हैं। उनके सद्कर्मों की स्मृति कभी खत्म नहीं होती। संत राजाराम ऐसे तपोनिष्ठ संत थे, जिन्होंने भगवान के प्रति अपनी श्रद्धा और प्रीति को कभी कम, विलुप्त या कमजोर नहीं होने दिया। ऐसे रामानुरागी संतों के कारण ही समाज में संतों और महापुरुषों का सम्मान कायम है।

प्रारंभ में ट्रस्ट मंडल की ओर से राम निवास मोढ़, हेमंत काकाणी, भक्त मंडल के वासुदेव सोलंकी और भूरा पहलवान ने सभी भक्तों एवं संतों की अगवानी की। प्रारंभ में संत सुखराम महाराज के सान्निध्य में भजन, आरती एवं गुरु महिमा का गायन हुआ। बड़ी संख्या में रामद्वारा से जुड़े श्रद्धालु मौजूद रहे, जिन्होंने संत राजाराम के प्रति पुष्पांजलि समर्पित की।

## कैट रोड पर हरिधाम आश्रम में हवनात्मक शतचंडी महायज्ञ

**इंदौर** • शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में कैट रोड स्थित हरिधाम आश्रम पर महंत शुकदेव दास महाराज के सान्निध्य में दस दिवसीय हवनात्मक शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने परिवार, समाज एवं राष्ट्र में सुख-शांति और सद्भाव की कामना से आहुतियां समर्पित की। आश्रम स्थित मां यज्ञ शाला में आयोजित इस अनुष्ठान में नवग्रह मंत्र से 11 हजार तथा हनुमानजी, रामजी एवं शिवजी के नाम से भी 11 हजार हवनात्मक आहुतियां प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक समर्पित की जाएंगी। इस अवसर पर डॉ. सुरेश चोपड़ा, सुधीर अग्रवाल, सीताराम नरेड़ी, ओमप्रकाश अग्रवाल, मुकेश ब्रजवासी, श्रीकांत शर्मा एवं विजयसिंह राणा सहित आश्रम से जुड़े पदाधिकारियों ने भक्तों की अगवानी की। नवरात्रि में हरिधाम पर भक्ति आराधना करने वालों के लिए सुविधा के समुचित प्रबंध किए गए हैं। महंत शुकदेवदास महाराज ने बताया कि श्री हरिधाम भक्त मंडल के तत्वावधान में हो रहे इस महायज्ञ से गृह क्लेश, विवाह में रुकावट, रोग निवारण, शत्रु बाधा आदि समस्याओं के समाधान में लाभ मिलता है।

महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव

## महाराजा अग्रसेन-कुलदेवी महालक्ष्मी के जयघोष के बीच निकली प्रभातफेरी



• इंदौर

महाराजा अग्रसेन के जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ द्वारा रणजीत हनुमान मंदिर पर चोला समर्पित करने के बाद भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। यह पुखराज पैलेस फूटी कोठी पर महाराजा अग्रसेन की महाआरती के साथ संपन्न हुई।

प्रभातफेरी में पुरुष एवं महिलाएं परंपरागत परिधान में महाराजा अग्रसेन एवं कुलदेवी महालक्ष्मी का जयघोष करते हुए शामिल हुए। रणजीत हनुमान मंदिर के पुजारी पं. दीपेश व्यास, महासंघ के संरक्षक किशोर गोयल, समाजसेवी जगदीश बाबाश्री, संजय बांकड़ा, अरविंद वेल्युअर, ओमप्रकाश चायवाले ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का पूजन कर प्रभातफेरी का शुभारंभ किया। प्रभातफेरी में शिव जिंदल, ओमप्रकाश रेतवाले, शांतिलाल गिरनार, अनिल अग्रवाल, महेश अग्रवाल, शिव गर्ग, सुरेश गुप्ता आदि शामिल रहे।

**सुसज्जित रथ के साथ राजवाड़ा से चिमनबाग मैदान तक निकाली शोभायात्रा**

## महाराजा अग्रसेन व कुलदेवी महालक्ष्मी के जयकारों से गूंजा क्षेत्र, स्वागत की मची होड़

• इंदौर

श्री अग्रवाल समाज केंद्रीय समिति के तत्वावधान में सोमवार शाम महाराजा अग्रसेन की 5149वीं जयंती के उपलक्ष्य में राजवाड़ा से चिमनबाग मैदान तक शोभायात्रा निकाली गई। सुसज्जित रथ पर विराजित महाराजा अग्रसेन व पालकी में प्रतिष्ठित कुलदेवी महालक्ष्मी की पूजा-अर्चना की गई। यात्रा का कई स्थानों पर स्वागत हुआ। इस दौरान महाराजा अग्रसेन के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

इस मौके पर समिति अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल, उपाध्यक्ष टीकमचंद गर्ग, रमेश मित्तल, महामंत्री पवन सिंधानिया, संयोजक जगदीश गोयल बाबाश्री, कोषाध्यक्ष प्रकाश मोमबत्ती, प्रमुख प्रभारी गणेश गोयल व केंद्रीय समिति के पूर्व अध्यक्षों राम ऐरन, पीडी अग्रवाल, कुलभूषण कुक्की, विष्णु बिंदल, संतोष गोयल, किशोर गोयल, संजय बांकड़ा, अरविंद बागड़ी, गोविंद सिंघल व राजेश बंसल की उपस्थिति में महाराजा अग्रसेन के जयघोष के बीच रथ का पूजन कर जुलूस का शुभारंभ किया गया। जुलूस में सबसे आगे 18 ध्वजारोही घुड़सवार बालक, मंगल कलशधारी महिलाएं, फेंसी ड्रेस में शामिल नन्हे-मुन्ने बच्चे और मारवाड़ी परिधान में आए समाजबंधुओं, भजनों एवं गरबा मंडलियां के साथ ही सोलह श्रृंगार में सजी-धजी महिलाएं भी आकर्षण का केंद्र बने रहे। महाराजा अग्रसेन तथा कुलदेवी महालक्ष्मी के जयघोष के बीच जैसे-जैसे यात्रा का काफिला आगे बढ़ता गया, मंचों से स्वागत की होड़ भी बढ़ती गई, किंतु समिति की ओर से तैनात कार्यकर्ताओं ने कहीं भी यातायात अवरुद्ध नहीं होने दिया।



### सफाई व्यवस्था का रखा विशेष ध्यान

चिमनबाग मैदान पहुंचने पर महाराजा अग्रसेन के साथ महालक्ष्मी के दरबार की 1008 दीपों से महाआरती के पूर्व भगवान श्रीनाथजी को छप्पन भोग भी समर्पित किए गए। जुलूस में वरिष्ठ समाजसेवी दिनेश मित्तल, अविनाश अग्रवाल, बालकृष्ण छाबछरिया, नितिन अग्रवाल, शैलेन्द्र सिंघल, सहित अनेक विशिष्टजन अतिथि के रूप में उपस्थित थे। चिमनबाग मैदान पर 15 हजार से अधिक समाजबंधुओं के भोजनशाला बनाई गई थी। तीन हिस्सों में बनी इस भोजन शाला के साथ ही भजन संध्या के लिए भी अलग से मंच बनाया गया था। जहां देर रात तक हजारों समाजबंधुओं ने भजनों का आनंद लिया। जुलूस के दौरान समूचे मार्ग की सफाई के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई थी। सबसे अंत में एक वाहन में सफाई के संसाधन एवं 12 सफाईकर्मी साथ चल रहे थे, जिन्होंने हाथोंहाथ जुलूस मार्ग की सफाई की ।

## एक नजर

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल और देवड़ा ने दी नवरात्रि की शुभकामनाएं



**भोपाल •** शक्ति की उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्रि सोमवार से आरंभ हो गया है। इस पावन अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और जगदीश देवड़ा ने प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। शुक्ल ने सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से कहा कि शक्ति की उपासना के महापर्व शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस पर मां शैलपुत्री की आराधना करते हुए प्रार्थना है कि मां सभी के जीवन में संयम, साहस और दृढ़ संकल्प का संचार करें। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि शक्ति की साधना और मां दुर्गा की आराधना के पावन पर्व शारदीय नवरात्रि की आप सभी को मंगलमय शुभकामनाएं। मां जगदंबा से प्रार्थना है कि उनका दिव्य आशीर्वाद हर हृदय में शांति, हर घर में समृद्धि और हर जीवन में ऊर्जा का संचार करे।

### सीएम ने महाराज अग्रसेन जयंती पर दी शुभकामनाएं



**भोपाल •** श्री राम के वंशज और अग्रवाल, अग्रोहा समाज के पूर्वज महाराज अग्रसेन की जयंती के अवसर पर प्रदेशभर में कई आयोजनों की धूम रही। अग्रवाल समाज ने अपने आराध्य की पूजा-अर्चना कर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। इसी अनुक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी समाज के लोगों से महाराजा अग्रसेन के समरसतापूर्ण, समावेशी एवं समतावादी विचारों से प्रेरणा लेने की बात कही, क्योंकि उनके विचार आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में कहा क महाराजा श्री अग्रसेन जी की जयंती पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं !आपका संपूर्ण जीवन समरस समाज, परोपकार, करुणा और उद्यमिता हेतु अथाह प्रेरणा देता है।

### दमोह में छोटे भाई ने बड़े भाई के सीने में दागी गोली, मौत



**दमोह •** प्रदेश के दमोह जिले के बटियागढ़ फतेहपुर चौकी क्षेत्र के खमरिया गांव में सोमवार सुबह एक परिवार में विवाद के चलते खूनी संघर्ष हुआ। फसल कटाई के ठेके को लेकर हुए विवाद में छोटे भाई ने अपने बड़े भाई पर बंदूक से कई गोलियां चलाईं। गंभीर हालत में घायल बड़े भाई को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना में मृतक का बेटा भी गोली के छर्रों से घायल हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बिहारी पटेल (50) और उसका छोटा भाई रघुवीर पटेल उर्फ वीरन खेतिहर मजदूर हैं। बिहारी ने गांव के ही सुख सिंह से उड़द फसल की कटाई का ठेका कम दाम पर ले लिया था। इस पर रघुवीर को आपत्ति थी। रविवार रात दोनों भाइयों के बीच इस बात को लेकर विवाद हो हुआ था।

### महिला पटवारी तीन हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**नेपानगर •** लोकायुक्त टीम ने सोमवार शाम तहसील कार्यालय में पटवारी प्रियंका ठाकुर को तीन हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। उसने डवाली खुर्द निवासी ओंकार राठौर से पुश्तैनी कृषि भूमि में बालिग हुए पुत्र का नाम दर्शाने के लिए चार हजार रुपये मांगे थे। ओंकार एक हजार रुपये पहले ही प्रियंका को दे चुका था। सोमवार को जैसे ही उसने पटवारी कक्ष में उसे शेष बचे तीन हजार रुपये दिए लोकायुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया। लोकायुक्त टीम ने पटवारी के सहयोगी नंदू कोली को भी सह आरोपी बनाया है। लोकायुक्त के कार्यवाहक निरीक्षक आशुतोष मिठास ने बताया कि आवेदक ओंकार का नाम ऋण पुस्तिका में नाबालिग और पिता का नाम अंकित है। उसमें बालिग दर्ज कराने के लिए तहसील कार्यालय नेपानगर में आवेदन दिया था। रिश्वत की राशि नंदू ने प्राप्त की और ले जाकर पटवारी प्रियंका ठाकुर को दी थी।

**उपलब्धि...** मप्र परिवहन विभाग से नागरिकों को मिल रही सुविधाएं, प्रदूषण जांच के लिए 600 से ज्यादा प्रमाणित परीक्षण केंद्र संचालित

# 51 प्रकार की फेसलेस सुविधा देने वाला मप्र देश का दूसरा राज्य

**• भोपाल**

मध्यप्रदेश परिवहन विभाग में नागरिकों को ऑनलाइन सुविधा देने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। विभाग द्वारा वर्तमान में 51 प्रकार की फेसलेस सुविधा दी जा रही है। इस तरह की सुविधा देने वाला मध्य प्रदेश देश में दूसरा राज्य है। नागरिकों द्वारा ऑनलाइन सुविधा लेने के लिए अपलोड किए गए दस्तावेजों में कमी होने पर विभाग द्वारा आवेदक को एसएमएस के माध्यम से सूचित भी किया जा रहा है। इस सुविधा से नागरिक किसी प्रकार की कमी होने पर दस्तावेज को पुनः अपलोड कर पा रहे हैं। विभाग ने जिलेवार परिवहन कार्यों की समीक्षा के लिये एमआईएस कंसोल का उपयोग शुरू किया है।

#### अस्थाई परमिट पर कम हुई निर्भरता

जनसंपर्क अधिकारी मुकेश मोदी ने बताया कि प्रदेश में चलने वाले वाहनों से होने वाले प्रदूषण नियंत्रण के लिए उन्नत पीयूसीसी 2.0 प्रणाली शुरू की है। इस समय प्रदेश में 600 से ज्यादा प्रमाणिक परीक्षण केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। सभी केंद्रों को वाहन पोर्टल के पीयूसीसी संस्करण 2.0 के साथ एकीकृत किया गया है। इस सुविधा से नागरिकों को पीयूसी प्रमाण पत्र रियल टाइम पर सिस्टम द्वारा जारी किया जा रहा है। प्रदेश में वाहन परमिट समस्या समाधान के लिये क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण का पुनर्गठन कर संभागीय आयुक्तों को परमिट जारी करने का अधिकार दिया गया है। प्रदेश में 2700 से अधिक स्थाई परमिट होने से अस्थाई परमिट पर निर्भरता कम हुई है। इस व्यवस्था से आरटीओ एवं प्रवर्तन के काम में कमी आई है।




#### पारदर्शिता के उपाय

परिवहन विभाग ने अपनी कार्यप्रणाली में ट्रांसपेरेंसी लाने के लिये डिजिटल पेमेंट की सुविधा भी उपलब्ध कराई है। प्रवर्तन के दौरान पीओएस मशीन के माध्यम से पारदर्शी चालान जारी कर समय पर राजस्व लेखा संधारित किया जा रहा है। प्रवर्तन कर्मचारियों की निगरानी के लिए विभाग द्वारा एप विकसित किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं सुलभ तरीके से नागरिकों को उपलब्ध करवाने के लिए एमपी ऑनलाइन को अधिकृत किया गया है।

**उपलब्धि...** नई दिल्ली में आयोजित सीआईआई अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया वर्चुअली संबोधित

# मार्गदर्शक बनेगा मध्यप्रदेश




**• भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मुझे गर्व है कि मुरैना सोलर प्लस स्टोरेज परियोजना के शुभारंभ के साथ ही नवकरणीय ऊर्जा में मध्यप्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर नया मानक स्थापित किया है। यह भारत की पहली परियोजना है, जो रिकार्ड न्यूनतम 2 रुपए 70 पैसे प्रति यूनिट टैरिफ पर स्थिर और डिस्पैचेबल नवकरणीय ऊर्जा प्रदान कर रही है। मध्यप्रदेश में ऊर्जा के विभिन्न स्त्रोतों की स्थापित क्षमता तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 2025 तक सौर क्षमता लगभग 5 हजार मेगावाट पर पहुंच चुकी है, जिसे वर्ष 2035 बढ़ाकर 33 हजार मेगावाट करने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य सरकार द्वारा इंडस्ट्रियल प्रमोशन पालिसी, रिन्यूएबल एनर्जी पालिसी 2025 और पम्प हाइड्रो पालिसी 2025 के अंतर्गत औद्योगिक निवेश के लिए कई आकर्षक प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को नई दिल्ली के होटल ताज में आयोजित सीआईआई अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में केन्द्रीय नवकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी, मालदीव के पर्यावरण एवं पर्यटन राज्यमंत्री मुवियाथ मोहम्मद, सीआईआई और ई.वाय इंडिया के पदाधिकारी एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अगला अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन मध्यप्रदेश में आयोजित करने के लिए सभी को आमंत्रित किया।

#### मुख्यमंत्री बोले- मध्यप्रदेश ने नवकरणीय ऊर्जा में राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है नया मानक

| मुरैना सोलर प्लस स्टोरेज परियोजना रिकॉर्ड न्यूनतम 2 रूपए 70 पैसे प्रति यूनिट टैरिफ पर प्रदान कर रही है नवकरणीय ऊर्जा | **5 हजार मेगावाट तक पहुंच चुकी है प्रदेश की सौर ऊर्जा क्षमता** | मुख्यमंत्री ने आगामी अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन मध्यप्रदेश में करने का दिया संकेत |
|---|---|---|



#### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम नेट जीरो के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश अब केवल भारत का दिल नहीं, बल्कि निर्माण गतिविधियों का केन्द्र भी बन रहा है। यह समय हमारे लिए निर्णायक है, वैश्विक परिस्थितियां बदल रही हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है। 'मेक इन इंडिया' और 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करते हुए एक ऐसे भारत की नींव रखी जा रही है जो सुरक्षित, सक्षम और विश्व को मार्गदर्शन प्रदान करने की सामर्थ्य रखता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम सभी नेट जीरो के लक्ष्य की ओर दृढ़ संकल्पित होकर कदम बढ़ा रहे हैं। आने वाले वर्षों में भारत और मध्यप्रदेश विश्व के स्वच्छ ऊर्जा भविष्य का मार्गदर्शक बनेगा।

#### भारतीय अर्थव्यवस्था अब दुनिया की आशा और भरोसे का केंद्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि आज भारत को वैश्विक स्तर पर नज़र अंदाज़ नहीं किया जा सकता। हमारी मातृभूमि भारत अब केवल एक उभरती अर्थव्यवस्था नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया की आशा और भरोसे का केंद्र बन चुकी है। भारत ने 2070 तक नेट-ज़ीरो और 2030 तक 500 गीगावाट नॉन-फॉसिल फ्यूल क्षमता का लक्ष्य रखा है। देश 251.5 गीगावाट नॉन-फॉसिल ऊर्जा क्षमता को पार कर चुका है और सौर मॉड्यूल निर्माण क्षमता में 100 गीगावाट की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

बंगाल की खाड़ी में सक्रिय हो सकता है लो-प्रेशर एरिया, तीन दिन रहेगा असर

# प्रदेश में एक बार फिर 25 से झमाझम बारिश के आसार



**• भोपाल**

मध्य प्रदेश में अगले तीन दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश का दौर चलता रहेगा, लेकिन 25 से 26 सितंबर के बीच मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल जाएगा और तेज बारिश का सिलसिला शुरू होगा। इसके बाद धीरे-धीरे प्रदेश से मानसून की वापसी का रास्ता भी साफ होने लगेगा। फिलहाल भोपाल, इंदौर, जबलपुर समेत कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है।

मौसम वैज्ञान विभाग के अनुसार मंगलवार को भी हल्की बारिश हो सकती है। हालांकि 25 सितंबर से बंगाल की खाड़ी में लो-प्रेशर एरिया के एक्टिव होने की संभावना है, जिसके चलते मध्य प्रदेश में तेज बारिश का दौर शुरू होगा। यह सिस्टम दो से तीन दिन तक असर दिखा सकता है और इसके बाद मानसून की विदाई की प्रक्रिया शुरू होगी। प्रदेश में मानसून ने 16 जून को प्रवेश किया था, तब से अब तक औसतन 43.8 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है, जबकि सामान्य तौर पर 36.3 इंच बारिश होने पर राज्य का मानसूनी कोटा पूरा हो जाता है, यानी अपेक्षा से अधिक अब तक प्रदेश में 7.5 इंच अधिक पानी गिर चुका है।

#### खरीफ फसलों के लिए वरदान साबित होगी सितंबर की बारिश

विशेषज्ञों का कहना है कि सितंबर के अंतिम सप्ताह में होने वाली यह बारिश खरीफ की फसलों के लिए वरदान साबित होगी। सोयाबीन, धान और मक्का जैसी फसलों को अंतिम दौर की सिंचाई मिल जाएगी। वहीं जहां ज्यादा बारिश होगी, वहां कटाई में थोड़ी देरी भी हो सकती है। दूसरी ओर मानसून की विदाई की शुरुआत अक्टूबर के पहले सप्ताह से मानी जा रही है।

धीरेंद्र शास्त्री बोले-गरबा पंडाल के प्रवेश द्वार पर रखें गौमूत्र

# लगाए पोस्टर- जिहादियों को आना मना

**• भोपाल**

नवरात्रि से पहले गरबा उत्सवों को लेकर सनातनी संगठनो सख्त हैं। भोपाल में श्रीकृष्ण सेवा समिति ने गरबा पंडाल में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर चेतावनी जारी की है। इसमें कहा गया है कि कोई गैर-हिंदू गरबा में आता है, तो उसकी 'घर वापसी' कराई जाएगी और उसे गंगाजल पिलाकर गौमूत्र छिड़का जाएगा। समिति के कार्यकर्ता हाथों में लठ्ठ लेकर पंडालों पर तैनात रहेंगे।

वहीं बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने गरबा पंडालों में गैर-हिंदुओं की एंट्री को लेकर कहा कि जैसे हिंदू समुदाय हज यात्रा में भाग नहीं लेता, वैसे ही मुस्लिमों को गरबा में नहीं आना चाहिए। शास्त्री ने गरबा आयोजकों से अपील की है कि वे प्रवेश द्वार पर गौमूत्र रखें।

#### गरबा पंडालों में प्रवेश के लिए नियम

1- माथे पर तिलक और हाथों में कलावा: गरबा पंडाल में प्रवेश करने वालों को माथे पर तिलक और हाथों में कलावा पहनना अनिवार्य होगा।

2- आधार कार्ड की जांच: प्रवेश करने वालों की पहचान की पुष्टि के लिए आधार कार्ड की जांच की जाएगी।

3- गंगाजल और गौमूत्र का आचमन: कुछ पंडालों में प्रवेश करने से पहले गंगाजल और गौमूत्र का आचमन करना अनिवार्य होगा।

4- वराह देवता और मां दुर्गा की तस्वीर को नमन: प्रवेश करने वालों को वराह देवता और मां दुर्गा की तस्वीर को नमन करना होगा।




#### देवी को मानने वालों का स्वागत

श्री कृष्ण सेवा समिति के अध्यक्ष गोपाल तोमर ने कहा कि जो सनातन धर्म में विश्वास रखते हैं, मां-बहनों का सम्मान करते हैं, देवी को देवी मानते हैं, उनका स्वागत है।

### काली माता के गेटअप में रील बनाने पर विवाद

**ग्वालियर •** शहर में सोशल मीडिया पर काली माता के गेटअप में डांस करती एक लड़की का वीडियो वायरल होने से विवाद पैदा हो गया है। हिंदूवादी संगठनों ने इसे माता का अपमान बताया और एसपी ऑफिस जाकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। भारतीय किसान यूनियन अटल संस्था के युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रियांशु चौहान ने बताया कि यह घटना 21 सितंबर की है। वीडियो में एक लड़की काली माता का वेशभूषा पहनकर डांस करती नजर आ रही है। चौहान ने इसे भावना को ठेस पहुंचाने वाला बताया और केस दर्ज करने की मांग की। चौहान कार्यकर्ताओं के साथ एसपी ऑफिस पहुंचे और पुलिस को शिकायती आवेदन सौंपा। आवेदन में वीडियो में दिखने वाली महिला और इसे सोशल मीडिया पर साझा करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

मध्य प्रदेश की पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा का कम हो रहा है उपयोग

# हर माह ढाई करोड़ रु. खर्च लाभ उठा रहे सिर्फ 5 मरीज




**• भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की महत्वाकांक्षी योजना 'पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा' की उपयोगिता पर सवाल उठाने लगे हैं। इस सेवा के उपयोग में न जनता रुचि ले रही, न ही जनप्रतिनिधि और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी। मई 2024 में प्रारंभ हुई इस सेवा से अभी तक 85 रोगियों को ही प्रदेश के भीतर या दूसरे राज्य में उपचार के लिए पहुंचाया गया है। खास बात यह है कि एंबुलेंस का उपयोग हो या नहीं, पर सरकार की तरफ से एंबुलेंस का संचालन करने वाली कंपनी को प्रतिमाह नियत घंटों के किराये का भुगतान करने की शर्त है।

सरकार हेलीकाप्टर का 40 घंटे और हवाई जहाज का 60 घंटे का फिक्स किराया कंपनी को देती है, पर इतने घंटे भी सेवा नहीं ले पा रही है। हेलीकाप्टर का किराया प्रतिघंटे सवा तीन लाख रुपये और हवाई जहाज का दो लाख रुपये है। यानी एक करोड़ 30 लाख रुपये हेलीकाप्टर और एक करोड़ 20 लाख रुपये हवाई जहाज का किराया सरकार प्रति माह चुका रही है, जबकि प्रतिमाह औसतन पांच रोगी ही योजना का लाभ उठा रहे हैं।

जीवाजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति मंगूभाई पटेल बोले

# शिक्षा की सार्थकता तभी जब वंचित और गरीबों को साथ लेकर चलेंगे

**• भोपाल**

राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा कि शिक्षा केवल कौशल और विशेषज्ञता तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। शिक्षा की सार्थकता तभी है जब विद्यार्थी अपने जीवन पथ पर वंचित और गरीब व्यक्तियों को साथ लेकर चलें।

राज्यपाल पटेल सोमवार को ग्वालियर मेंजीवाजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उपाधि प्राप्त सभी विद्यार्थियों, पालकों व गुरुजनों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल पटेल की अध्यक्षता एवं विद्या भारती के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष अवनीश भटनागर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुए दीक्षांत समारोह में 89 विद्यार्थियों को पीएचडी, 43 विद्यार्थियों को 61 गोल्ड मैडल एवं 132 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर उपाधि प्रदान की गईं।

**89** विद्यार्थियों को पीएचडी

**43** विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल

**132** विद्यार्थियों को मिली स्नातकोत्तर उपाधि



#### हुआ राष्ट्रगान

समारोह के आरंभ और समापन अवसर पर राष्ट्रगान हुआ। कार्यक्रम में राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विवि की कुलगुरु प्रो. स्मिता सहस्त्रबुद्धे, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अरविंद कुमार शुक्ला, कलेक्टर रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

#### राज्यपाल पटेल ने जीवाजी विवि परिसर में रोपा पौधा

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने जीवाजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के अवसर परविश्वविद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा भी रोपा। साथ ही सभी से पर्यावरण के संरक्षण के लिये वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। साइबर अपराधों के खिलाफ जनजागरूकता लाने की पहल भी करना चाहिए इस अवसर पर जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. राजकुमार आचार्य, विद्या भारती के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष अवनीश भटनागर, विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के सदस्यगण व कुलसचिव प्रो. राकेश कुशवाह उपस्थित थे।

## संपादकीय

# ट्रंप की नीति से आईटी सेक्टर को लगा बड़ा झटका

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में यह जता दिया है कि वह बिना किसी सार्वजनिक चर्चा या पूर्व सूचना के बड़े निर्णय लेने के लिए तैयार रहते हैं। एच-1बी वीजा के लिए फीस बढ़ाकर 1 लाख डॉलर तक करने के उनके निर्णय के साथ भी लगभग यही बात लागू होती है। ट्रंप के इस फैसले ने उन लोगों के मन में कुछ हद तक चिंता बढ़ा दी जिनके पास इस समय एच-1बी वीजा है।

ऐसी खबरें भी आ रही हैं कि ट्रंप की घोषणा के बाद हवाई अड्डों पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया है कि नया एच-1 बी वीजा फीस केवल नए आवेदकों पर ही लागू होगा। मगर इस बात का कतई भरोसा नहीं किया जा सकता कि अमेरिकी सरकार इस आश्वासन पर कायम रहेगी। हालांकि, मौजूदा एच-1बी वीजा धारकों को निश्चित रूप से कुछ हद तक राहत महसूस होगी। अमेरिका प्रशासन का यह निर्णय किस तरह अमल में लाया जाएगा और किन पर लागू होगा इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। ऐसा लग रहा है कि ट्रंप प्रशासन इस बात को लेकर गर्व महसूस कर रहा है कि उसे अपने निर्णयों पर किसी को सफाई देने की जरूरत नहीं है और बाहरी लोगों को तो बिल्कुल नहीं।

एच-1बी वीजा पर पर ट्रंप का निर्णय यह भी दर्शाता है कि वह अपने दूसरे कार्यकाल में अधिक अतिवादी सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले कार्यकाल में उनके अटॉर्नी जनरल ने एच-1बी वीजा कार्यक्रम सीमित करने एवं उसमें सुधार का प्रयास किया था मगर उनकी यह योजना आगे नहीं बढ़ पाई। दूसरे कार्यकाल के लिए ट्रंप के शपथ ग्रहण से ठीक पहले बड़ी तकनीकी कंपनियों के प्रमुख लोगों और 'अमेरिका फर्स्ट' गुट के लोगों के बीच चर्चा में एच-1 बी वीजा का मुद्दा फिर उठा। उस समय निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने ईलॉन मस्क के प्रतिनिधित्व वाले गुट की बात मान ली थी। मगर अब मस्क राष्ट्रपति ट्रंप से दूर जा चुके हैं और अमेरिकी कंपनियों ने व्हाइट हाउस की इच्छाओं के आगे झुकने की अपनी रजामंदी भी दे दी है। इस गठबंधन के कारोबारी पक्ष पर 'अमेरिका फर्स्ट' समर्थक हावी हो गए हैं। ट्रंप के इस निर्णय पर भारतीय अधिकारियों ने साहसिक रुख अख्तियार किया है। उन्हें लगता है कि भारत के अपने तकनीकी एवं स्टार्टअप क्षेत्र बड़ी संख्या में प्रतिभावान लोगों को अपने साथ जोड़ सकते हैं मगर इस बात को लेकर भी संदेह नहीं कि भारत की कई सूचना प्रौद्योगिकी-समर्थित सेवा (आईटीईएस) कंपनियों के लिए गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं।

# राहुल गांधी फिर ले आए वोट चोरी का प्रमाण!

चुनाव आयोग देश भर में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआईआर को लेकर कमर कस चुका है। इधर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार वोट चोरी का आरोप लगाकर नए-नए मामले उछाल रहे हैं। इस बार उन्होंने कर्नाटक के अलंद से वोट काटे जाने का आरोप लगाया और अपनी ओर से कुछ कथित प्रमाण भी पेश किए। उनकी मानें तो यहां से कांग्रेस के 6018 वोटरों के वोट काटे गए। उन्होंने यह भी समझाया कि कर्नाटक के बाहर के लोगों ने मोबाइल फोन के जरिये कांग्रेसी वोटरों के नाम हटा दिए।

उन्होंने अपने जिन आरोपों को सौ प्रतिशत पुख्ता बताया, उन्हें चुनाव आयोग ने निराधार करार देते हुए कहा कि इस तरह मोबाइल से वोट नहीं हटाए जा सकते। आयोग ने यह तो माना कि अलंद में कुछ लोगों के वोट हटाने की कोशिश हुई थी, पर यह भी साफ किया कि इसके खिलाफ एक रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी और इस मामले की जांच अभी जारी है।

स्पष्ट है जब तक यह जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक राहुल के आरोपों को सच मान लेने का कोई कारण नहीं। राहुल गांधी कुछ समय पहले भी वोट चोरी के ऐसे ही एक और मामले को सामने लाए थे। उसे उन्होंने एटम बम की संज्ञा दी थी। उनका दावा है कि वे वोट चोरी का ऐसा मामला रखेंगे, जो हाइड्रोजन बम सरीखा होगा और उसके बाद प्रधानमंत्री मोदी अपना मुंह नहीं दिखा पाएंगे। साफ है वे यह समझाने की जल्दबाजी में भी हैं कि इस छल-कपट में चुनाव आयोग भी भाजपा का साथ दे रहा है।

अच्छा हो कि वे यह समझें कि कोई सनसनीखेज बात कहने मात्र से वह गंभीर आरोप की शक्ल नहीं ले लेती। वोट चोरी को तूल दे रहे राहुल को ऐसी किसी सीट का उदाहरण देना चाहिए था, जहां भाजपा विधायक जीता होता। वे जिस अलंद सीट का हवाला दे रहे हैं, वहां तो 2023 में कांग्रेस प्रत्याशी ने जीत हासिल की थी। वह वोट चोरी के मामले को उछालकर सुर्खियां भले बटोर ले रहे हों, पर उनके इस दावे में दम नहीं दिखता कि वे लोकतंत्र बचाने का काम कर रहे हैं।

# सावधान! पश्चिमी यूपी के 'पाकिस्तान' बनने की चेतावनी



संयम श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

> राम भद्राचार्य का बयान इन मुद्दों को उजागर करता है, जो अप्रत्यक्ष रूप से योगी सरकार की नीतियों की सीमाओं को दर्शाता है। उदाहरण के लिए, संभल में 2024 में सांप्रदायिक तनाव और हिंदू परिवारों का पलायन योगी के लॉ एंड ऑर्डर दावों पर सवाल उठाता है।

जगद्गुरु स्वामी राम भद्राचार्य ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के मेरठ में रामकथा के दौरान कुछ ऐसा कह दिया जिस पर राजनीति शुरू हो गई है। उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश को मिनी पाकिस्तान जैसा बता दिया। उनका बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। उन्होंने कहा, कि आज हिंदुओं पर बहुत संकट है। अपने ही देश में हम हिंदू धर्म को उतना न्याय नहीं दे पा रहे हैं।

राम भद्राचार्य ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आकर ऐसा लगता है मानो कि यह मिनी पाकिस्तान है। संभावना है कि उनका यह बयान वेस्ट यूपी में तेजी से बढ़ती मुस्लिम आबादी, हिंदू पलायन और कथित धार्मिक असंतुलन के चलते आया है। पर इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लाल किले के प्राचीर से इस साल बोले गए भाषण का यह स्वाभाविक विस्तार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बदलती डेमोग्राफी पर चिंता जाहिर की थी। पीएम मोदी ने साफ-साफ शब्दों में कहा, 'मैं आज एक चिंता और चुनौती के संबंध में आगाह करना चाहता हूं। सोची-समझी साजिश के तहत देश की डेमोग्राफी को बदला जा रहा है, एक नए संकट के बीज बोए जा रहे हैं। ये घुसपैठिए मेरे देश के नौजवानों की रोजी-रोटी छीन रहे हैं। ये घुसपैठिए मेरे देश की बहन-बेटियों को निशाना बना रहे हैं, यह बर्दाश्त नहीं होगा।'

प्रधानमंत्री का यह बयान वैसे तो बंग्लादेश और म्यांमार की सीमा पर हो रहे अवैध घुसपैठ को लेकर था, पर यूपी की राजनीतिक हालत से वाकिफ लोगों को पता है कि पश्चिमी यूपी में वास्तव में डेमोग्रेफी चेंज चिंता का विषय है। इस साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों, 2026 में बंगाल विधानसभा चुनावों में तो यह प्रमुख मुद्दा बनने वाला ही था, पर अब लगता है कि यूपी में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों में भी डेमोग्रेफी परिवर्तन बड़ा मुद्दा लगेगा।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश (जैसे मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर आदि) को 'मिनी पाकिस्तान' पहले भी आम तौर बोल दिया जाता रहा है। इसका मुख्य कारण मुस्लिम जनसंख्या के चलते रहा है। पश्चिमी यूपी में मुस्लिम आबादी 25-30% के करीब है। (कासगंज, संभल, अमरोहा में 40% से अधिक) जो 1951 के बाद करीब 15% से ज्यादा बढ़ी है। 2011 जनगणना के अनुसार, मुजफ्फरनगर में 43% मुस्लिम, जबकि हिंदू बहुमत घट रहा है। उम्मीद की जा रही है कि नई जनगणना में मुस्लिम जनसंख्या का परसेंटेज और अधिक होगा।

पूर्व बीजेपी विधायक संगीत सोम ने भी 2023 में इसी तरह का बयान दिया था। उन्होंने दावा किया था कि बढ़ती मुस्लिम आबादी और तुष्टिकरण की राजनीति से पश्चिमी यूपी 'मिनी पाकिस्तान' बन रहा है। दरअसल कई शहरों और कस्बों के मुस्लिम आबादी के बीच से हिंदुओं के पलायन के चलते ऐसी भावना पैदा हो रही है कि वेस्ट यूपी पाकिस्तान बन रहा है। अभी इसी साल कासगंज (2025) के सराय जुनारदार गांव में हिंदुओं ने घर बेचने के पोस्टर लगाए, क्योंकि होली दहन भूमि पर मस्जिद बनी और उत्पीड़न बढ़ा।



इसके पहले कैराना से हिंदुओं के पलायन की खबर राष्ट्रीय खबर बनी थीं। मेरठ में एक सोसायटी में हिंदुओं को फ्लैट न बेचने की खबर भी अभी कुछ दिनों पहले चर्चा में आई थी। संभल से हिंदुओं की पलायन की खबर पर तो अब सरकारी रिपोर्ट भी आ चुकी है कि किस तरह साजिश के तह यहां से हिंदुओं को भगाया गया। लव जिहाद के मामले में इस इलाके में देश में सर्वाधिक सामने आए हैं। 2024 में करीब 200 से अधिक मामले केवल पश्चिमी यूपी में आए। लेकिन सजा दर 20 प्रतिशत से भी कम रही।

राम भद्राचार्य का बयान मोदी की डेमोग्राफी चेंज चिंता को विस्तार देने की कवायद हो सकती है। यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया चेतावनियों से मेल खाता है, जिसमें उन्होंने घुसपैठ और जनसांख्यिकी बदलाव को राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ा। क्या यह बयान मोदी की डेमोग्रेफी चिंता को स्थानीय स्तर पर विस्तार देने की रणनीति है? 15 अगस्त को पीएम ने हाई पावर्ड डेमोग्रेफी मिशन की घोषणा की, जो घुसपैठियों को रोकने और आबादी संतुलन बनाए रखने पर केंद्रित है।

22 अगस्त को उन्होंने बिहार में दोहराया कि घुसपैठिये डेमोग्रेफी बदल रहे हैं। एनडीए सरकार इसे रोकेगी। 15 सितंबर को असम में में पीएम ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में डेमोग्रेफी बदलने की साजिश हो रही है। घुसपैठियों को आश्रय देने वालों को कीमत चुकानी पड़ेगी। इसके पहले पिछले साल अक्टूबर में पीएम ने झारखंड में चिंता जताई थी कि अवैध प्रवासियों द्वारा जनजातीय भूमि पर कब्जे और डेमेग्राफी बदलने की कोशिश की जा रही है। मोदी का यह नैरेटिव अवैध घुसपैठ, उच्च जन्म दर और सांप्रदायिक असंतुलन पर केंद्रित है, जो खासकर सीमावर्ती राज्यों (यूपी, असम, पश्चिम बंगाल) में चिंता का विषय है।राम भद्राचार्य का बयान पश्चिमी यूपी में हिंदू पलायन, मुस्लिम आबादी वृद्धि और घुसपैठ पर केंद्रित है। उन्होंने संभल जैसे क्षेत्रों में हिंदुओं के पलायन और धार्मिक असंतुलन का जिक्र किया, जो मोदी के डेमोग्रेफी मिशन से मेल खाता है। जाहिर है कि डेमोग्रेफी मिशन में कहीं से भी पश्चिम यूपी की बात नहीं हो रही थी।रामभद्राचार्य के इस बयान के बाद उम्मीद है कि पश्चिम यूपी के जिलों की चर्चा शुरू होगी। पश्चिमी यूपी (मेरठ, सहारनपुर, रामपुर) सीमावर्ती क्षेत्र है, जहां 2011 की जनगणना के अनुसार मुस्लिम आबादी 30-50% है। राम भद्राचार्य ने इसे मिनी पाकिस्तान कहकर मोदी के घुसपैठ नैरेटिव को स्थानीय रंग दिया है।

राम भद्राचार्य ने हिंदुओं के पलायन, अवैध घुसपैठ और मुस्लिम आबादी में वृद्धि पर चिंता जताई। उन्होंने हिंदू परिवारों से तीन संतान पैदा करने और हर घर में धर्म की पाठशाला खोलने का आह्वान किया। यह योगी सरकार की नीतियों की असफलता से ज्यादा हिंदू समुदाय और सरकार दोनों को जागरूक करने की कोशिश थी। योगी आदित्यनाथ को हिंदुत्व का मजबूत चेहरा माना जाता है, और राम भद्राचार्य जैसे संतों का उनसे अपेक्षा रखना स्वाभाविक है।

# स्वच्छ ऊर्जा की दौड़ में चीन का बढ़ता वर्चस्व!




विनीत नारायण
वरिष्ठ पत्रकार

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में ब्लू इकोनॉमी नए भारत के विकास दृष्टिकोण के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में उभरी है। इसमें समुद्री संसाधनों के सतत उपयोग के माध्यम से 100 बिलियन अमरीकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है।

आज की दुनिया में ऊर्जा नीतियां सिर्फ आर्थिक निर्णय नहीं हैं, बल्कि वैश्विक वर्चस्व की कुंजी हैं। जब अमेरिका तेल और गैस पर दांव लगाकर पुरानी राह पर लौट रहा है, वहीं चीन स्वच्छ ऊर्जा क्रांति को गति दे रहा है। यह विरोधाभास न केवल आर्थिक असंतुलन पैदा कर रहा है, बल्कि भविष्य की तकनीकी दिग्गजों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के लिए बुनियादी ढांचे को भी प्रभावित कर रहा है। साइरस जेन्सेन की हालिया वीडियो 'अमेरिका जस्ट मेड द ग्रेटेस्ट मिस्टेक ऑफ द 21वीं सेंचुरी' इस मुद्दे को बेबाकी से उजागर करती है। अमेरिका जो कभी नवाचार का प्रतीक था, अब अपनी ऊर्जा नीतियों में उल्टा चढ़ाव दिखा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में, अमेरिका ने अलास्का में 44 अरब डॉलर का प्राकृतिक गैस प्रोजेक्ट शुरू किया था। जनरल मोटर्स जैसी कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की योजनाओं को रद्द कर रही हैं और वी8 गैस इंजनों पर लौट रही हैं। यहां तक कि ईवी खरीद पर टैक्स क्रेडिट भी समाप्त कर दिए गए हैं। यह सब तब हो रहा है, जब दुनिया जलवायु परिवर्तन से जूझ रही है और नवीकरणीय ऊर्जा ही भविष्य का रास्ता दिख रही है।

जेन्सेन की वीडियो में साफ कहा गया है कि अमेरिका की यह रणनीति अल्पकालिक लाभ के लिए है। तेल और गैस निर्यात बढ़ाने से तत्काल आर्थिक फायदा तो मिलेगा, लेकिन लंबे समय में यह वैश्विक बाजारों में पीछे धकेल देगा। अमेरिका ने 1950 के दशक में सोलर पैनल विकसित किए थे, 1970 के दशक में लिथियम-आयन बैटरी का आविष्कार किया, लेकिन रोनाल्ड रीगन जैसे नेताओं ने जिमी कार्टर के व्हाइट हाउस सोलर पैनल हटाकर इसकी उपेक्षा की। आज भी वही पुरानी सोच हावी है। परिणामस्वरूप, अमेरिका ईवी निर्यात में मात्र 12 अरब डॉलर और बैटरी निर्यात में 3 अरब डॉलर पर सिमट गया है, जबकि सोलर पैनल निर्यात तो महज 69 मिलियन डॉलर का है।

यह भूल सिर्फ आर्थिक नहीं, भू-राजनीतिक भी है। वैश्विक दक्षिण जो सौर और पवन ऊर्जा के 70 प्रतिशत स्रोतों और महत्वपूर्ण खनिजों के 50 प्रतिशत का नियंत्रण रखता है अब नवीकरणीय ऊर्जा की ओर मुड़ रहा है। अमेरिका का जीवाश्म ईंधन पर फोकस इन देशों को अलग-थलग कर देगा, जबकि चीन इनके साथ साझेदारी कर रहा है। वहीं, चीन ने स्वच्छ ऊर्जा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बना लिया है। 2024 में चीन ने दुनिया के बाकी देशों से ज्यादा विंड टर्बाइन और सोलर पैनल लगाए। ईवी और बैटरी स्टोरेज में निवेश ने इसे वैश्विक नेता बना दिया है। पिछले साल चीन ने 38 अरब डॉलर के ईवी निर्यात किए, 65 अरब डॉलर की बैटरी बेचीं, और सोलर पैनल के 40 अरब डॉलर के निर्यात किए। स्वच्छ ऊर्जा पेटेंट में चीन के पास 7 लाख से ज्यादा हैं, जो दुनिया के आधे से अधिक हैं।



जेन्सेन उद्धृत करते हुए बताते हैं कि चीन की सफलता का राज समन्वित प्रयास है। सीएल के सह-अध्यक्ष शिएन पैन कहते हैं, 'चीन को लंबे लक्ष्य पर प्रतिबद्ध करना मुश्किल है, लेकिन जब हम प्रतिबद्ध होते हैं, तो समाज के हर पहलू सरकार, नीति, निजी क्षेत्र, इंजीनियरिंग सभी एक ही लक्ष्य की ओर कड़ी मेहनत करते हैं।" यह दृष्टिकोण अमेरिका की छिटपुट नीतियों से बिल्कुल अलग है।


चीन अब वैश्विक बाजारों में फैल रहा है। ब्राजील, थाईलैंड, मोरक्को और हंगरी में ईवी और बैटरी फैक्टरियां बना रहा है। हंगरी में 8 अरब डॉलर का कारखाना, इंडोनेशिया में 11 अरब डॉलर का सोलर प्लांट, ये निवेश न केवल आर्थिक, बल्कि भू-राजनीतिक लाभ भी दे रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के हवाले से जेन्सेन कहते हैं, "ईवी बैटरी बनाने वाले देश दशकों तक आर्थिक और भू-राजनीतिक फायदे काटेंगे। अभी तक का एकमात्र विजेता चीन है।'

पिछले 15 वर्षों में चीन ने बिजली उत्पादन में अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है क्योंकि एआई जैसी उभरती तकनीकें बिजली पर निर्भर हैं। चीन का स्वच्छ ऊर्जा निवेश न केवल पर्यावरण बचाएगा, बल्कि एआई क्रांति में भी नेतृत्व देगा। आरएमआई की 'पावरिंग अप द ग्लोबल साउथ' रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक दक्षिण के 70 प्रतिशत सौर-पवन संसाधन चीन की रणनीति से जुड़ रहे हैं।

यह संघर्ष सिर्फ दो महाशक्तियों का नहीं, बल्कि पूरी दुनिया का है। वैश्विक दक्षिण अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, दक्षिण एशिया, अब सस्ती और सतत ऊर्जा की तलाश में हैं। चीन ने इन देशों में सस्ते सोलर पैनल और ईवी तकनीक पहुंचाई है, जबकि अमेरिका के महंगे गैस प्रोजेक्ट इनके लिए बोझ साबित हो रहे हैं। परिणाम? ये देश चीन की ओर झुक रहे हैं।

भारत के संदर्भ में देखें तो यह चेतावनी स्पष्ट है। हमारी 'मेक इन इंडिया' और 'प्लेड्ज फॉर क्लाइमेट' पहलें स्वच्छ ऊर्जा पर केंद्रित हैं, लेकिन चीन का वर्चस्व चुनौती है। भारत सोलर और विंड में प्रगति कर रहा है, लेकिन बैटरी और ईवी चिप्स में आयात पर निर्भरता बनी हुई है। यदि हम चीन की तरह समन्वित नीति नहीं अपनाते, तो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में पीछे रह जाएंगे। अमेरिका की गलती से सबक लेते हुए, भारत को स्वदेशी नवाचार पर जोर देना चाहिए। अमेरिका को अपनी नीतियां पलटनी होंगी, ईवी सब्सिडी बहाल करनी होंगी, नवीकरणीय अनुसंधान में निवेश बढ़ाना होगा। लेकिन समय कम है। चीन का बढ़त 10 वर्षों का नहीं, बल्कि दशकों का हो सकता है। अमेरिका ने 21वीं सदी की सबसे बड़ी गलती कर दी है, जीवाश्म ईंधन पर दांव लगाकर स्वच्छ ऊर्जा के भविष्य को गंवा दिया। चीन का उदय एक सबक है/ समन्वित, दूरदर्शी नीतियां ही विजेता बनाती हैं। भारत जैसे देशों को इस दौड़ में शामिल होना चाहिए।

## रोचक जानकारी — ग्रहों और चंद्रमा पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग की संख्या




## 'चलती-फिरती विरासत'



कोलकाता की पीली टैक्सियां शरद शमन के 40 साल पूरे होने पर 'छोलते-छोलते 40' परियोजना के तहत शहर की धड़कनों को अपनी देह पर सहेज कर फिर से सड़कों पर लौट आई हैं। ये टैक्सियां अब सिर्फ सफर नहीं करातीं, बल्कि हर मोड़ पर बीते चार दशकों की सांस्कृतिक स्मृतियों को जीवंत करती हैं।



# टिकटॉक की भारत में वापसी की राह आसान नहीं

चीनी एप टिकटॉक को लेकर चीन और अमेरिका में विवाद की स्थिति है। सुलह को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने फोन पर चर्चा भी की। ट्रंप और शी के बीच फोन पर बातचीत हुई, जिसमें टिकटॉक डील पूरी होने का दावा ट्रंप ने किया। इसके बाद अमेरिका में टिकटॉक का संचालन सुचारु हो सकेगा। इसी बीच चीनी सोशल मीडिया और शॉर्ट वीडियो शेयरिंग एप टिकटॉक की भारत में वापसी को लेकर खबरें सामने आ रही हैं। ऐसा दावा किया जा रहा है कि टिकटॉक पर 5 साल पहले लगे बैन को सरकार हटाने जा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर टिकटॉक फिर से ट्रेंड करने लगा। कई यूजर्स इस पर लगे बैन को हटाए जाने का समर्थन कर रहे थे, तो कइयों ने इसकी दोबारा वापसी का विरोध किया। खैर, सोशल मीडिया पर यूजर्स की अपनी-अपनी राय हो सकती है। हालांकि, चीनी एप टिकटॉक की दोबारा भारत में वापसी इतनी आसान नहीं है। पैरेंट कंपनी बाइटडांस की तरफ से भी इसे लेकर फिलहाल कुछ भी आधिकारिक तौर पर नहीं कहा गया है।

दरअसल, टिकटॉक की वेबसाइट भारत में एक बार फिर से ओपन होने लगा। इसे लेकर सोशल मीडिया पर यह अफवाह फैल गई कि सरकार टिकटॉक पर से बैन हटाने वाले हैं। हालांकि, गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर पर टिकटॉक उपलब्ध नहीं है, जो दर्शाता है कि सरकार ने इस पर से बैन नहीं हटाया है। टिकटॉक की वेबसाइट आंशिक तौर पर खुलने लगा है, जिसमें कंपनी अपने प्लेटफॉर्म को लोगों की क्रिएटिविटी और मनोरंजन का साधन बता रही है।

वेबसाइट ओपन होने के अलावा भारत और चीन के बीच सुधरते रिश्ते भी टिकटॉक की वापसी वाली हवा को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर 50% टैरिफ लगाने का विरोध करने वाले देशों में चीन भी शामिल है, जिसकी वजह से लोगों का मानना है कि जल्द ही भारत और चीन के बीच चल रहा मनमुटाव खत्म हो जाएगा। इसके बाद चीनी ऐप्स की दोबारा से भारत में एंट्री हो सकती है।

जून 2020 में भारत सरकार ने टिकटॉक समेत 59 चीनी ऐप्स पर पाबंदी लगा दी थी, इन एप्स भारत में लाखों यूजर्स थे। इन एप्स पर बैन लगाने के बाद सरकार ने आने वाले कुछ महीनों में 200 से ज्यादा चीनी एप्स पर प्रतिबंध लगा दिया। सरकार ने आईटी




एक्ट 69ए के उल्लंघन की वजह से इन ऐप्स को बैन किया था। इन ऐप्स का सर्वर चीन में है, जिसे वहां की सरकार कंट्रोल करती है। ऐसे में भारतीय यूजर्स के निजी डेटा और देश की संप्रभुता को लेकर खतरा था। उस समय गलवान घाटी में हुए तनातनी और कोरोना की वजह से देश में चीन के खिलाफ लोगों का गुस्सा चरम पर था। देश की संप्रभुता, अखंडता, रक्षा, सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने सैंकड़ों चीनी ऐप्स को बैन कर दिया था। हालांकि, पिछले 5 सालों में भारत और चीन के बीच रिश्ते काफी बदल चुके हैं। दोनों देश सीमा विवाद सुलझाने के लिए कई बार सकारात्मक बातचीत कर चुके हैं। ऐसे में दोनों देशों के बीच नरमी आई है, लेकिन इसके बावजूद चीनी ऐप्स से प्रतिबंध हटाना काफी मुश्किल है। बैन से पहले टिकटॉक भारत में सबसे ज्यादा लोकप्रिय ऐप्स में से एक था। खास तौर पर युवाओं के बीच इसकी लोकप्रियता ने अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म खास तौर पर फेसबुक और वाट्सऐप की परेशानी बढ़ा दी थी। टिकटॉक पर उस समय 20 करोड़ से ज्यादा एक्टिव यूजर्स थे और ये भारत में सबसे ज्यादा डाउनलोड किए जाने वाले ऐप्स में था। हालांकि, अब परिस्थिति बदल गई है। टिकटॉक बैन होने के बाद इंस्टाग्राम ने उसकी जगह ले ली है। इंस्टाग्राम के अलावा कई और स्टार्टअप कंपनियों ने इसकी जगह लेने की कोशिश की थी, जिनमें मौज, चिंगारी आदि शामिल हैं।

टिकटॉक को भारत में वापसी के लिए यहां के नियमों के मुताबिक, यूजर्स का डेटा लोकली स्टोर करना होगा। इसका कंट्रोल किसी अन्य देश में नहीं रखना होगा। टिकटॉक की पैरेंट कंपनी बाइटडांस का हेडक्वार्टर चीन की राजधानी बीजिंग में है। कंपनी का चीनी सरकार के साथ एक स्ट्रैटेजिक साझेदारी भी है।

पिछले एक दशक में भारतीयों के एक-दूसरे के साथ बातचीत करने, सामग्री साझा करने और उसका उपभोग करने के तरीके में बदलाव आया है। इंटरनेट और मोबाइल फोन कनेक्शन तेजी से बढ़े हैं और उन्होंने रातोंरात भारत में डिजिटल कनेक्टिविटी का स्वरूप बदल दिया है। नवाचार के कई क्षेत्रों में सोशल मीडिया सबसे ज्यादा परिवर्तनकारी शक्ति है। इस माहौल ने "मेड इन इंडिया" प्लेटफॉर्म्स को काफी बढ़ावा दिया है, जो आत्मनिर्भर भारत पहल और उपभोक्ता समुदाय में जागृति के जरिए बढ़ रहे हैं।



मालवा मोटर स्पोर्ट्स क्लब के प्रेसिडेंट डॉ. अफजल बंगलोवाला ने विजेता विनोद पटेल को ट्रॉफी प्रदान की।

पथरीले रास्ते, पानी, नदी, खाई और पहाड़ी ट्रैक... सुनने में जितना दिलचस्प लगता है, उससे कहीं ज्यादा दिलचस्प रहा नाइट लेन इवेंट। **महंगी कारों से युवाओं ने इन दुर्गम रास्तों को पार किया।** रोमांच से भरपूर इस टास्क में विजेता भले ही चुनिंदा रहे हों, जोश हर किसी का बराबर ही था।

**मालवा** मोटर स्पोर्ट्स क्लब ने दो दिनी नाइट लेन का मांडू में किया आयोजन

**क्लब** के निपुन अग्रवाल का उद्देश्य- इवेंट से जुड़ें अधिक से अधिक युवा



# रोमांच और जोश का जश्न NIGHT LANE का अनोखा सफर !







इवेंट रात 8.30 बजे शुरू हुआ था, जो रात 12 बजे तक चला

**दो कैटेगरी में हुआ इवेंट**

| 40 | 46 |
|---|---|
| किमी लंबा था ट्रैक | युवा शामिल हुए |

दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़, कोलकाता, बेंगलुरु समेत कई शहरों से आए थे प्रतिभागी



मालवा मोटर स्पोर्ट्स क्लब के प्रेसिडेंट डॉ. अफजल बंगलोवाला और सचिव व आयोजक निपुन अग्रवाल सहित अन्य क्लब सदस्य।

• इंदौर

मालवा मोटर स्पोर्ट्स क्लब ने मांडू में इसका आयोजन किया था। एडवेंचर से भरा ये इवेंट शनिवार और रविवार की को हुआ। इस दो दिनी नाइट लेन इवेंट के आयोजक निपुन अग्रवाल थे। क्लब ने रैली स्प्रिंट और टीएसडी (टाइम, स्पीड और डिस्टेंस) का भी आयोजन किया। इस रोमांचक इवेंट में 46 लोगों ने पार्टिसिपेट किया था। इवेंट में शामिल हुए युवाओं ने हुनर दिखाते हुए पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया।

आयोजक निपुन अग्रवाल ने बताया कि मांडू में दो दिनी नाइट लेन का आयोजन किया गया। इवेंट में अलग-अलग कैटेगिरी के लिए दो क्लास रखी गई थीं। पहली कैटेगिरी फोर बाय फोर, जिसे रैंकलर कहा जाता है, जबकि सेकंड कैटेगिरी को एक्सप्लोरर नाम दिया गया था। इन दोनों कैटेगिरी में यूथ ने उत्साह से भाग लिया। सूखी रेत, नम जंगलों, कीचड़ और चट्टानी रास्तों जैसे दुर्गम इलाकों से गुजरते हुए अपना टास्क पूरा करना पड़ा।

## चुनौतीपूर्ण टास्क, लेकिन रोमांच से भरा

आयोजक निपुन अग्रवाल ने बताया कि ये टास्क एक रोमांचक और चुनौतीपूर्ण खेल है। इसमें कार चालकों को दुर्गम रास्तों, कीचड़, पानी, नदी, खाई और पहाड़ी ट्रैक पर अपनी ड्राइविंग कौशल का प्रदर्शन करना होता है। यह खेल न केवल ड्राइविंग कौशल की परीक्षा लेता है, बल्कि साहस और आत्मविश्वास की भी जांच करता है।

## मड रेस और भी कठिन

आयोजक निपुन अग्रवाल ने बताया कि मड रेस में भाग लेने वाले चालकों को विभिन्न प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जैसे गहरे कीचड़, ढलान, पत्थर, पहाड़ी और घुमावदार मोड़। उन्हें अपनी कार को नियंत्रित करने और ट्रैक को पूरा करने के लिए विशेष ड्राइविंग तकनीकों का उपयोग करना होता है।











## इस बार था 9वां वर्ष

निपुन अग्रवाल ने बताया कि क्लब द्वारा शहर के लोगों के लिए आठ साल से इवेंट किया जा रहा है। इस बार इवेंट का 9वां साल था। उन्होंने बताया कि मांडू के आसपास नालछा और माली क्षेत्र का 40 किमी लंबा ट्रैक पार्टिसिपेट करने वालों के लिए रोमांच से भरा रहा। इसमें ऑल इंडिया के एक्सपर्ट ने भाग लिया, जो दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़, कोलकाता, बेंगलुरु समेत अन्य स्थानों से आए थे। इवेंट रात 8.30 बजे शुरू हुआ था, जो रात 12 बजे तक चला।

## ये रहे विजेता

आयोजक निपुन अग्रवाल व डॉ. अफजल बंगलोवाला ने बताया कि इवेंट की पहली कैटेगिरी फोर बाय फोर व्हीकल में विनोद सिंह-प्रकाश अव्वल रहे, जबकि सेकंड सुबीर राय-नीरव मेहता की जोड़ी रही। तीसरा स्थान सचिन मंधवानी और संकरानंद रहे। टू व्हीलर क्लास एक्सप्लोलर में सोहम हंजरा-सोनल राय फर्स्ट रहे। सेकंड पीयूष पाल, आदित्य व क्षितिज रहे। वहीं चैतन्य लुनिया, ओमकार देशमुख और हिमांश ने तीसरा स्थान पाया।

## अब तक 20 इवेंट्स करा चुके

गौरतलब है कि मालवा मोटर स्पोर्ट्स क्लब अब तक 20 से अधिक इवेंट करवा चुका है। इतना ही नहीं, क्लब मध्य प्रदेश का एकमात्र क्लब है, जो फेडरेशन ऑफ मोटरस्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया से संबद्ध है।

### सुविधा...दशहरा, दीपावली और छठ पूजा पर यात्रियों को भारी भीड़ से मिलेगी राहत

# भोपाल रेल मंडल के कई रेलवे स्टेशनों से होकर गुजरेंगी पूजा स्पेशल ट्रेनें

• भोपाल

दशहरा, दिवाली और छठ पूजा पर यात्रियों की भारी भीड़ हर साल रेलवे के लिए एक बड़ी चुनौती साबित होती है। इस बार रेलवे ने दशहरा, दिवाली और छठ पूजा पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए उधना से पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला लिया है। ये ट्रेनें मध्य प्रदेश खास तौर पर पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल रेल मंडल के अलग-अलग रेलवे स्टेशनों से होकर गुजरेंगी।

**09033 उधना-बरौनी स्पेशल, टाइमिंग |** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता ने बताया कि ट्रेन नंबर 09033 उधना - बरौनी स्पेशल हर मंगलवार और शनिवार को उधना से 20:35 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन गुरुवार और सोमवार को 05:00 बजे बरौनी पहुंचेगी। यह ट्रेन 20 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चलेगी।

**09034 बरौनी-उधना स्पेशल, टाइमिंग |** इसी तरह ट्रेन नंबर 09034 बरौनी-उधना स्पेशल हर गुरुवार और सोमवार को बरौनी से 6:45 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन अगले दिन 19:00 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 22 सितंबर से 09 अक्टूबर तक चलेगी।

**09034 बरौनी-उधना स्पेशल, स्टॉपेज |** 09034 बरौनी-उधना स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर और शाहपुर पटोरी स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी-3 टियर कोच होंगे।

**09067 उधना-जयनगर स्पेशल, टाइमिंग |** ट्रेन नंबर 09067 उधना-जयनगर स्पेशल हर रविवार को उधना से 12:20 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन अगले दिन 20:30 बजे जयनगर पहुंचेगी। यह ट्रेन 21 सितंबर से 5 अक्टूबर तक चलेगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 09068 जयनगर-उधना स्पेशल हर सोमवार को जयनगर से 23:30 बजे प्रस्थान करेगी और बुधवार को 12:30 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 22 सितंबर से छह अक्टूबर तक चलेगी।



**09067 उधना-जयनगर स्पेशल के स्टॉपेज |** यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी-3 टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

**09069 उधना-समस्तीपुर स्पेशल, टाइमिंग |** ट्रेन संख्या 09069 उधना-समस्तीपुर स्पेशल हर रविवार को उधना से 20:35 बजे प्रस्थान करेगी और मंगलवार को 02:00 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 21 सितंबर से 5 अक्टूबर तक चलेगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 09070 समस्तीपुर-उधना स्पेशल हर मंगलवार को समस्तीपुर से 5:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 14:00 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 23 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चलेगी।

**09069 उधना-समस्तीपुर स्पेशल, स्टॉपेज |** 09069 उधना-समस्तीपुर स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर और मुजफ्फरपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी-3 टियर और एसी-3 टियर (इकोनॉमी) कोच होंगे।

## एक नजर

### जीतू पटवारी ने की जीएसटी रिफंड करने की मांग



**भोपाल •** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्र और मध्य प्रदेश सरकार से मांग की है कि जिस तरह आयकर (आईटी) रिफंड की व्यवस्था है, उसी तरह वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में भी रिफंड की नीति आम जनता के लिए लागू की जाए तथा मौजूदा वित्त वर्ष में जिन उपभोक्ताओं ने 28% की दर से जीएसटी का भुगतान किया है, उन्हें जीएसटी दरों में कमी (जैसे 18%) के बाद अतिरिक्त भुगतान की राशि का रिफंड मिलना चाहिए। पटवारी ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि सरकार ने जीएसटी से आम जनता की जेब पर डाका डाला है। पिछले कई वर्षों में जीएसटी के माध्यम से सरकार ने लगभग 55 लाख करोड़ रुपये एकत्र किए, जिसका बोझ गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ा । उन्होंने आरोप लगाया कि जीएसटी दरों में कमी अब केवल आगामी बिहार चुनाव जैसे राजनीतिक लाभ के लिए की जा रही है, न कि जनता की भलाई के लिए।

### प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड से सम्मानित हुए सुमन



**भोपाल •** मध्य प्रदेश के पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा किए जा रहे नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्यों के अनुक्रम में विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। विभाग द्वारा वक्फ संपत्तियों के सफलतापूर्वक डिजिटलीकरण और अन्य उत्कृष्ट कार्यों के लिए आयुक्त सौरभ कुमार सुमन को प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। वक्फ बोर्ड में सुशासन की पहल करने वाला मध्य प्रदेश प्रथम राज्य है। मध्य प्रदेश ने वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन, सत्यापन एवं निगरानी के लिए MP-WAMSI पोर्टल विकसित कर वक्फ संपत्तियों का सफलतापूर्वक डिजिटलीकरण किया है। जनसंपर्क अधिकारी शिवम शुक्ला ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा वक्फ (संशोधन अधिनियम) 2025 के क्रियान्वयन के लिए नियमों की रूपरेखा तैयार करने वाली समिति में आयुक्त, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण आयुक्त सुमन को सदस्य के रूप में नामित किया है।

### दिव्यांग विद्यार्थियों को 3.90 करोड़ रुपए की राशि जारी




**भोपाल •** मप्र के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों को स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित समग्र शिक्षा अभियान में समाजसेवी योजना के तहत 3.90 करोड़ की भत्ता राशि जारी की गई है। भत्ते राशि में दिव्यांग विद्यार्थियों को परिवहन, मार्ग, वाचक और ब्रैल स्टेशनरी भत्ता उनके बैंक खातों में जारी किये गये हैं। इसके अलावा दिव्यांग बालिकाओं को प्रोत्साहन स्वरूप 2000 रुपये की राशि गर्ल्स स्टायपंड के रूप में दी गई है। जनसंपर्क अधिकारी मुकेश मोदी ने बताया कि दिव्यांग विद्यार्थियों को सुविधा भत्ता दिये जाने का मकसद उन्हें शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत प्रदान करना है। दिव्यांग भत्ता उन्हीं विद्यार्थियों को जारी किया जाता है, जिनकी न्यूनतम दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक हो। इसके लिये उन्हें दिव्यांगता का प्रमाण पत्र मेडिकल बोर्ड द्वारा लेना आवश्यक होता है। इस योजना के माध्यम से दिव्यांग विद्यार्थियों का शिक्षा के क्षेत्र में समग्र विकास सुनिश्चित करना और उन्हें आत्म-निर्भर बनाकर मुख्य धारा से जोड़ना है।

### पहल...मुख्यमंत्री ने किया यूपीआई से भुगतान, जीएसटी- 2.0 को बताया बचत उत्सव

# मुख्यमंत्री ने खरीदा कुर्ता बोले- स्वदेशी मंत्र अपनाएं



घूम-घूमकर व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और जनता से मुलाकात कर किया संवाद



• भोपाल

देश में नवरात्र के पहले दिन यानी सोमवार से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) 2.0 की शुरुआत हो गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के चौक बाजार में खरीदारी की और यूपीआई से उसका भुगतान किया। उन्होंने चौक बाजार में घूम-घूमकर व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और जनता से मुलाकात की और संवाद किया। सीएमने व्यापारियों को स्वदेशी मंत्र अपनाने को कहा और उन्हें जीएसटी 2.0 की बधाई दी। इस दौरान खरीदारी कर रही महिलाओं ने सीएम को बताया कि उन्हें जीएसटी 2.0 का बड़ा फायदा मिला है।

खरीदारी के बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जीएसटी 2.0 के मद्देनजर आज का दिन एक बचत उत्सव है। उन्होंने कहा कि वह खुद बाजार में संवाद करने आए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे यहां बहनों ने बताया कि उन्होंने नवरात्रि के साथ-साथ करवाचौथ-दशहरे-दीपावली की शॉपिंग की है। एक महिला ने बताया कि उसकी बहन का पहला करवाचौथ है, उसने उसके लिए एक साड़ी पसंद की है। उसे जीएसटी 2.0 का लाभ मिला है। सीएम ने कहा कि उन्होंने खुद भी दशहरे के लिए कुर्ता खरीदा है। हम और हमारे मित्र बाजार में खरीदारी कर रहे हैं।

### उद्योगों को बढ़ावा दे रही प्रदेश सरकार

सीएम ने व्यापारियों से संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश समृद्ध हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी छोटे उद्यमियों, व्यापारियों और जनता के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। हमारी सरकार ने भी उद्योग-धंधों को बढ़ावा देने के लिए व्यवस्थाओं में लगातार बदलाव किया है। राज्य समृद्ध होगा तो यहां का रुपया यहीं रोटेट होगा। हम स्वदेशी के मंत्र के भरोसे दुनिया के सामने पूरी शक्ति के साथ खड़े हो सकते हैं। स्वदेशी के भरोसे ही हमारा देश आजाद हुआ। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था से तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है।

#### कर्फ्यू वाली माता मंदिर में की पूजा-अर्चना



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित कर्फ्यू वाली माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की एवं सभी को शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के उपासना पर्व शारदीय नवरात्रि की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगाई भ्रष्टाचार पर लगाम

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वदेशी के आधार पर हम विश्व में नंबर-1 बनेंगे। हम हर चीज मेक इन इंडिया खरीदें। हमारा भाव है कि यहीं बना हुआ उत्पाद यहीं बिके, यहां से बने उत्पाद दुनिया में निर्यात हों। प्रधानमंत्री मोदी ने व्यवस्थाओं में लगातार सुधार किए हैं। उन्होंने इनकम टैक्स में भी बदलाव किया। इन सुधारों से देश में भ्रष्टाचार कम हुआ और ब्लैक मनी पर नियंत्रण किया जा सका। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर सेक्टर के लिए बजट बढ़ाया। इससे सरकार के पास गरीब-युवा-अन्नदाता-नारी के लिए धन की कोई कमी नहीं है। मैं आप सभी को धनतेरस और दीपावली बधाई देता हूं। हम अपने घर में स्वदेशी अपनाएं और देश को आगे बढ़ाएं।

### जून से बंद है उमंग हेल्पलाइन सेवा, नहीं हो पा रही है काउंसलिंग

# किशोरों को अवसाद से बचाने नहीं मिल रही हेल्प

• भोपाल

किशोर व किशोरियों में बढ़ते अवसाद और आत्मघाती जैसे कदम उठाने से बचाने के लिए मनोविज्ञानी काउंसलिंग करने के लिए शुरू की गई उमंग हेल्पलाइन सेवा जून से पूरी तरह बंद पड़ी है। विद्यार्थियों की काउंसलिंग नहीं की जा रही है।

यह हेल्पलाइन सेवा मप्र स्कूल शिक्षा विभाग एवं संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के सहयोग से 2020 में शुरू की गई थी। हेल्पलाइन का टोल फ्री नंबर 14425 पर प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों से भी कॉल आते थे। इसके अलावा विकासखंड स्तर पर 313 परमार्श केंद्र भी खोले गए थे। ये केंद्र भी बंद कर दिए गए है। इसमें सबसे अधिक कोविडकाल के दौरान स्कूली विद्यार्थियों की काउंसलिंग की गई थी। साल भर में करीब एक से ड़ेढ़ लाख कॉल आते थे। इसमें पढ़ाई के अलावा रिलेशन, परीक्षा का तनाव, अवसाद सहित कई प्रकार के अलग-अलग श्रेणी की परेशानियों के कॉल आते थे।




#### 206 स्कूलों में काउंसलर नियुक्त

उमंग हेल्पलाइन एवं परामर्श केंद्र 313 विकासखंड स्तर पर खोले जाने थे। इनमें 626 काउंसलरों की नियुक्ति की जानी थी, लेकिन अब तक सिर्फ कुछ 206 सांदीपनि विद्यालयों में ही काउंसलर नियुक्त किए गए हैं। दूसरे सरकारी स्कूलों में कांउसलर की नियुक्ति नहीं की गई है।

#### यूएनएफपीए की है जिम्मेदारी

उमंग हेल्पलाइन सेवा को संचालित करने की जिम्मेदारी पूरी तरह से यूएनएफपीए की है। इस कारण विभाग इसे संचालित करने के लिए जिम्मेदार नहीं है।

**- मनीषा सेंथिया,** अपर मिशन संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय

### कोकन अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प महोत्सव में मिली मान्यता

# सात-समंदर पार वैश्विक मंच पर धार के बाग-प्रिंट ने बिखेरी चमक

• भोपाल

मप्र के धार जिले की शान बाग प्रिंट ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर अपनी चमक बिखेरी है। उज्बेकिस्तान के ऐतिहासिक शहर कोकन में 19 से 21 सितंबर तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प महोत्सव-2025 में बाग प्रिंट के युवा शिल्पकार मोहम्मद खत्री ने अपनी अद्भुत कारीगरी से सबका मन मोह लिया। इस महोत्सव में 70 देशों के 278 मास्टर कारीगरों ने भाग लिया। भारत से केवल दो शिल्पकार महोत्सव में शामिल हुए।

जनसम्पर्क अधिकारी बबीता मिश्रा ने बताया कि महोत्सव में खत्री को उनकी बाग प्रिंट कला और परंपरा के संरक्षण के लिये "मास्टर ऑफ द बेस्ट क्रॉफ्ट" के



अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड उज्बेकिस्तान के फरगना रीजन के गवर्नर ने प्रदान किया। विदेशी फैशन डिजाइनर्स और कला समीक्षकों ने भी माना कि खत्री की बाग प्रिंट कला "विश्वस्तरीय फैशन का भविष्य" है। उन्होंने इसे सस्टेनेबल टेक्सटाइल की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया।

### अनंतपुरा कोकता की छह एकड़ जमीन का मामला

# सरकारी जमीन पर कब्जा, 24 को पेशी

• भोपाल

शहर के अनंतपुरा कोकता में 6 एकड़ से ज्यादा सरकारी जमीन पर कब्जे के मामले में सोमवार को गोविंदपुरा तहसीलदार सौरभ वर्मा के सामने फिर पेशी थी, लेकिन तहसीलदार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दौरे में व्यस्त रहे। इस कारण अब लोगों से 24 सितंबर को जवाब मांगे गए हैं। हालांकि, जवाब देने के लिए कई लोग गोविंदपुरा तहसील ऑफिस पहुंच गए थे, लेकिन तहसीलदार वर्मा की सीएम के पुराने शहर में हुए कार्यक्रम में ड्यूटी लग गई। इस वजह से उन्होंने पेशी नहीं की। इससे पहले 18 सितंबर को भी कई लोगों ने जवाब दिए थे। जो बच गए थे, उन्हें सोमवार को बुलाया गया था। इससे पहले लोगों ने हाईकोर्ट में सीमांकन पर स्टे लगाने की मांग की थी। इस पर कोर्ट से उन्हें राहत नहीं मिली थी। दूसरी ओर, लोगों ने अपने जमीन संबंधित सभी रिकॉर्ड पेश किए थे।

### राज्यपाल ने युवाओं से समाजसेवा के लिए आगे आने का किया आह्वान, श्रीअन्न से बने हलवे का स्वाद चखा

# 'गरीबों की सेवा के लिए कर्तव्य समझकर आगे आएं'

• भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल सोमवार को मुरैना विकासखंड के ग्राम धनेला में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने टीबी रोगियों से मुलाकात की और रोगियों को निक्षय मित्र के रूप में फलों की टोकरी भेंट की। राज्यपाल ने कहा कि युवा पीढ़ी को समाज सेवा के कार्यों में सहभागिता करनी चाहिए। वंचितों और गरीबों



की सेवा के लिए अपना कर्तव्य समझकर आगे आना चाहिए। राज्यपाल ने स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास और आजीविका मिशन की प्रदर्शिनी का अवलोकन किया। आगनवाड़ी कार्यक्रर्ताओं द्वारा पोषण अभियान के तहत बाटे जाने वाले विभिन्न व्यंजनों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने श्रीअन्न (मोटे अनाज) से बने हलवे का स्वाद भी चखा और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में उपस्थित महिलाओं और कार्यकर्ताओं से चर्चा की।


### भोपाल में सजे माता के दरबार, रात तक निकले जुलूस

# डीजे की धुन और ढोल-नगाड़ों के साथ की मातारानी की अगवानी

• भोपाल

राजधानी भोपाल में नवरात्रि के अवसर पर शहर भर में माता के दरबार सजे हुए हैं। भोपाल में रविवार रात अलग-अलग इलाकों से भव्य जुलूस निकाले गए, जिनमें श्रद्धालु डीजे की धुनों, ढोल-नगाड़ों और धार्मिक गीतों पर थिरकते नजर आए। हर तरफ जय माता दी के जयकारों से माहौल गूंज उठा।

रातभर हर कोने में श्रद्धालु जुलूसों के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं को स्थापित करने पहुंचे। राजधानी के विठ्ठल मार्केट में एक करोड़ 25 लाख खर्च करके माता का पंडाल सजाया गया है, जिसमें जगन्नाथ के दर्शन होंगे। वही न्यू मार्केट में 45 लाख खर्च कर माता का दरबार सजाया गया है, जिसमें कृष्ण जन्मभूमि मथुरा की कलाकृतियां देखने को मिलेगी।



**कृष्ण जन्मभूमि का पंडाल सजाया**

न्यू मार्केट दुर्गा उत्सव समिति द्वारा मथुरा का श्री कृष्ण जन्मभूमि का पंडाल सजाया जा गया है। सचिव अजय देवनानी ने बताया कि 45 लाख की लागत से झांकी बनाई गई है। कलकत्ता के 20 कारीगर निर्माण कार्य में लगे हुए हैं।

### अद्भुत नजारे के साथ होंगे मां पाताल भैरवी के दर्शन

मां पाताल भैरवी की झांकी 26 वर्षों से निरंतर भक्तों के लिए आस्था और भव्यता का प्रतीक बनी हुई है। जो लगभग 52 लाख रुपए के भव्य बजट से तैयार की गई है। आयोजक सुदेश पांडेय ने बताया कि इस बार शक्ति पीठ, छत्रपति शिवाजी महाराज के सिंहगढ़ किले पर आधारित दुर्ग, मिरर इल्युजन, राधा-कृष्ण दर्शन और हॉन्टेड हाउस जैसी विशेषताएं शामिल हैं। शिल्पकार शुभम सोनी और अमन राय द्वारा निर्माण किया जा रहा है, जिसमें कोलकाता और भोपाल के कारीगरों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया है।

### कष्टभंजन हनुमान जी के होंगे दर्शन

विजय मार्केट भेल स्थित विजय मार्केट स्थित दुर्गा उत्सव समिति इस बार हनुमानजी की जीवनगाथा पर झांकी बनाई गई है। अध्यक्ष रामबाबू शर्मा ने बताया कि झांकी का निर्माण कोलकाता के कारीगरों द्वारा किया गया है, जिसमें कष्टभंजन हनुमान मंदिर सारंगपुर गुजरात की झांकी हुबहू सजाई गई है। झाकी में भव्य माता रानी का दरबार गणेश मंदिर पानी की नदी से होता हुआ श्रद्धालुगण बड़े-बड़े झूले खान पान के आनंद लेते हुए आनंद लेंगे। इस झांकी में प्रति दिन 20 हजार श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं।

## दुनिया के दस देशों ने संभाल रखा है

# सोने का भंडार

नई दिल्ली। सोने की कीमत इस समय आसमान छू रही है। सोना इस साल 40 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे चुका है। सोने की तेजी को देखते हुए लग रहा है कि इसमें आगे भी तेजी रह सकती है। सोना न केवल आभूषणों के रूप में बल्कि अर्थव्यवस्था की मजबूती का भी प्रतीक है। कई देश अपने सोने के भंडार को बढ़ाकर वित्तीय स्थिरता और मुद्रा की मजबूती सुनिश्चित करते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने का भंडार किसी भी देश की आर्थिक सेहत का संकेत होता है।



### अमेरिका
अमेरिका के पास दुनिया में सबसे अधिक सोना है। अमेरिका के पास 8,133.46 टन सोने का भंडार है, जो इसे विश्व में पहले स्थान पर रखता है। यह कुल वैश्विक भंडार का लगभग 25% है।

### जर्मनी
3,351.53 टन स्वर्ण भंडार के साथ जर्मनी दूसरे स्थान पर है। यूरोप में सबसे अधिक सोने का भंडार जर्मनी के पास है। जर्मनी का अधिकांश स्वर्ण भंडार बुंडेसबैंक ने सुरक्षित रखा है।

### इटली
2,451.84 टन सोने के साथ इटली तीसरे स्थान पर है। इटली की अर्थव्यवस्था कुछ कठिनाइयों का सामना कर चुकी है, पर देश ने अपने सोने के भंडार को बनाए रखा है।

### फ्रांस
फ्रांस के पास 2,436.94 टन स्वर्ण भंडार है। स्वर्ण भंडार को दशकों तक सुरक्षित रखा है। बैंक ऑफ फ्रांस में संग्रहित यह सोना देश की आर्थिक स्थिरता का एक महत्वपूर्ण स्तंभ माना जाता है।

### रूस
2,335.5 टन सोने के साथ, रूस पांचवें स्थान पर है। रूस ने हाल के वर्षों में बड़ी मात्रा में सोना खरीदा है। डॉलर पर निर्भरता कम कर सोने की हिस्सेदारी बढ़ाने पर ध्यान दे रहा है।

### चीन
चीन के पास 2,191.53 टन स्वर्ण भंडार है। चीन का सोने का भंडार लगातार बढ़ रहा है। हालांकि यह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, फिर भी छठे स्थान पर आता है।

### स्विट्जरलैंड
1,040.00 टन सोने के साथ, स्विट्जरलैंड सातवें स्थान पर है। स्विट्जरलैंड अपने बैंकों और वित्तीय स्थिरता के लिए प्रसिद्ध है। यहां प्रति व्यक्ति के हिसाब से सबसे अधिक सोना है।

### भारत
भारत के पास 853.78 टन सोने का भंडार है। भारत दुनिया में सबसे अधिक सोने की खपत करने वाले देशों में से एक है। आरबीआई देश के स्वर्ण भंडार को मैनेज करता है।

### जापान
जापान के पास 845.97 टन स्वर्ण भंडार है। जापान ने अपनी अर्थव्यवस्था को स्थिर बनाए रखने के लिए सोने का भंडार बढ़ाया है। जापान का सोना मुख्य रूप से बैंक ऑफ जापान में रखा है।

### नीदरलैंड्स
612.45 टन स्वर्ण भंडार के साथ, नीदरलैंड्स दसवें स्थान पर है। नीदरलैंड ने हाल ही में अपने कुछ स्वर्ण भंडार को न्यूयॉर्क से वापस अपने देश में ट्रांसफर किया है।

## नवरात्रि के पहले दिन महंगा हुआ सोना

फेस्टिव सीजन की शुरुआत होते ही बाजारों में हलचल तेज हो गई है। इस बीच नवरात्रि के पहले दिन ही सोने और चांदी की कीमतों में भारी तेजी देखी जा रही है। हालांकि सरकार द्वारा लागू किए गए नए जीएसटी रेट्स से लोगों को कुछ राहत की उम्मीद है, किंतु सोने-चांदी की कीमतें फिलहाल जेब पर भारी पड़ती नजर आ रही हैं।

सोमवार को एमसीएक्स पर 3 अक्टूबर की डिलीवरी वाला सोना सुबह के कारोबार में 695 रुपए की तेजी के साथ 1,10,542 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया. इससे पहले यह पिछले कारोबारी सत्र में 1,09,847 रुपए पर बंद हुआ था और सुबह 1,10,402 रुपए पर खुला। कारोबार के दौरान सोना 1,10,202 रुपए के लो और 1,10,608 रुपए के हाई तक गया। वहीं चांदी कीमतों में उछाल आया है। चांदी की कीमत 2,226 रुपए की उछाल के साथ 1,32,064 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई। पिछला सत्र 1,29,838 रुपए पर बंद हुआ था और आज यह 1,30,658 रुपए पर खुला। ट्रेडिंग के दौरान चांदी 1,32,311 रुपए के ऊपरी स्तर तक गई।

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक होगी

यदि ब्याज दर में 0.25 फीसदी की और कटौती की तो सस्ता हो जाएगा लोन

# RBI देगा गुड न्यूज!

**नई दिल्ली • एजेंसी**

जीएसटी 2.0 के बचत उत्सव के बाद देश के मध्यम वर्ग को एक और बड़ा तोहफा दिवाली और दशहरे के पहले मिल सकता है। संभावना है कि रिजर्व बैंक ब्याज दर में 0.25 फीसदी की और कटौती कर सकता है। इससे होम लोन, बाइक लोन या पर्सनल लोन सस्ता हो सकता है। रिजर्व बैंक इस साल ब्याज दर में 1 फीसदी की कटौती पहले ही कर चुका है। मौद्रिक नीति समीक्षा की अगली बैठक 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक होगी। एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर में ब्याज दरों में कटौती करना उचित और तर्कसंगत है। इसके लिए आरबीआई सोच-समझकर संवाद करके फैसला ले सकता है। जून के बाद ब्याज दरों में कटौती की संभावना अधिक नजर आ रही है।

सितंबर में ब्याज दरों में कटौती न करके तटस्थ रुख रखने की संभावना कम है। मुद्रास्फीति यानी महंगाई वित्त वर्ष 2026-27 में भी नरम बनी रहने की संभावना है। जीएसटी में कटौती के बिना यह सितंबर और अक्टूबर में 2% से नीचे चल रही है। ऐसे में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़े अगले वित्त वर्ष में भी ज्यादा चिंताजनक नहीं रहने के आसार हैं। रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में कटौती का क्रम इस साल फरवरी में शुरू किया था। आरबीआई ने 7 फरवरी 2025 को 25 आधार अंकों की कटौती कर 6.5% से 6.25 प्रतिशत कर दी थी। मौद्रिक नीति समिति ने 9 अप्रैल को 25 आधार अंकों की और कटौती की और 6 जून 2025 को 50 आधार अंकों की कटौती की।




## शेयर बाजार में तेजी की संभावना

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार में धीरे-धीरे तेजी जारी रहने की संभावना है। इस सप्ताह, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कटौती के बाद उपभोग बढ़ने की उम्मीद, अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में कटौती की सभावना और अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता को लेकर धारणा में सुधार से समर्थन मिला। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफरीज की एक रिपोर्ट के अनुसार अगले 12 महीनों में म्यूचुअल फंड और एसआईपी की निरंतर भागीदारी के चलते भारत में इक्विटी में 50-70 अरब डॉलर का नया निवेश होने की उम्मीद है। फर्म ने कहा कि विदेशी निवेशकों की स्थिति कई वर्षों के निचले स्तर पर होने के बावजूद, भारत वैश्विक बाजारों में सबसे मजबूत संरचनात्मक विकास की कहानी बना हुआ है। अपनी लेटेस्ट 'ग्रीड एंड फियर' रिपोर्ट में जेफरीज ने 2025 को भारतीय इक्विटी के लिए हेल्दी कंसोलिडेशन का वर्ष बताया है।

## विदेशी मुद्रा भंडार में भी आया उछाल



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 4.7 अरब डॉलर बढ़कर 702.97 अरब डॉलर हो गया है। आरबीआई के मुताबिक एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.04 अरब डॉलर बढ़कर 698.27 अरब डॉलर रहा था। जीएसटी दरों में सुधार ने घरेलू बाजार को नई ताकत दी है।

## जीएसटी 2.0 दे रहा भरोसा




जीएसटी फ्रेमवर्क के अंतर्गत टैक्स स्लैब की संख्या चार (5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत) से घटकर दो (5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत) रह गई है। इसके साथ ही सरकार ने कई ऐसी चीजों पर टैक्स को घटाकर शून्य कई दिया है, जिन पर पहले 5, 12 या 18 प्रतिशत का टैक्स लगता था। वहीं, लग्जरी गुड्स पर 40 प्रतिशत का टैक्स निर्धारित किया गया है

# 8 प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन बढ़ा

### 13 महीने के उत्पादन का उच्चतम स्तर 6.3 फीसदी पर

**नई दिल्ली • एजेंसी**

देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन अगस्त में 6.3 फीसदी बढ़ा है। यह इसका 13 महीने का उच्चतम स्तर है। इससे पिछले महीने जुलाई में आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 3.7 फीसदी थी। वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय के मुताबिक इस्पात, कोयला, सीमेंट, उर्वरक, बिजली और पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में सकारात्मक वृद्धि के कारण देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन अगस्त में 6.3 फीसदी बढ़ा है।

पिछले महीने जुलाई में इनका उत्पादन वृद्धि दर 3.7 फीसदी थी। पिछले साल अगस्त में यह माइनस 1.5 फीसदी थी। अगस्त, 2024 की तुलना में अगस्त 2025 में कोयला के उत्पादन में 11.4 फीसदी की मजबूत वृद्धि दर्ज हुई है। मंत्रालय के मुताबिक पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादों में अगस्त में 3.0 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। उर्वरक उत्पादन में 4.6 फीसदी की वृद्धि हुई है। इस्पात उत्पादन में 14.2 फीसदी बढ़ा है। सीमेंट उत्पादन में 6.1 फीसदी और बिजली उत्पादन में 3.1 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है, किंतु अगस्त में कच्चे तेल का उत्पादन 1.2 फीसदी और प्राकृतिक गैस का उत्पादन सालाना आधार पर 2.2 फीसदी घटा है।



### 2.8 फीसद की फीसदी की हुई वृद्धि

आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल-अगस्त के दौरान देश के आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों का उत्पादन में 2.8 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में इसमें 4.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई थी। देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल है। इन कोर इंडस्ट्रीज का संयुक्त सूचकांक भारत के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के कुल भार का 40.27 फीसदी होता है।

### सेबी से क्लीन चिट के बाद दिखी तेजी

# अडानी के शेयरों का मार्केट कैप दो दिन में 1.78 लाख करोड़ बढ़ा

**नई दिल्ली • एजेंसी**

अडानी ग्रुप के शेयर सोमवार को तेजी दिखाते रहे। इससे केवल दो दिनों में ग्रुप की बाजार पूंजीकरण में 1.78 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। यह उछाल सेबी द्वारा हिंडनबर्ग मामले में क्लीन चिट दिए जाने के बाद सूचीबद्ध कंपनियों में भारी खरीदारी के चलते आया। नियामक के आदेश में स्टॉक में हेरफेर और संबंधित पक्ष के दुरुपयोग के आरोपों को खारिज किया गया था। इसने निवेशकों की धारणा को आशावादी बना दिया है, जिससे अडानी के शेयरों में लगातार दूसरे दिन तेजी आई है।

बीएसई पर अडानी पावर के शेयर 19.99 प्रतिशत उछलकर 170.15 रुपए प्रति शेयर की ऊपरी सर्किट सीमा पर पहुंच गए। अडानी टोटल गैस का शेयर 19.87 प्रतिशत, अडानी ग्रीन एनर्जी का 11.75 प्रतिशत, अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस



का 6.94 प्रतिशत, अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड का 4.24 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स का 1.43 प्रतिशत, अडानीपोर्ट्स का 1.17 प्रतिशत, एनडीटीवी का 1.12 प्रतिशत और एसीसी का 0.30 प्रतिशत बढ़ा। इन कंपनियों ने दो दिनों में कुल मिलाकर बाजार मूल्यांकन में 1,78,598.41 करोड़ रुपए जोड़े। शुक्रवार को भी अडानी समूह की कंपनियों के शेयरों में तेजी रही और अडानी पावर में 12 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई।


### 21 अक्टूबर को निवेशकों के लिए खोली जाएगी ट्रेडिंग विंडो

# दीपावली पर शेयर मार्केट में होगी मुहूर्त ट्रेडिंग

**मुंबई • एजेंसी**

इस बार दीपावली पर 21 अक्टूबर को निवेशकों के लिए एक घंटे का विशेष 'मुहूर्त ट्रेडिंग' सेशन आयोजित किया जाएगा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के मुताबिक प्री-ओपनिंग सेशन 1:30 बजे से 1:45 बजे तक होगा और मुख्य सेशन दोपहर 1:45 बजे से 2:45 बजे तक चलेगा। इस मौके पर बाजार नियमित रूप से बंद रहेगा, लेकिन निवेशकों के लिए यह खास ट्रेडिंग विंडो खोली जाएगी।

मुहूर्त ट्रेडिंग केवल एक प्रतीकात्मक सेशन नहीं है, बल्कि यह नई शुरुआत का भी प्रतीक है। इस शुभ घड़ी में किया गया निवेश पूरे साल के लिए समृद्धि और आर्थिक प्रगति का संकेत माना जाता है। यही वजह है कि छोटे-बड़े सभी निवेशक इस समय ट्रेडिंग करना शुभ मानते हैं। इस खास सेशन में केवल इक्विटी ही नहीं बल्कि कई अन्य सेगमेंट में भी ट्रेडिंग की जाएगी। निवेशक इक्विटी, कमोडिटी




डेरिवेटिव्स, करेंसी डेरिवेटिव्स, इक्विटी फ्यूचर्स और ऑप्शंस, साथ ही सिक्योरिटीज लेंडिंग एंड बॉरोइंग में भी कारोबार कर सकेंगे। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि मुहूर्त ट्रेडिंग का यह अवसर निवेशकों के विश्वास और बाजार की रौनक दोनों को बढ़ाता है।

### सेंसेक्स 466, निफ्टी 125 अंक फिसला

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 466 अंक गिरकर 82,160 से स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 125 अंक की गिरावट रही, ये 25,202 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 19 शेयरों में गिरावट रही। टेक महिंद्रा, इंफोसिस, टाटा मोटर्स, एचसीएल टेक के शेयरों में बिकवाली के चलते 3 फीसद तक की गिरावट रही। जोमैटो, अडाणी पोर्ट्स और अल्ट्राटेक सीमेंट चढ़कर बंद हुए। निफ्टी के 50 में से 32 शेयर्स गिरे। एच-1बी वीजा की फीस बढ़ोतरी के चलते सोमवार को आईटी शेयरों में बड़ी गिरावट है। एनएसई का आईटी इंडेक्स सबसे ज्यादा करीब 3 फीसद गिरा है। इसके अलावा, फार्मा और हेल्थकेयर शेयर्स भी 1.5% तक गिरकर बंद हुए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ऐलान किया है कि एच-1बी वीजा आवेदक को अमेरिकी सरकार को एक लाख डॉलर (करीब 88 लाख रुपए) फीस चुकानी होगी। यह नियम 21 सितंबर 2025 से लागू हो गया है।

## 25 लाख महिलाओं को मिलेगा फ्री गैस कनेक्शन

**नई दिल्ली • एजेंसी**




नवरात्रि के पहले दिन मोदी सरकार ने महिलाओं को सौगात दी। केंद्र सरकार उज्जवला योजना का विस्तार करते हुए 25 लाख महिलाओं को फ्री एलपीजी कनेक्शन जारी करेगी। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 25 लाख नए एलपीजी कनेक्शन जारी करने को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर, मैं उज्ज्वला परिवार से जुड़ी सभी माताओं और बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

# ग्राहकों को देवता मानें दुकानदार

### केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने व्यापारियों से कहा

**नई दिल्ली • एजेंसी**

देशभर में नया जीएसटी लागू होने के बाद सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मीनगर में व्यापारियों और ग्राहकों से मिलीं और जीएसटी पर बातचीत की। वित्त मंत्री ने व्यापारियों से कहा कि ग्राहकों को 'देवता' की तरह मानना चाहिए और इसी सोच के साथ ही यह नया जीएसटी सुधार किया गया है।

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हाल ही में 'नागरिक देवों भवः' का संदेश दिया यानी नागरिकों का सम्मान करना और उनके लिए काम करना सरकार की प्राथमिकता है। दुकानदार भी ग्राहकों को देवता की तरह मानें। उन्होंने बताया कि पहले भारत में अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग टैक्स होते थे, जिससे व्यापारियों को बहुत



परेशानी होती थी। जीएसटी के आने से कई अलग-अलग टैक्स एक टैक्स में बदल गए, जिससे कारोबार आसान हुआ है। जीएसटी रिफार्म से रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाले 375 वस्तुओं के दाम कम हो गए हैं। पूर्वी दिल्ली से सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने भी वित्त मंत्री का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह सरकार की सबसे बड़ी सेवा है कि इस बार बजट में 12 लाख तक की आय को टैक्स फ्री दी गई।

### मैत्री 2.0. प्रोग्राम में भारत-ब्राजील के बीच हुए नई तकनीक और आइडिए के लिए हुआ समझौता


# दोनों देशों के बीच खेती में इनोवेशन और स्टार्टअप को मिलेगी नई उड़ान

**नई दिल्ली • एजेंसी**

नई दिल्ली में सोमवार को एक खास कार्यक्रम में भारत और ब्राजील ने मिलकर एक नई शुरुआत की है। नाम है मैत्री 2.0. ये एक ऐसा प्रोग्राम है, जिसके जरिए दोनों देश खेती-बाड़ी से जुड़ी नई तकनीकें और आइडिए आपस में साझा करेंगे। इसका मकसद है किसानों की जिंदगी आसान बनाना और खेती को आगे ले जाना। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने किया, इसमें आईसीएआर के मुखिया डॉ. एमएल जात और भारत में ब्राजील के राजदूत केनेथ नोब्रिगा भी शामिल हुए।

डॉ. जात ने बताया कि भारत और ब्राजील के रिश्ते 77 साल पुराने हैं। दोनों देश बड़े मंचों जैसे ब्रिक्स और जी20 में साथ काम करते हैं। हाल ही में भारत की आईसीएआर और ब्राजील की बड़ी कृषि संस्था एम्ब्रापा के बीच एक समझौता भी हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत में खेती से जुड़ी रिसर्च में जबरदस्त तरक्की हुई है। पहले आईसीएआर के पास सिर्फ 74 पेटेंट होते थे, अब ये हर साल 1800 से ज्यादा हो गए हैं। मतलब खेती के नए तरीके, बीज, मशीनें और टेक्नोलॉजी पर लगातार काम हो रहा है।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि आईसीएआर ने 5000 से ज्यादा लाइसेंस समझौते किए हैं, ताकि इन रिसर्च का फायदा आम किसानों तक पहुंच सके। डॉ. जात ने कहा कि खेती में अब केवल उगाना नहीं, बल्कि सोचना और नया करना भी जरूरी है। इस कार्यक्रम से भारत और ब्राजील मिलकर सीखेंगे, एक-दूसरे की मदद करेंगे।




**ब्राजील ने की भारत की तारीफ**

ब्राजील के राजदूत नोब्रिगा ने कहा कि ये कार्यक्रम हमारे देशों के भविष्य की सोच को एक दिशा देता है। उन्होंने कहा कि भारत और ब्राजील, दोनों देश खेती, तकनीक और पोषण सुरक्षा के मामले में मिलकर आगे बढ़ना चाहते हैं। राजदूत ने कहा, मैत्री 2.0 से दोनों देशों के स्टार्टअप्स और रिसर्च संस्थानों को जोड़ने का मौका मिलेगा, इससे किसान मजबूत होंगे और खेती की चुनौतियों से बेहतर तरीके से निपटा जा सकेगा।

### मैत्री 2.0 से क्या होगा फायदा?

मैत्री 2.0 के ज़रिए भारत और ब्राजील के स्टार्टअप्स, रिसर्च सेंटर और वैज्ञानिक एक साथ मिलकर काम करेंगे। इससे नई तकनीकें साझा होंगी, खेती के नए तरीकों पर प्रयोग होगा और दोनों देशों के किसान एक-दूसरे से सीख सकेंगे। इस प्रोग्राम से डिजिटल खेती, टिकाऊ खेती और फसल के बाद की प्रक्रिया (जैसे स्टोरेज, पैकेजिंग और मार्केटिंग) को बेहतर करने पर ज़ोर रहेगा।

### युवा किसानों के लिए खुलेंगे नए रास्ते

इस कार्यक्रम में आईसीएआर-आईएआरआई के निदेशक डॉ. श्रीनिवास राव ने बताया कि उनके संस्थान ने अब तक 400 से ज्यादा एग्री-स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया है। ये वे नौजवान हैं, जो खेती से जुड़े नए आइडिए पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब खेती सिर्फ गुजारा चलाने का काम नहीं रही, अब इसे एक बिजनेस की तरह समझना होगा। आईसीएआर की एक और अधिकारी डॉ. नीरू भूषण ने कहा कि भारत और ब्राजील दोनों के सामने आज जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा और टिकाऊ खेती जैसे मुद्दे हैं। इनका हल आपसी सहयोग से ही निकल सकता है। कार्यक्रम के अंत में आईसीएआर-आईएआरआई के अधिकारी डॉ. विश्वनाथन श्रीनिवासन ने सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया और कहा कि ये कार्यक्रम भारत-ब्राजील के रिश्तों को और गहरा करेगा।

# पाक को हराना बाएं हाथ का खेल

**दुबई • एजेंसी**

सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान टीम को लेकर बड़ा बयान दिया। रविवार को पाक से हुए मैच के बाद जब उनसे पाकिस्तान से राइवलरी को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा राइवलरी तब होती है, जब दो टीमों के बीच कांटे की टक्कर होती है। ऐसे में राइवलरी जैसा कुछ बचा नहीं।

मैच जीतने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में सूर्यकुमार यादव से भारत-पाकिस्तान की पुरानी राइवलरी पर सवाल पूछा गया। सूर्या ने कहा कि अब यह सवाल पूछना बंद कर देना चाहिए, क्योंकि उनकी नजर में अब भारत और पाकिस्तान के बीच प्रतिद्वंद्विता जैसी कोई चीज बची नहीं है। उनके इस बयान से साफ पता चलता है कि भारतीय टीम अब पाकिस्तान को एक सामान्य प्रतिद्वंद्वी मानती है। सूर्यकुमार ने साफ कर दिया कि भारत-पाकिस्तान के बीच मैच अब किसी हाई-प्रोफाइल राइवलरी के बजाय एक सामान्य मुकाबला बन गया है और भारतीय टीम के लिए पाकिस्तान को हराना सिर्फ बाएं हाथ का खेल है।

सूर्यकुमार ने कहा कि राइवलरी तब होती है, जब दो टीमों के बीच कांटे की टक्कर होती है। उदाहरण देते हुए कहा अगर 15 या 16 मैचों में से एक टीम 8 और दूसरी 7 मैच जीतती है, तब उसे प्रतिद्वंद्विता कहना सही लगता है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उन्हें सही आंकड़े तो याद नहीं, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच जीत और हार के आंकड़ों में काफी बड़ा अंतर है। सूर्यकुमार का यह बयान आंकड़ों से भी मेल खाता है।

### भारत-पाकिस्तान मुकाबले को लेकर कप्तान
## सूर्या ने बेबाकी से रखी बात



## रोबोट नहीं हैं बुमराह




पाक के खिलाफ एशिया कप के सुपर चार मुकाबले में भारत के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का जादू चल नहीं पाया। चार ओवर में 45 रन दे बैठे। अपने पूरे स्पेल में उन्होंने विकेट लेने का एक मौका बनाया था, जिस पर उप-कप्तान शुभमन गिल चूक गए और वे इस मैच में खाली हाथ रहे। इस प्रदर्शन के बाद बुमराह सवाल उठने लगे, जिसके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव उनके बचाव में उतरे। बुमराह भले ही पाकिस्तान के खिलाफ प्रभाव नहीं छोड़ पाए, मगर सूर्या उनके खराब प्रदर्शन ने बिल्कुल भी परेशान नहीं हुए और मैच के बाद प्रेजेंटेशन के दौरान उन्होंने बुमराह को लेकर कहा- कोई बात नहीं, वो रोबोट नहीं है। किसी दिन उनका भी बुरा दिन आ सकता है। मैच में शिवम दुबे ने कम गति वाली गेंदों से सेट बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (58) और सईम अयूब (21) को आउट किया। 33 रन देकर 2 विकेट चटकाए और आखिरी ओवरों में पाकिस्तान की लय को धीमा कर दिया।

### पाकिस्तान को जीतने होंगे अपने दो मुकाबले
## फिर से हो सकती है भारत-पाक की टक्कर!



**दुबई • एजेंसी**

एशिया कप 2025 में भारतीय टीम का पहले ग्रुप मुकाबले में पाकिस्तानी टीम से सामना हुआ, फिर सुपर चार मैच में भी दोनों टीमों की भिड़ंत हुई। अगर समीकरण फिट बैठे तो फाइनल में भी भारत-पाकिस्तान की टक्कर हो सकती है।

रविवार के मैच में हार से पाकिस्तानी टीम की फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है, हालांकि अब भी फाइनल में पहुंचने का मौका बचा है। बाकी दोनों मैच जीतकर वो फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को काफी मजबूत कर सकता है। सुपर-4 में पहुंचने वाली चारों टीमों को 3-3 मुकाबले खेलने हैं। अगर पाकिस्तान अगले दो सुपर-4 के मुकाबले जीत लेता है, तो उसके चार अंक होंगे। यदि वो अंकतालिका में टॉप-2 में रहेगा, तभी फाइनल खेल पाएगा। भारतीय टीम के साथ भी यही स्थिति रहेगी। टीम इंडिया को भी खिताबी मुकाबले में पहुंचने के लिए टॉप 2 में जगह बनानी होगी।

### अब मुकाबला बांग्लादेश से

भारतीय टीम का अगला मुकबला बुधवार को बांग्लादेश से है, जबकि इसके बाद शुक्रवार को वो श्रीलंका से भिड़ेगा। भारत इनमें से सिर्फ एक मैच भी जीतता है, तो भी फाइनल में पहुंच सकता है। हालांकि नेट-रनरेट पर मामला अटक सकता है। यदि भारतीय टीम बाकी के दोनों मैच जीतती है तो उसका फाइनल खेलना पूरी तरह तय रहेगा, तब नेट-रनरेट की चिंता भारतीय टीम को नहीं करनी होगी।

### श्रीलंका से हारा तो बाहर

पाक टीम 23 सितंबर को श्रीलंका से हार जाती है, तो उसका बाहर होना लगभग तय हो जाएगा। बांग्लादेश से जीतकर भी वो अधिकतम 2 अंक तक ही पहुंच पाएगा। श्रीलंकाई टीम को हरा दिया तो फाइनल की संभावनाओं को मजबूत करने के लिए बांग्लादेश के खिलाफ जीत चाहिए होगी।

**शर्मनाक हरकत**

## फैंस ने कोहली के नाम से चिढ़ाया तो भड़क गए हारिस रऊफ



एशिया कप 2025 सुपर-4 के हाई-वोल्टेज मैच में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया। हालांकि, मैदान पर पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ की एक शर्मनाक हरकत चर्चा का विषय बन गई। हारिस रऊफ ने पहले 6-0 का इशारा किया, फिर हाथ से विमान गिरने जैसा जेस्चर किया। भारतीय फैंस इसे बेहद आपत्तिजनक मान रहे हैं, क्योंकि यह जेस्चर कथित रूप से पाकिस्तान के उस दावे से जोड़ा जा रहा है, जिसमें कहा गया था कि उन्होंने सैन्य संघर्ष के दौरान छह भारतीय फाइटर जेट गिराए थे। रऊफ को बाउंड्री पर फील्डिंग करते समय भारतीय दर्शकों की तरफ से विराट कोहली... विराट कोहली के नारे सुनने पड़े। फैंस उन्हें टी20 वर्ल्ड कप 2022 की याद दिला रहे थे, जब कोहली ने रऊफ के ओवर में लगातार दो छक्के जड़कर मैच पलट दिया था। रऊफ ने उकसाने वाले जेस्चर किए, जिससे माहौल और गरम हो गया।

**एक नजर**

## क्विंटन डिकॉक ने संन्यास का फैसला लिया वापस



**केप टाउन** • दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने एक दिवसीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला वापस ले लिया है। चयनकर्ताओं ने उन्हें पाकिस्तान दौरे के लिए एकदिवसीय और टी-20 टीमों में शामिल किया है। वे नामीबिया के साथ एकमात्र टी-20 मैच भी खेलेंगे। डिकॉक ने 2023 के एकदिवसीय विश्व कप के बाद 50 ओवर के क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। दक्षिण अफ्रीका के लिए उनका आखिरी सीमित ओवरों का मैच बारबाडोस में 2024 का टी-20 विश्व कप फाइनल था। हालांकि उन्होंने आधिकारिक तौर पर टी-20 से संन्यास नहीं लिया। वे हाल ही में सीपीएल सहित दुनिया भर की टी-20 लीगों में सक्रिय रहे हैं। वर्तमान मुख्य कोच शुकरी कॉनराड ने डिकॉक के साथ चर्चा की और कहा कि उन्होंने फिर से राष्ट्रीय टीम के लिए प्रतिबद्धता जताई है। पिछले महीने उनके भविष्य के बारे में बात की थी, तो स्पष्ट था कि उनमें देश का प्रतिनिधित्व करने की तीव्र महत्वाकांक्षा है। संन्यास के समय डिकॉक ने संकेत दिया था कि 2027 में दक्षिण अफ्रीका के घरेलू विश्व कप को देखते हुए, उन्हें वापसी के लिए मनाया जा सकता है।

## उसैन बोल्ट भारत में खेलेंगे एग्जीबिशन फुटबॉल मैच



**मुंबई** • उसैन बोल्ट एक अक्टूबर को एक नुमाइशी फुटबॉल मैच के लिए भारत आएंगे। आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता महानतम खिलाड़ियों में से एक बोल्ट महान फुटबॉल खिलाड़ियों, बॉलीवुड हस्तियों और अन्य जाने माने लोगों के साथ फुटबॉल मैच खेलेंगे। बोल्ट बेंगलुरु एफसी और मुंबई सिटी एफसी दोनों के लिए एक-एक हाफ में खेलेंगे। वे 30 सितंबर से शुरू हो रहे प्यूमा के दो दिवसीय जश्न के सिलसिले में यहां आ रहे हैं। फैंस को इस मैच के लिए टिकट खरीदने होंगे। प्यूमा भारत के प्रबंध निदेशक कार्तिक बालागोपालन ने कहा फुटबॉल भारतीय युवाओं में सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है और उसैन बोल्ट को यहां फुटबॉल खेलने के लिए बुलाकर हम इसका जश्न मनाना चाहते हैं। ट्रैक से बाहर भी बोल्ट फुटबॉल के लिए जुनूनी रहे हैं। वे बचपन में अकसर फुटबॉल खेलते थे और मैदान पर अपनी रफ्तार और स्किल दिखाने का सपना देखते थे। एथलेटिक्स से संन्यास लेने के बाद भी उन्होंने इस खेल को गंभीरता से अपनाया, ट्रेनिंग की, ट्रायल और एग्जिबिशन मैच खेले और गोल भी दागे।

### 11 अक्टूबर से मलेशिया में होगा जोहोर कप
## हॉकी जूनियर टीम की कमान रोहित के हाथ में

**नई दिल्ली • एजेंसी**

डिफेंडर रोहित 11 अक्टूबर से मलेशिया में हो रहे सुल्तान जोहोर कप टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करेंगे। उनका लक्ष्य पिछली बार के कांस्य पदक से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। टूर्नामेंट 18 अक्टूबर को खत्म होगा। यह 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी के लिए अहम होगा।

भारत को 11 अक्टूबर को ब्रिटेन से खेलना है, जबकि 12 अक्टूबर को सामना न्यूजीलैंड से होगा। भारत और पाकिस्तान का सामना 14 अक्टूबर को होगा, जबकि ऑस्ट्रेलिया से 15 अक्टूबर को मैच है। राउंड रॉबिन चरण में आखिरी मैच 17 अक्टूबर को मलेशिया से खेलना है। राउंड रॉबिन चरण से शीर्ष दो टीमें 18 अक्टूबर को फाइनल खेलेंगी। भारत के कोच पी आर श्रीजेश ने कहा, टीम सुल्तान जोहोर कप की अच्छी तैयारी कर रही है। हमारे पास अच्छी टीम है और जूनियर विश्व कप को देखते हुए यह तैयारी का अच्छा मौका होगा जिसमें मजबूत टीमों के खिलाफ खुद को आंक सकेंगे।



### टूर्नामेंट में ये रहेंगे भारतीय टीम में

सिंह, प्रिंसदीप सिंह
**डिफेंडर :** रोहित (कप्तान), तालेम प्रियब्रत, अनमोल इक्का, आमिर अली, सुनील पीबी, रवनीत सिंह
**मिडफील्डर :** अंकित पाल, टी इंगेलम्बा लुवांग, अद्रोहित इक्का, अराइजीत सिंह हुंडल, रोशन कुजूर, मनमीत सिंह
**फॉरवर्ड :** अर्शदीप सिंह, सौरभ आनंद कुशवाहा, अजीत यादव, गुरजोत सिंह
**स्टैंडबाय :** विवेक लाकड़ा, शारदानंद तिवारी, टी किंगसन सिंह, रोहित कुल्लू, दिलराज।

## फुटबॉल में भी पाकिस्तान को भारत ने 3-2 से हराया



**नई दिल्ली • एजेंसी**


सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप में भारत ने पाकिस्तान को 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगा, जबकि पाकिस्तान का सामना बांग्लादेश से होगा।

क्रिकेट के मैदान पर टीम इंडिया से करारी मात झेलने के एक दिन बाद फुटबॉल के मैदान पर भी पाकिस्तान को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। सोमवार को कोलंबो में खेले गए सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप मुकाबले में भारत की टीम ने पाकिस्तान अंडर-17 टीम को हरा दिया। दल्लुलमुआन गांगटे, गुनलेइबा वांगकेइराक्पम और रहान अहमद के गोल ने भारत को जीत दिलाई और ग्रुप बी में शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। इस मुकाबले में भी पाक खिलाड़ियों ने भारतीय प्लेयर्स को उकसाने की कोशिश की।

### पाक खिलाड़ी का टी सेलिब्रेशन

गांगटे ने 31वें मिनट में भारत को बढ़त दिलाई, लेकिन 12 मिनट बाद मोहम्मद अब्दुल्ला ने पेनल्टी से गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद कॉर्नर पर जाकर बैठ गए और चाय पीने का इशारा किया। कई लोगों ने कहा यह 2019 की उस घटना से जुड़ा था, जब भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्तमान को पाकिस्तान ने पकड़ लिया था और पूछताछ के दौरान उन्हें चाय पीते दिखाया था।

### पोलार्ड ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड
## 5वीं बार चैंपियन बनीं ट्रिनबागो नाइट राइडर्स




**नई दिल्ली • एजेंसी**

ट्रिनबागो नाइट राइडर्स की टीम गयाना अमेजन वॉरियर्स को शिकस्त देते हुए कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 की चैंपियन बन चुकी है। वहीं, कीरोन पोलार्ड टी-20 फॉर्मेट में 400 या उससे ज्यादा कैच पकड़ने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 का फाइनल मुकाबला 21 सितंबर को ट्रिनबागो नाइट राइडर्स और गयाना अमेजन वॉरियर्स के बीच प्रोविडेंस में खेला गया। ट्रिनबागो की टीम पांचवीं बार कैरेबियन प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम करने में कामयाब रही। टीम ने पहली बार साल 2015 में सीपीएल का खिताब जीता था। इसके बाद साल 2017, 2018, 2020 और अब 2025 में भी ट्रॉफी को अपने हाथ में उठाने में कामयाब हुई है। कीरोन पोलार्ड टी-20 फॉर्मेट में 400 या उससे ज्यादा कैच पकड़ने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। फाइनल मुकाबले में उन्होंने कुल चार कैच पकड़े।

### गयाना ने बनाए 130 रन

गयाना अमेजन वॉरियर्स की टीम 20 ओवरों में आठ विकेट के नुकसान पर 130 रन बनाने में कामयाब हुई थी। छठवें क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए इफ्तिखार अहमद सर्वोच्च स्कोरर रहे, जिन्होंने 27 गेंद में 30 रन की सर्वाधिक पारी खेली। उनके अलावा बेन मैकडरमोट ने पारी का आगाज करते हुए 17 गेंद में 28, जबकि ड्वेन प्रीटोरियस ने सातवें क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए 18 गेंदों में 25 रनों का योगदान दिया।

### 18 ओवर में जीती नाइट राइडर्स

131 रनों के लक्ष्य को ट्रिनबागो नाइट राइडर्स की टीम ने 18 ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर आसानी से हासिल कर लिया। एलेक्स हेल्स ने 26 रन की सर्वाधिक पारी खेली। कॉलिन मुनरो ने 23, सुनील नारायण ने 22, कीरोन पोलार्ड ने 21 और अकील हुसैन ने सात गेंदों में नाबाद 16 रनों का योगदान दिया।

### 4 विकेट खोकर 155 रन का टारगेट हासिल किया
## इंग्लैंड ने 2-0 से सीरीज जीती, आयरलैंड को 6 विकेट से हराया

**डबलिन • एजेंसी**

डबलिन के मलाहाइड में खेले गए दूसरे टी-20 मैच में इंग्लैंड ने आयरलैंड को 6 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-0 से जीत ली। इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज जॉर्डन कॉक्स ने करियर की पहली बड़ी पारी खेलते हुए 35 गेंदों पर 55 रन बनाए और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 154 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने 4 विकेट के नुकसान पर 155 रनों का टारगेट हासिल कर मैच को 6 विकेट से जीत लिया।

23 साल के जॉर्डन कॉक्स के लिए यह मैच खास रहा। पिछले 10 महीने से वे इंग्लैंड टीम में वापसी का इंतजार कर रहे थे। पिछले साल उन्हें सभी फॉर्मेट की टीमों में चुना गया था, लेकिन शुरुआती पांच पारियों में वे सिर्फ 37 रन ही बना पाए और शॉर्ट गेंदों के खिलाफ कमजोर नजर आए। नवंबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू से ठीक पहले नेट प्रैक्टिस के दौरान उनका अंगूठा टूट गया था, जिससे उनका डेब्यू टल गया। इस चोट के बाद उन्होंने खुद को मानसिक रूप से मजबूत करने के लिए मनोवैज्ञानिक की मदद ली। इस सीजन कॉक्स ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। काउंटी चैम्पियनशिप में तीन शतक और टी-20 ब्लास्ट में एक शतक जड़ा। आयरलैंड दौरे के लिए अंतिम समय पर टीम में शामिल किया गया। इस मैच में उन्हें मौका मिला क्योंकि सैम करन अपने दोस्त की शादी में शामिल होने के कारण उपलब्ध नहीं थे।



### कप्तान ने 7 रन बनाए

आयरलैंड की ओर से रॉस अडायर ने 33 रनों की पारी खेली बारिश के कारण मैच की शुरुआत करीब एक घंटे देरी से हुई। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने आयरलैंड का पहला विकेट 30 रन के स्कोर पर गिरा। कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने सिर्फ 7 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उनके सलामी जोड़ीदार रॉस अडायर ने 23 गेंदों में 33 रनों की पारी खेली। वहीं हैरी टैक्टर ने भी बेहद धीमी बल्लेबाजी करते हुए 27 गेंदों में 28 रन ही बनाए। बेंजामिन कैलिट्ज ने अंत में 22 रन तो वहीं गैरेथ डेलानी ने 29 गेंदों में 48 रन बनाए।

### शुरुआत खराब रही

इंग्लिश टीम जब 155 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी तो शुरुआत बेहद खराब रही। विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। दूसरे सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट 29 रन बना कर आउट हो गए। कप्तान जैकब बेथेल ने भी 15 रन ही बनाए। जॉर्डन कॉक्स ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 35 गेंदों में 55 रनों की पारी खेली। वहीं, टॉम बैंटन ने नाबाद 37 रन बनाए। जिसके कारण ही इंग्लिश टीम ने 6 विकेट से मुकाबला जीत लिया। इसी के साथ सीरीज भी 2-0 से इंग्लैंड टीम के नाम हो गई।

## एक नजर

### सुशीला कार्की कैबिनेट के चार मंत्रियों ने ली शपथ



**काठमांडू •** अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की कैबिनेट में शामिल होने के लिए चार नवनियुक्त मंत्रियों ने सोमवार को शपथ ली। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शीतल निवास में एक विशेष समारोह में इन्हें शपथ दिलाई। पूर्व न्यायाधीश अनिल कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय आविष्कार केंद्र के संस्थापक महावीर पुन, पत्रकार जगदीश खरेल और कृषि विशेषज्ञ मदन परियार ने मंत्री पद की शपथ ली। सिन्हा ने उद्योग, कानून और भूमि व्यवस्था मंत्री, पुन ने शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री, खरेल ने संचार और सूचना मंत्री तथा परियार ने कृषि मंत्री के रूप में शपथ ली। स्वास्थ्य मंत्री बनने के लिए अतिरिक्त स्वास्थ्य सचिव के पद से इस्तीफा देने वाली डॉ. संगीता मिश्रा को लेकर विवाद होने के बाद उनका नाम अंतिम समय में शपथग्रहण की सूची से हटा दिया गया। प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने रविवार को राष्ट्रपति पौडेल से डॉ. मिश्रा को स्वास्थ्य मंत्रालय का कार्यभार सौंपने की सिफारिश की थी।

### पत्नी को महिला साबित करने के सबूत पेश करेंगे मैक्रों



**वाशिंगटन •** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों अपनी पत्नी ब्रिगिट मैक्रों को महिला साबित करने वाले वैज्ञानिक सबूत और तस्वीरें पेश करेंगे। ब्रिगिट को जन्म से पुरुष होने का दावा करने वाले अमेरिकी दक्षिणपंथी प्रभावशाली व्यक्ति कैंडेस ओवेंस के खिलाफ मैक्रों और उनकी पत्नी ने अमेरिकी राज्य डेलावेयर में मानहानि का मुकदमा दायर किया है। कोर्ट में इस मुकदमे की पैरवी करने वाले मैक्रों के वकील टॉम क्लेयर ने यह जानकारी दी। क्लेयर ने बताया कि मैक्रों ने कैंडेस ओवेंस के खिलाफ इस मामले में गवाही देने की योजना बनाई है जिन पर याचिकाकर्ता ने अपनी पत्नी के "ट्रांसजेंडर' होने के बारे में ऑनलाइन अफवाहों को फैलाने में मदद करने का आरोप लगाया है। क्लेयर कहा, विशेषज्ञों की गवाही सामने आएगी जो वैज्ञानिक तरीके से होगी। यह बयानों की झूठी बातों को भी उजागर करेगी।

### परमाणु हथियार की जिद बंद करें तो चर्चा को तैयार : किम



**सियोल •** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने साफ किया है कि अगर अमेरिका उनके देश से परमाणु हथियार छोड़ने की मांग बंद कर दे तो वह उसके के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। मीडिया रिपोर्ट में के मुताबिक उन ने कहा यदि अमेरिका हमसे परमाणु अप्रसार की बात नहीं करता और सच्चाई को स्वीकार कर शांतिपूणर्ण सह अस्तित्व चाहता है तो हमारे पास अमेरिका के साथ बातचीत नहीं करने का कोई कारण नहीं रह जाता है। उन ने रविवार को सुप्रीम पीपुल्स असेंबली में अपने भाषण में कहा कि परमाणु हथिथार उनके देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने से जुड़े हैं जो अमेरिका और दक्षिण कोरिया से गंभीर खतरे का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा, "यह हमारे देश के लिए अस्तित्व का मामला है कि हम परमाणु हथिथार बनाए तांकि अमेरिका और दक्षिण कोरिया के गंभीर खतरों से हम निपट सकें। किम ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान उनसे हुई अपनी मुलाकात को अच्छी यादें बताते हुए कहा, व्यक्तिगत रूप से मैं अभी भी अमेरिका के राष्ट्रपति को अच्छे तौर पर ही याद करता हूं।

---

**खैबर पख्तूनख्वा में महिलाओं-बच्चों समेत 30 की मौत... सेना बोली- बम बना रहा था टीटीपी**

# पाक एयरफोर्स ने अपने ही लोगों पर दागे बम

**इस्लामाबाद • एजेंसी**

पाकिस्तानी वायुसेना ने सोमवार रात दो बजे अपने ही देशवासियों पर चीन के जे-17 विमानों से आठ लेजर-गाइडेड बम गिराए। पाकिस्तानी वायुसेना ने यह हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के तिराह घाटी के एक गांव पर किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हवाई हमले में करीब 30 लोग मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। सेना का कहना है कि इन हमलों का टारगेट तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का बम बनाने वाला ठिकाना था।

लोकल पुलिस ने मीडिया को बताया कि टीटीपी के दो कमांडर, अमान गुल और मसूद खान बम बनाकर मस्जिदों में छिपा रहे थे। इस हमले से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, लेकिन उनकी पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं, इलाके के लोगों का कहना है कि सरकार और सेना सही जानकारी के बिना हमले कर रही है, जिससे आम लोग मर रहे हैं। जून में एक ड्रोन हमले में बच्चे की मौत के बाद एमनेस्टी इंटरनेशनल ने पाकिस्तान सरकार की आलोचना की थी। मार्च में भी खैबर के कटलांग में 10 नागरिक मारे गए थे।

#### मानवाधिकार आयोग भड़का : जिम्मेदारों को सजा मिले

इस घटना को लेकर मानवाधिकार आयोग ने जांच की मांग की है। आयोग ने कहा महिलाओं और बच्चों को जीवन जीने का अधिकार है। ऐसे में उनकी निर्मम हत्या किया जाना बेहद क्रूर है और इसकी न्यायिक जांच करके जिम्मेदार लोगों को सजा दी जाए। सरकार की यह जिम्मेदारी है कि आम लोगों के जीवन की रक्षा हो। पाकिस्तान की विपक्षी पार्टी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ ने भी इस घटना को लेकर हमला बोला है। पीटीआई का कहना है कि ये हमले आम लोगों के घरों पर हुए हैं। आसमान से बम गिराए गए, जिसमें मकान नेस्तनाबूद हो गए। इसमें महिलाएं और बच्चे तक मारे गए।

#### ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स में पाकिस्तान दूसरे नंबर पर

ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2025 के मुताबिक, पाकिस्तान दुनिया का दूसरा सबसे आतंक प्रभावित देश बन चुका है, जबकि 2024 में यह चौथे स्थान पर था।

**90** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई टीटीपी के हमलों में

**60** प्रतिशत बढ़ोतरी हुई बीएलए के हमलों में



#### 2022 से टीटीपी ने पाकिस्तान पर हमले तेज किए

पाकिस्तान अक्सर आरोप लगाता है कि पाकिस्तानी तालिबान अफगानिस्तान के जमीन का इस्तेमाल करके उस पर आतंकी हमले करता है। हालांकि पाकिस्तान के इन आरोपों को अफगानिस्तान ने खारिज करता रहा है। अफगानिस्तान में 2021 के तालिबान की वापसी के साथ ही पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) मजबूत हुआ है। टीटीपी ने नवंबर 2022 में पाकिस्तान के साथ सीजफायर को एकतरफा तौर पर खत्म कर दिया था। इसके बाद उसने पाकिस्तान पर हमले तेज कर दिए हैं।

---

### स्टिल्ट वॉकिंग कॉम्पीटिशन का जलवा...





बेल्जियम के नामुर में प्लेस सेंट-ऑबेन में वालोनिया महोत्सव में आयोजित गोल्डन स्टिल्ट टूर्नामेंट में प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए। यह एक स्टिल्ट वॉकिंग प्रतियोगिता है जो काफी प्रसिद्ध है। नामुर में होने वाली स्टिल्ट वॉकिंग प्रतियोगिता को यूनेस्को की विरासत सूची में शामिल किया जाएगा।

---

**खालिस्तानी आतंकी की करतूत**

## पन्नू ने दी दिवाली पर अयोध्या में अंधेरा कराने की धमकी

**अमृतसर • एजेंसी**

खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने धमकी दी कि पंजाब में वही रहेगा, जो दिवाली नहीं मनाएगा और केवल बंदी छोड़ दिवस पर दीपमाला करेगा। इस साल दिवाली पर जब अयोध्या में लाखों दीए जलाए जाएंगे, तो वह वहां अंधेरा करवाएगा।

संगठन के सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक वीडियो जारी करके कहा कि 19 अक्टूबर तक प्रवासी पंजाब छोड़ दें, वरना उन्हें गंभीर नतीजे भुगतने पड़ेंगे। पन्नू ने अपनी वीडियो में बटाला रेलवे स्टेशन के शॉट्स शेयर किए हैं और दावा किया है कि वहां खालिस्तानी नारे लिखे गए। उसने कहा कि ये नारे स्टेशन के बोर्ड और इलेक्ट्रिसिटी बॉक्स पर लिखे गए हैं। पन्नू ने साथ ही अचलेश्वर धाम मंदिर का भी जिक्र किया।



**डीजीपी और सीएम को भी धमकी दी |** पन्नू ने वीडियो में पंजाब के डीजीपी गौरव यादव और मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी निशाने पर लिया। उसने आरोप लगाया कि डीजीपी यादव हिंदू आतंकवाद फैलाने वालों का साथ दे रहे हैं। वहीं सीएम मान को चेतावनी दी कि उनकी पार्टी को वह उसी तरह बिखेर देगा, जैसे कांग्रेस और बीजेपी का पंजाब में हाल किया गया है।


#### प्रवासियों और हिंदुत्व का मुद्दा उठाया

अपने संदेश में पन्नू ने कहा कि खासकर वे पंजाबी राज्य छोड़ें, जो हिंदुत्व आतंक फैलाने का काम कर रहे हैं। उसने साफ चेतावनी दी कि अल्टीमेटम न मानने पर गंभीर नतीजे भुगतने पड़ सकते हैं, हालांकि उसने ये स्पष्ट नहीं किया कि वह किस तरह की कार्रवाई करेगा।

---

**लंबे विवाद के बाद फिर साथ दिखे**

# ट्रंप ने मस्क से हाथ मिलाया



**न्यूयॉर्क • एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अरबपति एलन मस्क लंबे विवाद के बाद पहली बार साथ नजर आए। दोनों ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया और बातें कीं। यह मुलाकात एरिजोना के ग्लेनडेल में आयोजित एक कार्यक्रम में हुई।

यहां हजारों लोग दक्षिणपंथी एक्टिविस्ट चार्ली कर्क को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। इसके बाद दोनों के बीच फिर से सुलह को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। मस्क ने ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव में 270 मिलियन डॉलर से ज्यादा का चंदा दिया था और बाद में वे उनके सलाहकार भी बने। ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में मस्क ने डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) का नेतृत्व किया था। इसके तहत बड़ी संख्या में सरकारी नौकरियां खत्म की गईं।

हालांकि बाद में दोनों के रिश्ते बिगड़ गए। मस्क ने मई में ट्रम्प के टैक्स और खर्च बिल को पागलपन और विनाशकारी बताया। इसके बाद सोशल मीडिया पर दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ। मस्क ने ट्रम्प पर एप्स्टीन फाइल्स में नाम आने का भी आरोप लगाया था। वहीं ट्रम्प ने जुलाई में कहा था कि वे मस्क को देश से बाहर भेजने पर विचार करेंगे। तनाव के बाद मस्क ने अपनी अलग अमेरिका फर्स्ट पार्टी बनाने का ऐलान किया था।

**चार्ली किर्क के 'याद' कार्यक्रम में पत्नी बोलीं-**

### मैं हत्यारे को माफ करती हूं...

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मारे गए दक्षिणपंथी कार्यकर्ता चार्ली किर्क को अमेरिका की आजादी का शहीद घोषित कर दिया है। वहीं किर्क की पत्नी ने पति के हत्यारे को माफ कर दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को किर्क की याद में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा है कि किर्क लोगों के दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे। उन्होंने कहा, वह अमेरिका की आजादी के लिए जान देने वाले शहीद हैं। उन्होंने बहुत मेहनत की। उन्होंने ही मुझे भी पूरे देश में जाने की सलाह दी थी। सरकारी वकील का कहना है कि वह टाइलर के लिए मौत की सजा की मांग करेंगे। वहीं हत्या के पीछे का मकसद अब भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। राजनीतिक गलियारों में यही कहा जा रहा है कि किर्क वामपंथियों के लिए रोड़ा बन गए थे।

---

**यूएई ने विजिट वीजा पर पूरी तरह से लगाया प्रतिबंध**

## नेपाल के लिए मलेशिया, सऊदी अरब और कतर ने वीजा पर की सख्ती



**काठमांडू • एजेंसी**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बाद अब नेपाली नागरिकों के लिए मलेशिया, सउदी अरब और कतर ने वीजा देने की प्रक्रिया को कड़ा करना शुरू कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने खाड़ी देशों के दूतावासों के साथ मंगलवार को एक बैठक बुलाई है, जिसमें ताजा घटनाक्रम पर चर्चा होगी।

नेपाल विदेशी रोजगार उद्यमी संघ के सचिव कुंचदोरजे डिमडोंग ने कहा कि नेपाल में जेन-जी आंदोलन के बाद उत्पन्न स्थिति को देखते हुए यूएई ने 15 सितंबर से यात्रा और कार्य वीजा को सख्त कर दिया है। अब मलेशिया, सऊदी अरब, कतर और अन्य खाड़ी देशों ने भी वीजा जारी करने की प्रक्रिया को सख्त करना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि खाड़ी देश पिछले दो-तीन दिनों से तरह-तरह के दस्तावेज मांग रहे हैं। डिमडोंग ने कहा कि पुराने पुलिस रिपोर्ट को अमान्य करते हुए फिर से पुलिस रिपोर्ट मांगी जा रही है। इस कारण से कई वीजा आवेदन को रद्द तक कर दिया गया है। यूएई ने विजिट वीज़ा पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है और वर्क वीज़ा को भी कड़ा कर दिया है। ऐसा कहा जा रहा है कि यूएई ने वीज़ा को इस डर से कड़ा किया है कि जेन-जी विद्रोह के बाद जेल से भागे कैदी उनके देश में घुस सकते हैं। हालांकि, यूएई ने इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है।

यह भी कहा जा रहा है कि यूएई ने आंतरिक प्रबंधन कारणों का हवाला देते हुए विजिट वीज़ा पर प्रतिबंध लगाया है और वर्किंग वीजा को कड़ा किया है। इसके साथ ही यूएई के कारोबारियों ने नेपाली कारोबारियों को बताया है कि सुरक्षा चुनौतियों के कारण भी यह प्रतिबंध लगाया गया है।

---

**आदेश न मानने पर दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी**

# अफगानिस्तान में तालिबानी फरमान- बेटियों को स्कूल नहीं, सिर्फ मदरसे भेजो

**काबुल • एजेंसी**

अफगानिस्तान में जब से तालिबान ने सत्ता संभाली तब से महिलाओं पर काफी पाबंदी लगाई है जिसमें लड़कियों के लिए उच्च शिक्षा पर रोक शामिल है। ब्रिटिश अखबार द गार्डियन और जान टाइम्स की संयुक्त जांच में खुलासा हुआ है कि तालिबान ने लड़कियों के स्कूल जाने पर रोक लगा दी है और उन्हें सिर्फ मदरसे में शिक्षा लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है। मदरसे आने के लिए उन्हें हर महीने 1,000 अफगानी (1,280 रुपए) की आर्थिक मदद भी मिलती है, जो उनके लिए जरूरी है।

रिपोर्ट में बताया गया कि सुनियोजित तरीके से लड़कियों और महिलाओं को स्कूलों से दूर कर उन्हें केवल और केवल इस्लाम की शिक्षा के लिए मजबूर कर रहा है। चार साल पहले तालिबान ने महिलाओं और लड़कियों को माध्यमिक और उच्च शिक्षा से बाहर कर दिया था। और अब पूरे देश में बड़े पैमाने पर मदरसों का नेटवर्क खड़ा कर दिया है।

#### 5 माह में 50 नए मदरसे

रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले साल के अंत तक अफगानिस्तान में 21,000 से ज्यादा मदरसे थे। सिर्फ सितंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच, तालिबान ने 11 प्रांतों में 50 नए मदरसे बनाए या उनकी नींव रखी। ये मदरसे मस्जिदों या मौलवियों के घरों में होते हैं। इसके बदले तालिबान का शिक्षा मंत्रालय उन्हें सैलरी देता है। स्टाफ की कमी पूरी करने के लिए, मंत्रालय ने 21,300 पूर्व मदरसा छात्रों को टीचिंग सर्टिफिकेट जारी किए।

#### परिवारों पर मदरसे भेजने का दबाव और मजबूरी



अफगानिस्तान के जो परिवार अपनी बेटियों को प्राइमरी के बाद आगे पढ़ाना चाहते हैं, लड़कियों के लिए माध्यमिक शिक्षा बंद होने के बाद से उनके पास कोई विकल्प नहीं बचा है। कई बार स्थानीय मौलवी बच्चों, खासकर बेटियों को धार्मिक स्कूल भेजने के लिए परिवारों पर दबाव डालते हैं और उन्हें आर्थिक मदद का लालच देते हैं। निमरोज प्रांत की करीमा बताती हैं कि उन्होंने अपनी दो बेटियों को स्थानीय मौलवी के कहने पर स्कूल भेजना बंद कर दिया और मदरसे भेजने लगीं।

#### मौलवी बनाते हैं दबाव

मौलवियों के दबाव की वजह से अफगानिस्तान की सामाजिक मान्यताएं बदल रही। जो परिवार मौलवियों या मदरसों का विरोध करते हैं, उन्हें समाज से अलग-थलग कर दिया है और कई बार उन्हें भुखमरी का सामना करना पड़ता है। लेकिन जो परिवार अपनी बेटियों को मदरसे भेजने को राजी हो जाते हैं, उनकी बेटियां घर लौटकर अपने माता-पिता को ही काफिर कहने लगती हैं। यहां तक कि अफगानिस्तान में उन परिवारों को ही नौकरी दी जा रही है, जिनकी बेटियां मदरसों में जाती हैं।

#### अफगानिस्तान में बंद होते स्कूल

मदरसों पर जोर से अफगानिस्तान में बचे-खुचे स्कूलों में बच्चों की संख्या में तेजी से गिरावट आ रही है। निमरोज की एक शिक्षिका बताती हैं, पहले हर कक्षा में 40 छात्र होते थे और चार सेक्शन चलते थे। अब तीन सेक्शन हैं और हर सेक्शन में सिर्फ 20-25 छात्र हैं। इस साल मेरे 57 स्टूडेंट्स चले गए। वो बताती हैं कि कई छात्राएं सुबह मदरसे में जाती हैं और दोपहर को सामान्य स्कूल आती हैं। लेकिन धीरे-धीरे दबाव इतना बढ़ जाता है कि वे पूरी तरह से सामान्य शिक्षा छोड़ देती हैं।

## बिहार... गड्ढे में समा गई कार...



बिहार की राजधानी पटना में एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है, जहां एक महिला ड्राइवर ने अपनी एसयूवी के गड्ढे में गिरने के बाद इसे 'सरकार को बदनाम करने की साजिश' करार दिया। यह घटना तब हुई जब पांच यात्रियों को ले जा रही एक काली स्कॉर्पियो कार पटना रेलवे स्टेशन के पास पानी से भरे एक बड़े गड्ढे में जा गिरी। यह घटना तुरंत सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। यह दुर्घटना एक ऐसी सड़क पर हुई जो लंबे समय से टूटी-फूटी थी और जिसकी मरम्मत की उपेक्षा की गई थी। भागलपुर निवासी महिला चालक ने इस घटना के लिए बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने यह गड्ढा 20 दिनों से खुला छोड़ रखा था और यात्रियों को सचेत करने के लिए कोई बैरिकेड भी नहीं लगाया गया था।

### दुश्मन देशों से बढ़ते खतरे को कम करना

# भारत बनाएगा बॉडीगार्ड सैटेलाइट, अंतरिक्ष में संदिग्ध से होगी सुरक्षा

**नई दिल्ली • एजेंसी**

अंतरिक्ष में बढ़ते खतरे और दुश्मन देशों की सैटेलाइट गतिविधियों को देखते हुए भारत सरकार अपने उपग्रहों की सुरक्षा मजबूत करने की योजना बना रही है।

मोदी सरकार अब ऐसे खास 'बॉडीगार्ड सैटेलाइट' बनाने की तैयारी कर रही है, जो अंतरिक्ष में भारतीय सैटेलाइट की सुरक्षा करेंगे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि का तुरंत जवाब देंगे। ब्लूमबर्ग के सूत्रों के अनुसार, इस तैयारी को तेजी तब मिली जब 2024 के बीच एक पड़ोसी देश का सैटेलाइट इसरो के सैटेलाइट के सिर्फ एक किलोमीटर पास से गुजरा था।

रिपोर्ट के मुताबिक यह सैटेलाइट 500-600 किलोमीटर की ऊंचाई पर था और मैपिंग और जमीन की निगरानी जैसे सैन्य काम कर रहा था। यह घटना जानकारों के अनुसार दूसरे देश की ताकत दिखाने की कोशिश हो सकती है। सरकार अब स्टार्टअप्स के साथ मिलकर एलआईडीएआर सैटेलाइट और ग्राउंड-बेस्ड रडार जैसे सिस्टम पर काम कर रही है, जिससे खतरों को समय रहते पहचान कर सैटेलाइट को सुरक्षित पोजिशन पर भेजा जा सके। एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने जून में सर्विलांस एंड इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स इंडिया सेमिनार चेतावनी दी थी।



### 4 साल में 52 स्पेशल डिफेंस सैटेलाइट लॉन्च किए जाएंगे

सरकार ने तय किया है कि 2029 तक 52 स्पेशल डिफेंस सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे, ये सभी सैटेलाइट अंतरिक्ष में भारत की आंख बनेंगे और पाकिस्तान-चीन बॉर्डर पर लगातार नजर रखेंगे। सैटेलाइट्स एआई बेस्ड होंगे। 36 हजार किमी. ऊंचाई पर ये आपस में कम्युनिकेट कर सकेंगे। इससे पृथ्वी तक सिग्नल भेजने, मैसेज-तस्वीरें भेजने में आसानी होगी। यह पूरा अभियान रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी के तहत चलाया जा रहा है और इसके लिए सरकार ने स्पेस-बेस्ड सर्विलांस फेज-3' (SBS-3) योजना बनाई है। इसके लिए ₹26,968 करोड़ का बजट है। इसे अक्टूबर 2024 में कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने मंजूरी दी थी।

## एक नजर

### एआई से 28 प्रतिशत महिलाओं की नौकरी जाने का खतरा




**न्यूयॉर्क •** आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआई को लेकर हाल ही में संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में हैरानी भरे दावे किए गए हैं। रिपोर्ट में कुछ बड़ी चेतावनियां भी दी गई हैं। जेंडर स्नैपशॉट 2025 नाम की इस रिपोर्ट में चेताया गया है कि आने वाले समय में एआई की वजह से पुरुषों की तुलना में महिलाओं की नौकरी को ज्यादा खतरा हो सकता है। वैश्विक स्तर पर महिलाओं की करीब 28 प्रतिशत नौकरियां एआई से प्रभावित हो सकती हैं। एआई की वजह से पुरुषों की लगभग 21 प्रतिशत नौकरियों को खतरा है। रिपोर्ट में कहा नौकरी की प्रवृत्तियों और डिजिटल स्किल्स में अंतर होने की वजह से मौजूदा बदलाव महिलाओं पर असमान प्रभाव डाल सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक वैश्विक स्तर पर महिलाओं की 27.6 प्रतिशत नौकरियां संभावित रूप से जनरेटिव एआई के संपर्क में हैं, वहीं पुरुषों की 21.1 प्रतिशत नौकरियां इस खतरे से जूझ रही हैं। रिपोर्ट में लगभग 65 मिलियन महिलाओं की नौकरियों को जोखिम में जोखिम में बताया गया है।

### प्राइवेट अस्पताल के आईसीयू में भर्ती महिला से छेड़छाड़



**कैथल •** हरियाणा के कैथल में प्राइवेट अस्पताल में आईसीयू में भर्ती एक महिला के साथ ड्यूटी पर तैनात एक स्टाफ ने छेड़खानी की है। युवक ने कथित तौर पर महिला के प्राइवेट पार्ट्स को टच किया। इससे पहले 9 महीने की प्रेगनेंट महिला को डिलीवरी के लिए अस्पताल लाया गया था। घटना के बाद महिला ने परिवारवालों को स्टाफ की करतूत के बारे में बताया जिसकी सूचना बाद में अस्पताल प्रशासन और पुलिस को इसकी दी गई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने महिला के परिजनों की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। छेड़छाड़ की शिकार हुई महिला को उसके परिजन डिलीवरी के लिए सिग्नस अस्पताल लाए थे। महिला के पति ने बताया कि पत्नी 9 महीने से गर्भवती थी। रविवार को उसे प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। शाम साढ़े 5 बजे वे उसे कैथल के सिग्नस अस्पताल लेकर पहुंचे। शाम साढ़े 6 बजे पत्नी ने एक बच्ची को जन्म दिया था। हालांकि कुछ देर बाद ही बच्ची की मौत हो गई।

### शौर्य और साहस...ऑपरेशन सिंदूर पर मोरक्को में राजनाथ सिंह बोले

# 'हमने धर्म नहीं... उनके कर्मों को देखकर मारा'

**रबात • एजेंसी**

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मोरक्को की राजधानी रबात में भारतीय समुदाय के लोगों से बातचीत करते हुए भारत की धर्मनिरपेक्षता और आतंकवाद के खिलाफ जवाबी कार्रवाई पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत ने आतंकवादियों के हमले का जवाब देते वक्त किसी के धर्म को नहीं, बल्कि उनके कर्मों को देखकर कार्रवाई की। उन्होंने ये भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के रुख पर निर्भर करता है, वह अगर आतंकी गतिविधि करेगा तो हम जवाब देंगे।

सिंह ने पहलगाम आतंकी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बीच का अंतर भी बताया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने नागरिकों को उनके धर्म के आधार पर मारा था, जबकि भारत ने अपनी कार्रवाई में आतंकवादियों को उनके कर्मों के आधार पर निशाना बनाया। भारत की ये कार्रवाई सटीक थी।



### हमने सिर्फ आतंकियों को निशाना बनाया

रक्षा मंत्री ने जोर दिया कि भारत ने केवल उन्हीं लोगों और संगठनों को निशाना बनाया जो हमले के लिए जिम्मेदार थे। हमने किसी भी नागरिक या सैन्य प्रतिष्ठान पर हमला नहीं किया। उन्होंने कहा कि केवल भारत ही इस तरह का चरित्र रख सकता है, जहां आतंकवादियों से मुकाबला करने के बावजूद मानवीय मूल्यों का ध्यान रखा जाता है। हम चाहते तो किसी भी सैन्य या नागरिक प्रतिष्ठान पर हमला कर सकते थे, लेकिन हमने ऐसा नहीं किया।

### पाकिस्तान ने की सीजफायर की अपील : रक्षा मंत्री

उन्होंने कहा कि भारत में सभी धर्मों के लोगों को अपना धर्म मानने की पूरी स्वतंत्रता है और हम इसका सम्मान करते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पाकिस्तान ने भारत से सीजफायर की अपील की और हम ने उसे स्वीकार कर लिया। उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुए जैश-ए मोहम्मद का एक शीर्ष आतंकी के बयान का भी जिक्र किया, जिसमें आतंकी दावा कर रहा था कि भारत ने मसूद अजहर के परिवार को तबाह कर दिया।

### मानहानि अपराध की श्रेणी से बाहर की जाए

# मीडिया संस्थान पर गलत रिपोर्टिंग के लिए किया था केस, नोटिस

**नई दिल्ली • एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अब समय आ गया है कि मानहानि को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जाए। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच पूर्व जेएनयू प्रोफेसर अमिता सिंह की ओर से 2016 में एक मीडिया संस्थान के खिलाफ दाखिल मानहानि मामले की सुनवाई कर रही थी।

मीडिया संस्थान की रिपोर्ट में दावा किया था कि प्रोफेसर अमिता सिंह ने एक डॉजियर (दस्तावेज) तैयार किया था, जिसमें जेएनयू को अश्लील गतिविधियों और आतंकवाद का अड्डा बताया गया। अमिता सिंह का आरोप है कि रिपोर्टर और संपादक ने बिना सत्यता जांचे यह खबर प्रकाशित की, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा।

सुनवाई के दौरान जस्टिस सुंदरेश के आदेश पर वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट से सहमति जताते हुए कहा कि राहुल गांधी का मामला भी इसी तरह विचाराधीन है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने प्रोफेसर अमिता सिंह को नोटिस भेजा।



### 2017 में पहली बार मीडिया संस्था को समन भेजा गया था

2017 में दिल्ली की एक मेट्रोपॉलिटन अदालत ने ने मीडिया संस्थान के एडिटर और डिप्टी एडिटर को मानहानि मामले में समन भेजा था। 2023 में दिल्ली हाईकोर्ट ने यह समन रद्द कर दिया। लेकिन 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का फैसला पलटते हुए केस को दोबारा मजिस्ट्रेट कोर्ट में भेज दिया। इसके बाद मई 2025 में हाईकोर्ट ने फिर से समन को सही ठहराया। इसके खिलाफ मीडिया संस्थान और डिप्टी एडिटर ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। याचिका में कहा गया, अब नया कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) लागू है। इसके सेक्शन 223 के अनुसार केस की सुनवाई शुरुआती स्तर पर ही होनी चाहिए।

# विमान के लैंडिंग गियर में छिपकर काबुल से दिल्ली पहुंचा नाबालिग

**नई दिल्ली • एजेंसी**

अफगानिस्तान से नई दिल्ली आ रहे विमान के लैंडिंग गियर के अंदर छिपकर एक 13 साल का अफगानी नाबालिग दिल्ली पहुंचने में कामयाब रहा। केएमएम एयरलाइंस का विमान आरक्यू-4410 रविवार को नई दिल्ली में लैंड हुआ। जिसके सेंट्रल लैंडिंग गियर बॉक्स में बच्चा छिपकर यहां पहुंचा। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि नाबालिग को रविवार को ही वापस अफगानिस्तान वापस भेज दिया गया। केएएम एयरलाइंस के अधिकारियों ने लड़के को विमान के आस-पास घूमते देखा था और लैंडिंग के समय से लगभग आधे घंटे बाद सुरक्षा अधिकारियों को इसकी सूचना दी। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के एक अधिकारी ने बताया पूछताछ करने पर पता चला कि लड़का विमान के सेंट्रल लैंडिंग गियर डिब्बे में छिपकर यात्रा कर रहा था। लड़के की पहचान अफगानिस्तान के कुंदुज शहर के निवासी के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि एयरलाइन सुरक्षा और इंजीनियरिंग कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा जांच की गई, जिसके दौरान पीछे के लैंडिंग गियर क्षेत्र में एक छोटा लाल रंग का स्पीकर पाया गया।



## फिलिपीन में भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़कों पर उतरे युवा

फिलिपीन में फर्जी बाढ़ नियंत्रण परियोजना से जुड़े घोटाले के विरोध में राजधानी मनीला में सैकड़ों युवा सड़कों पर उतर आए और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। पुलिस का कहना है कि उन्होंने प्रदर्शनकारियों के साथ हुई झड़पों के दौरान 200 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है।



### सभी मंत्रालयों और विभागों को वित्त मंत्रालय का निर्देश

# सरकार का आदेश : दिवाली पर गिफ्ट देना गैरजरूरी खर्चा, इसे बंद करें

**नई दिल्ली • एजेंसी**

मंत्रालयों में दिवाली पर गिफ्ट देने को केंद्र सरकार ने गैर जरूरी खर्च मानते हुए इस पर रोक लगाने के निर्देश दिए है। केंद्र सरकार ने सभी मंत्रालयों और विभागों से अब दीपावली गिफ्ट या इससे संबंधित आइटम पर कोई खर्च नहीं करने के लिए कहा है।

वित्त मंत्रालय ने कैबिनेट सचिव के साथ ही सभी मंत्रालयों और विभागों के वित्तीय सलाहकार और वित्तीय सेवाओं के सेक्रेटरी, पब्लिक एंटरप्राइजेज के सेक्रेटरी को इससे संबंधित पत्र भेजा है। इस पत्र में दीपावली और अन्य त्योहार पर गिफ्ट को गैरजरूरी खर्च बताते हुए इस परंपरा को बंद करने के लिए कहा गया।

जॉइंट सेक्रेटरी पीके सिंह की ओर से भेजे गए पत्र में यह भी उल्लेख है कि ये सेक्रेटरी (एक्सपेंडिचर) के अप्रूवल से जारी किया गया है। इसमें आदेश के तत्काल प्रभाव से लागू होने की बात कही गई है। यह आदेश भारत सरकार के आर्थिक सलाहकार की ओर से जारी उस आदेश के बाद आया है, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की ओर से किसी भी त्योहार पर गिफ्ट का लेन-देन बंद करने के लिए कहा गया था।

### आदेश का होने लगा विरोध

इस बाबत नेशनल मिशन फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम भारत' के अध्यक्ष डॉ. मंजीत सिंह पटेल का कहना है कि वित्त मंत्रालय का ये निर्देश ठीक नहीं है। केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में काम करने वाले कर्मचारियों को अगर दीवाली या दूसरे त्योहार पर गिफ्ट मिल जाता है तो इसमें क्या हर्ज है। यह एक बहुत छोटा सा टोकन होता है, लेकिन इसकी वैल्यू बड़ी होती है। कर्मचारी यह सोचता है कि उसके काम का सम्मान हो रहा है। उस छोटे से गिफ्ट से वह कर्मचारी दोगुने उत्साह से काम करता है।



### आर्थिक सलाहकार भी जारी कर चुके हैं आदेश

भारत सरकार के आर्थिक सलाहकार डॉक्टर सुमंत्र पाल ने ऐसा ही आदेश सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए भी जारी किया था। डॉक्टर पाल ने 17 सितंबर को जारी आदेश में लोक उद्यम विभाग से दीपावली और अन्य त्योहार पर सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की ओर से गिफ्ट देने की परंपरा पर रोक लगाने के लिए कहा था। भारत सरकार के आर्थिक सलाहकार ने अपने आदेश में कहा था कि गिफ्ट देने की परंपरा से सरकार का खर्च बढ़ता है। पब्लिक रिसोर्स का उपयोग न्यायपूर्ण तरीके से हो, इसके लिए यह कदम उठाना जरूरी है। उन्होंने किसी भी त्योहार पर गिफ्ट के लेन-देन को रोकने के लिए कहा था। आर्थिक सलाहकार ने इस निर्देश का पालन सुनिश्चित करने के लिए भी कहा था।

# विमान में कॉकपिट डोर खोलने की कोशिश

**वाराणसी • एजेंसी**

बेंगलुरु से वाराणसी आ रही एअर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में एक यात्री ने कॉकपिट का दरवाजा खोलने की कोशिश की। उसने दरवाजे में पासकोड डालने की कोशिश भी की, लेकिन कैप्टन ने हाईजैक के डर से दरवाजा नहीं खोला। केबिन क्रू ने उसे रोकने की कोशिश की, तो उसके साथ के लोग भी उठकर आ गए।

एयरलाइंस कर्मियों ने उन्हें फटकार लगाते हुए सीट पर बैठाया। विमान के कैप्टन ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को इसकी जानकारी दी। एटीसी ने एयरपोर्ट अथॉरिटी को बताया। विमान के वाराणसी में लैंड होते ही सीआईएसएफ ने आरोपी और उसके 8 साथियों को हिरासत में ले लिया। वाराणसी पुलिस ने बताया कि सभी बेंगलुरु के निवासी हैं। बाबतपुर चौकी में उनसे पूछताछ की जा रही है। सभी के मोबाइल और कॉल डिटेल चेक किए जा रहे हैं। लोकल पुलिस के जरिए एड्रेस वेरिफिकेशन भी कराया जा रहा है।

स्वामी डीपीपी कॉर्प प्रायवेट लिमिटेड के लिए **मुद्रक/प्रकाशक अनंत बिल्लोरे** द्वारा, अपनी दुनिया प्रिंटर्स, 13 प्रेस कॉम्प्लेक्स, ए.बी. रोड, जिला- इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं जी-7, सीएम-1, बसंत विहार, जिला- इंदौर (म.प्र.)- 452010 से प्रकाशित।
**संपादक : अनंत बिल्लोरे** । आरएनआई नं. MPHIN/2023/89475, (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए संपादक जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा।